CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFP User: cci Time: 02-05-2026 22:54 Color:

महानगर > मुंबई > शुक्रवार, 6 फरवरी 2026 > माघ 17 शक 1947 फाल्गुन कृष्ण पंचमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 31 > मूल्य ₹6.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

भारत Vs इंग्लैंड
U-19 वर्ल्ड कप फाइनल आज
1:00 PM (जिंबाब्वे) में जियो हॉटस्टार, स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर
▶p10

कांग्रेस ने रची प्रधानमंत्री पर हमला करने की साजिश: निरुपम
▶p4



खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 2,3,9,10

अंतर्ज्ञान

समय के पीछे भागना मतलब खो जाना। समय का सम्मान करना मतलब समझना कि जो क्षण अभी है, वही सबसे सत्य है। हम जितना भागते हैं, उतना ही वर्तमान से कट जाते हैं। पर जब हम समय को सम्मान देते हैं - समय हमारा सहयोगी बन जाता है। हर काम समय मांगता है और जो उसे समय देता है, वह काम जीवित हो उठता है। धीमी, सोच-समझकर की गई प्रगति ही स्थायी प्रगति है - यही समय का मूल नियम है। जिसे समय पर भरोसा है, उसे जीवन पर भरोसा है। जल्दबाजी अक्सर गलत रास्तों पर ले जाती है। समय का सम्मान एक आंतरिक परिपक्वता है, जो हर यात्रा को गहराई देती है।

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
मुंबई। 151991 (-4,107)
चांदी - .999 टंच प्रति किलो
मुंबई। 254339 (-28,123)

अर्थसार

सेंसेक्स।	83,313.93 (-503.76)
निफ्टी।	25,642.80 (-133.21)
रु/यूएस डॉलर।	90.34 (-0.090)
रु/यूरो।	106.4413 (-0.378)

मौसम

कोलाबा	33.8	22.9
सांताक्रूज	35.1	20.5
सूर्यास्त शुक्रवार	6:34 बजे	
सूर्योदय शनिवार	7:11 बजे	

NBT नवभारत सड़क व रेल परिवहन शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और नवभारत जिले के बाहर।

'कब्र, बोफोर्स...' राज्य सभा में बरसे पीएम

बोले, 'गद्दार' वाला बयान सिख गुरुओं का अपमान

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा में भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन टल गया, लेकिन गुरुवार को राज्यसभा में जब उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया, तो निशाने पर कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल रहे। लोकसभा में अभिभाषण पर चर्चा न हो सकने को मोदी ने संविधान और आदिवासी परिवार से आई महिला राष्ट्रपति का अपमान बताया। उन्होंने कांग्रेस पर सिख गुरुओं के अपमान का आरोप लगाते हुए नेता विपक्ष राहुल गांधी को घेरा। संसद भवन की सीढ़ियों पर खड़े होकर राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को 'गद्दार' बताया था। पीएम ने कहा, कांग्रेस के 'युवराज' जिनका शातिर दिमाग है, उन्होंने इस सदन के एक सांसद को 'गद्दार' कहा। उनका अहंकार चरम पर है।

उन्होंने कांग्रेस छोड़ने वाले किसी और को गद्दार नहीं कहा, लेकिन उस सांसद को गद्दार इसलिए कहा कि वह सिख है। यह सिखों का अपमान था, गुरुओं का अपमान था। यह सिखों के प्रति उस नफरत का इजहार था जो कांग्रेस में भरी हुई है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे लोग कांग्रेस को डुबो देंगे। विपक्ष पर तंज में पीएम ने कहा कि कांग्रेस हो, तृणमूल हो, डीएमके हो, लेफ्ट हो- ये दशकों से केंद्र में सत्ता में रहे हैं। सत्ता के भागीदार रहे हैं। राज्यों में भी उन्हें सरकार चलाने का अवसर मिला है, लेकिन उनकी पहचान क्या बनी है। आज डील की चर्चा होती है तो गर्व से कहते हैं, लेकिन तब बोफोर्स डील याद आता था। पीएम का संबोधन होते ही विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ देर नारेबाजी के बाद विपक्षी सांसदों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

राहुल गांधी, कांग्रेस समेत कई निशाने पर



जो मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं, वही मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगा रहे हैं। यह कौन से संविधान से सीखा है।
-नरेन्द्र मोदी

लोकसभा में पीएम के साथ कुछ भी हो सकता था: बिरला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि सदन में बुधवार को कांग्रेस के कई सांसद नेता सदन (प्रधानमंत्री) के आसन के पास पहुंचकर किसी अप्रत्याशित घटना को अंजाम देना चाहते थे, इसलिए मेरे अनुरोध पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदन में नहीं आए। अगर ऐसी घटना हो जाती तो यह देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को तार-तार करने वाला अत्यंत अप्रिय दृश्य होता। यही वजह है कि बुधवार को शाम 5 बजे होने वाली उनकी स्पीच टालनी पड़ी थी। गुरुवार को तीन बार के स्थगन के बाद जब लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो बिरला ने सदन को यह जानकारी दी। इससे पहले लोकसभा में बिना चर्चा के विपक्ष के हंगामे के बीच पीएम के जवाब के बिना राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पास हो गया।



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को पुराने विडियो का हवाला देते हुए दावा किया कि 2004 में बीजेपी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान जवाब देने से रोका था।

भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार सही: शाहबाज

■ भाषा, कराची: भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच के बहिष्कार को सही फैसला बताते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा कि बांग्लादेश के समर्थन में यह सोच समझकर लिया गया फैसला है। पाक सरकार ने अपनी क्रिकेट टीम को कोलंबो में भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाला मैच नहीं खेलने के लिए कहा है। इससे पहले सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार पर बांग्लादेश को विश्व कप से हटाकर स्कॉटलैंड को उसकी जगह शामिल किया गया। शरीफ ने कहा, हम पूरी तरह से बांग्लादेश के साथ हैं।

कप्तान सूर्यकुमार ने कहा, हमारी टीम जरूर जाएगी कोलंबो

भारत-पाक मुकाबले को लेकर उठे सियासी-कूटनीतिक तूफान के बीच कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए कोलंबो जरूर जाएगी।

अमेरिका से डील पर साझा बयान 4-5 दिन में होगा जारी: गोयल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर संयुक्त बयान 4-5 दिनों में जारी हो सकता है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह बयान इस समझौते के पहले चरण के लिए होगा। बयान जारी होने के एक-दो दिन में ट्रंप प्रशासन इग्जेक्युटिव ऑर्डर जारी कर देगा, जिससे भारतीय निर्यात पर 50% के बजाय 18% टैरिफ की व्यवस्था लागू हो जाएगी। मंत्री ने कहा कि ट्रेड डील के इस पहले चरण से जुड़े औपचारिक कानूनी दस्तावेज पर मार्च तक दस्तखत हो सकते हैं। अमेरिकी टैरिफ जहां उसके इग्जेक्युटिव ऑर्डर के जारी होते ही 18% पर आ जाएगा, वहीं अमेरिकी चीजों पर भारत का टैरिफ मार्च में कानूनी दस्तावेज पर दस्तखत के बाद घटाए जाएंगे।

मार्च के मध्य में डील के कानूनी दस्तावेज पर दस्तखत होंगे

गल्फ से FTA पर बढ़े कदम

भारत और खाड़ी के 6 देशों के समूह 'गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल' ने FTA पर औपचारिक बातचीत शुरू करने की शर्तें तय कीं।

'मुख्य अनाजों के लिए बाजार नहीं खोलेंगे'

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने साफ कहा कि खेती-बाड़ी और डेयरी सेक्टर के हितों से समझौता नहीं किया गया है। मुख्य कृषि उत्पादों के लिए बाजार इस तरह नहीं खोला गया कि किसानों पर दबाव बने।

रिश्तों में 'असीम संभावनाएं': राजदूत

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर की अमेरिका में हुई उच्चस्तरीय बैठकों को सराहा है और कहा कि दोनों देशों के रिश्तों में 'असीम संभावनाएं' हैं। अमेरिका इस रिश्ते को और ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए तैयार है।

वसई में टब में डूबने से डेढ़ साल की बच्ची की मौत

■ NBT न्यूज, वसई: वालीव पुलिस स्टेशन परिक्षेत्र के धुमाल नगर इलाके स्थित अपने ही घर में पानी से भरे एक टब में डूबने से डेढ़ वर्षीय की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने एडीआर दर्ज कर लिया है। वालीव पुलिस के अनुसार, धुमाल नगर स्थित शालीमार होटल के पास स्थित ब्राइट गैलेक्सी बिल्डिंग में रविंद्र रमाशंकर गौड़ (34) अपने परिवार के साथ रहते हैं। मंगलवार देर रात उनकी डेढ़ साल की बच्ची दीक्षा गौड़ मास्टर बेडरूम में खेल रही थी। इसी दौरान वह बेडरूम में रखे पानी के टब में गिर गई और दम घुटने से उसकी मौत हो गई।

खेलते हुए पानी के टब में गिर गई थी दीक्षा

'सांसदों-विधायकों के पेंडिंग मुकदमों की स्टेटस रिपोर्ट दें'

Krishna.Shukla@timesofindia.com

■ मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह मौजूदा और पूर्व सांसदों-विधायकों के खिलाफ पेंडिंग मुकदमों की स्टेटस रिपोर्ट पेश करे। बेंच ने कहा, हमें महसूस होता है कि मुकदमों की सुनवाई में प्रगति नहीं हो रही है। कोर्ट ने रिपोर्ट में MP और MLA के केसों की स्थिति स्पष्ट करने को कहा कि वे किस पड़ाव पर हैं, कितने केसों में आरोप तय हुए हैं और इनकी सुनवाई क्यों आगे नहीं बढ़ रही है। बेंच ने यह भी कहा कि केसों की सूचना के लिए ऐप विकसित करने की संभावना पर विचार किया जाए। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग से इस संबंध में परामर्श लिया जाए। ऐप को लगातार अपडेट करने से केसों की स्थिति की निगरानी सरल और प्रभावी हो जाएगी। बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस मुद्दे का स्वतः संज्ञान लिया है।

AI Image

पिछले साल पेश एक रिपोर्ट में मौजूदा और पूर्व MP और MLA के खिलाफ 467 मुकदमों के पेंडिंग होने का खुलासा हुआ था। ये केस मुंबई, औरंगाबाद, नागपुर सहित 36 जिलों के अलावा गोवा और केंद्र शासित प्रदेश दादरा नगर-हवेली और सिलवासा की निचली अदालतों में पेंडिंग हैं। ▶▶पेज 4

ब्लैक बॉक्स से डेटा निकालने की प्रक्रिया शुरू

■ आईएएनएस, पुणे : अजित पवार विमान दुर्घटना मामले में गुरुवार को ताजा अपडेट सामने आया है। दुर्घटनाग्रस्त विमान के ब्लैक बॉक्स से जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया आधिकारिक तौर पर शुरू कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक, ब्लैक बॉक्स से महत्वपूर्ण तकनीकी डेटा और उड़ान से जुड़े रिकॉर्ड को निकालने का काम किया जा रहा है, जो इस हादसे की वजहों को समझने में निर्णायक साबित होगा। बताया जा रहा है कि ब्लैक बॉक्स में विमान की अंतिम गतिविधियों, तकनीकी स्थिति, पायलट और एयर ट्रैफिक कंट्रोल के बीच हुई बातचीत समेत कई अहम जानकारियां दर्ज होती हैं।

हादसे की वजहों को समझने में मिलेगी मदद

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMEDIT User: cci Time: 02-05-2026 22:40 Color:

20 20 WORLD CUP अल्टीमेट रोमांच

"अगर भारत टूर्नामेंट से एक महीने पहले कहता कि हमारी सरकार हमें एक देश में नहीं खेलने देना चाहती तो क्या ICC इतना ही सख्त रहता और कहता कि हम आपको टूर्नामेंट से बाहर कर रहे हैं? -नासिर हुसैन, पूर्व कप्तान, इंग्लैंड

123 रन बनाए थे ब्रेंडन मैकुलम ने बांग्लादेश के खिलाफ 2012 के टी20 वर्ल्ड कप में। यह टूर्नामेंट इतिहास में किसी प्लेयर द्वारा एक पारी में बनाए गए सर्वाधिक रन हैं

वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अमेरिका की कप्तानी कौन कर रहा है?
A) सौरभ नेत्रवलकर B) मोनांक पटेल C) कोरी एंडरसन D) एंड्रीज गौस
2. भारत के पूर्व बल्लेबाज विक्रम राठौड़ मौजूदा वर्ल्ड कप में किस टीम से जुड़े हुए हैं।
A) इंग्लैंड B) स्कॉटलैंड C) श्रीलंका D) ऑस्ट्रेलिया

कल के जवाब
1. C) विराट कोहली 2. A) सात

लकी WINNERS

1 यश राज, लखनऊ, यूपी



2 रवि माथुर, गुरुग्राम, हरियाणा

3 किरन चौधरी, द्वारका, दिल्ली

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

भारतीय कप्तान ने भारत-पाकिस्तान के बीच ग्रुप मैच की संभावना पर साफ की टीम इंडिया की रणनीति

हमारी फ्लाइट बुक है, हम कोलंबो जा रहे हैं: सूर्य

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** टी20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले को लेकर उठे सियासी-कूटनीतिक तूफान के बीच भारतीय टी20 टीम ने अपना रुख पूरी तरह साफ कर दिया है। टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को सीधे लफ्जों में कहा है कि भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए कोलंबो जरूर जाएगी। सूर्य ने कहा, 'हमारी सोच काफी स्पष्ट है। हमने (पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से) मना नहीं किया है। उन्होंने किया है। हमारी फ्लाइट बुक है, हम कोलंबो जा रहे हैं। बाकी जब हम वहां पहुंचेंगे तब देखेंगे। सूर्यकुमार का यह बयान साफ संकेत देता है कि भारतीय टीम मैदान के बाहर की अनिश्चितताओं से खुद को अलग रखते हुए सिर्फ क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना चाहती है।'

हमने ना नहीं कहा है: गुरुवार को मुंबई में हुई कैप्टंस मीट के दौरान सूर्यकुमार ने यह भी माना कि यह स्थिति (पाकिस्तान का भारत के खिलाफ मैच खेलने से इंकार करना) इससे जुड़े सभी पक्षों के लिए आसान नहीं है, जिनमें ICC भी शामिल है, जिसने पाकिस्तान को गंभीर परिणामों की चेतावनी दी है। कप्तान ने कहा, 'यह मेरा फैसला नहीं है। मुझे यकीन है कि ICC भी कुछ न कुछ समाधान निकालने की कोशिश में होगी, लेकिन जब यह फैसला किसी दूसरी सरकार या देश की ओर से आता है तो ICC भी कितना मदद कर सकती है?' मौजूदा हालात में कप्तान के तौर पर अपनी मानसिकता के बारे में पूछे जाने पर सूर्यकुमार ने कहा, 'मानसिकता बिल्कुल साफ है। हमने 'ना' नहीं कहा है। यह फैसला उनकी (पाकिस्तान) ओर से आया है। ICC ने शिड्यूल (मैचों का कार्यक्रम) दिया है और BCCI तथा भारत सरकार ने ICC के साथ मिलकर फैसला किया कि भारत-पाकिस्तान मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जाएगा।'

...तो हम जरूर खेलेंगे: सूर्य ने कहा कि उनका (पाकिस्तान) यह फैसला भारत के नियंत्रण में नहीं है। काश मैं उनके फैसले ले पाता, लेकिन यह उनका फैसला है। भारतीय कप्तान ने यह भी याद दिलाया कि हाल के वर्षों में एशिया कप जैसे टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान कई बार आमने-सामने आ चुके हैं। सूर्य ने कहा कि हमें बताया गया है कि 15 फरवरी को हमें वहां (कोलंबो में) मैच खेलना है। हमने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच खेले थे, हम सभी मैच जीते थे और बहुत खुश थे। उसी तरह अगर कोलंबो में खेलने का मौका मिलता है तो हम जरूर खेलेंगे।

फोकस विश्व कप अभियान पर: टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत शनिवार से हो रही है। शनिवार को ही भारतीय टीम मुंबई में अपने अभियान की शुरुआत अमेरिका के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इसके बाद टीम अपने तय कार्यक्रम के अनुसार कोलंबो के लिए रवाना होगी। सूर्यकुमार यादव ने कहा कि टीम में चर्चा हुई है कि हम पहले सात फरवरी को खेल रहे हैं। फिर नामीबिया के खिलाफ मैच के लिए दिल्ली जाएंगे और उसके बाद हमें कोलंबो जाना है।

15 फरवरी को निर्धारित है भारत-पाक ग्रुप स्टेज मैच। यदि भारत की टीम मैदान पर उतरती है और पाकिस्तान टीम मैदान पर नहीं आती है तो भारत को मैच के पूरे अंक मिल जाएंगे

23 फरवरी 2025 को भारत और पाकिस्तान के बीच पिछली टक्कर हुई थी। यह मुकाबला वनडे चैंपियंस ट्रॉफी में हुई थी, जहां भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की थी

मुंबई में गुरुवार को 'कैप्टंस कार्निवाल' में मौजूद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव

Social Media

गंभीर ने बदल डाला है ड्रेसिंग रूम का माहौल

सूर्यकुमार ने कहा कि टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने खिलाड़ियों के भीतर टीम के हित को सबसे ऊपर रखने की सोच पैदा की है। उन्होंने ने कहा कि तिरुवनंतपुरम में पिछले मैच में ईशान 90 के आसपास थे और उन्होंने छक्का मारकर अपना शतक पूरा किया। यही वह चीज है, जो वह ड्रेसिंग रूम में ला रहे हैं। व्यक्तिगत उपलब्धियों से दूर रहकर टीम के लक्ष्यों पर फोकस करना।

हर टूर्नामेंट में एक जैसी सोच: सूर्यकुमार का मानना है कि टी20 क्रिकेट में भारत की लगातार सफलता का सबसे बड़ा कारण हर टूर्नामेंट में एक जैसी मानसिकता के साथ खेलना है। उन्होंने कहा कि पहले द्विपक्षीय सीरीज और ICC टूर्नामेंट में खेलने का तरीका अलग होता था, लेकिन अब यह फर्क खत्म हो चुका है। चाहे ICC इवेंट हो, एशिया कप हो या कोई द्विपक्षीय मुकाबला टीम एक ही अंदाज में क्रिकेट खेलने की कोशिश करती है। सूर्यकुमार के मुताबिक, इसी सोच की वजह से 2024 का टी20 वर्ल्ड कप भी किसी नए टूर्नामेंट जैसा नहीं लगा, बल्कि ऐसा महसूस हुआ जैसे टीम पूरे साल से इसी पैटर्न में खेल रही हो। उन्होंने कहा कि अगर यही क्रिकेट आगे भी खेली गई, तो नतीजे अपने आप टीम के पक्ष में आएंगे।

भारत के खिलाफ मैच हमारे नियंत्रण में नहीं है: सलमान

■ **कोलंबो:** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने अपने क्रिकेट बोर्ड के रुख को बरकरार रखते हुए गुरुवार को इस बात पर जोर दिया कि भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मैच का बहिष्कार करने का फैसला उनकी सरकार ने लिया था और यह उनके नियंत्रण में नहीं था। सलमान ने कप्तानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, 'भारत का मैच हमारे नियंत्रण में नहीं है। यह सरकार का फैसला है और हम इसका सम्मान करते हैं। वे जो भी कहेंगे, हम वही करेंगे।'

सरकार की सलाह मानेंगे: सलमान ने कहा कि अगर दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी नॉकआउट में फिर आमने-सामने होते हैं तो वे फिर से पाकिस्तान सरकार द्वारा लिए गए फैसले का पालन करेंगे। सलमान ने कहा, 'मैंने यह बात पहले भी कही है। यह सरकार का फैसला है और हम इसका सम्मान करते हैं। वे जो कहेंगे, हम वही करेंगे। मुझे नहीं पता कि मैच होगा या नहीं लेकिन सरकार ने एक बात कही है और हम वही करने जा रहे हैं। मुझे मैच के बारे में नहीं पता।' उन्होंने कहा, 'अगर हमें सेमीफाइनल या फाइनल में उनके साथ फिर से खेलना पड़ा तो हमें उनके (सरकार के) पास वापस जाना होगा और

पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा

Social Media

उनकी सलाह पर काम करना होगा।' सलमान ने कहा कि बांग्लादेश का टूर्नामेंट में नहीं खेलना दुख की बात है। उन्होंने कहा, 'वे हमारे भाई हैं। मैं कहूंगा कि वे टूर्नामेंट में हमारा समर्थन कर सकते हैं। और उन्हें देखकर बेहद दुख होता है। वे विश्व कप नहीं खेल रहे हैं।'

अमेरिका से हार पुरानी बात: प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सलमान को टूर्नामेंट के पिछले एडिशन में अमेरिकी टीम के खिलाफ पाकिस्तान की हार के बारे में भी याद दिलाया गया। सलमान ने कहा, 'हां, हम पिछले वर्ल्ड कप में अमेरिका से हार गए थे लेकिन अब वह इतिहास है। यह एक नया विश्व कप है। एक नई टीम और एक नया संयोजन है और हम इसके बारे में बहुत उत्साहित हैं।'

जेमिमा ने कप्तानी पारी से जमाया रंग

RCB Vs DC
WPL फाइनल

■ **एजेंसियां, वडोदरा:** लगातार तीन बार फाइनल में पहुंचकर खिताब से चूकने का सिलसिला तोड़ने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम गुरुवार को विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के खिलाफ मैच में नए इरादे के साथ मैदान पर उतरी। टीम को पहली बार चैंपियन बनाने का दारोमदार जिस नई लीडर जेमिमा रॉड्रिग्स पर था, उन्होंने अपनी कप्तानी पारी से उस दिशा में मजबूत कदम बढ़ा दिए।

वडोदरा के मैदान पर चैंपियन बनने की जंग में हुए इस मैच में जेमिमा ने मोर्चे से अगुआई करते हुए टीम के लिए सर्वाधिक रन बटोरे। उन्होंने 37 गेंदों में 57 रनों की अपनी सधी हुई पारी में कोई सिक्स तो नहीं लगाया, लेकिन कुल आठ चौके जड़ते हुए 154.05 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। जेमिमा ही नहीं, बल्कि लॉरा वोलवार्ट (44 रन, 25 बॉल, 3 फोर, 2 सिक्स), लिजेल ली (37 रन, 30 बॉल, 3 फोर, 3 सिक्स) और पांचवें नंबर पर उतरीं शिनेल हेनरी (सिर्फ 15 गेंदों पर नाबाद 35* रन, 4 फोर, 2 सिक्स) ने भी उम्दा योगदान दिया। ओपनर शेफाली वर्मा ने 20 रन बनाए। टॉप ऑर्डर के इस उम्दा प्रयासों की बदौलत दिल्ली ने निर्धारित 20 ओवर्स में चार विकेट पर 203 रन बनाकर आरसीबी के सामने कठिन लक्ष्य रखा।

आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने मुकाबले में टॉस जीतकर दिल्ली को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। दिल्ली ने मौके को अच्छी तरह भुनाया और दबाव रहित बल्लेबाजी की। दोनों ही टीमें अपने पिछले मैच के प्लेइंग इलेवन में बिना किसी बदलाव के फाइनल मैच में उतरीं।

मिला उम्दा आगाज: दिल्ली कैपिटल्स की ओपनर ली और शेफाली ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने ओपनिंग विकेट के लिए 35 बॉल में 49 रनों की साझेदारी की। शेफाली ने पहले ओवर की आखिरी गेंद पर लॉरेन बेल पर चौका लगाकर पहला आक्रामक शॉट खेला। दूसरी ओर, ली ने चौथे ओवर में आक्रामक तेवर दिखाते हुए मीडियम पेसर सयाली सातघरे की शुरुआती दोनों गेंदों पर लगातार सिक्स जड़ दिए।

कप्तान जम गईं क्रीज पर

जेमिमा ने वोलवार्ट के साथ मिलकर मिडल ऑर्डर को बखूबी सहारा देने का काम किया। कप्तान जेमिमा ने राधा यादव पर पहला चौका जड़ने के बाद अपनी पारी में सात और खूबसूरत फोर जमाए। उन्होंने पारी के 12वें ओवर में श्रेयंका को तीन चौके लगाए। उन्होंने पारी के 15वें ओवर में अपनी अर्धशतक पूरा किया, हालांकि इसके बाद वह भी बड़ा स्कोर नहीं बना पाईं और 16वें ओवर की अंतिम बॉल पर सयाली का शिकार बनकर पवेलियन लौटीं। सयाली की फुल टॉस बॉल को जेमिमा टाइम नहीं कर पाईं।

मुंबई-कर्नाटक की भिड़ंत पर निगाहें

■ **एजेंसियां, मुंबई:** रणजी ट्रॉफी के क्वॉर्टर फाइनल में मुंबई और कर्नाटक की भिड़ंत आज से शुरू होगी। 42 बार की चैंपियन मुंबई और आठ बार की विजेता कर्नाटक के बीच यह नॉकआउट भिड़ंत रोमांच से भरपूर रहने की संभावना है।

कप्तान शार्दुल ठाकुर के अलावा यशस्वी जायसवाल की वापसी से मुंबई का आत्मविश्वास बढ़ा है। सरफराज खान की फिटनेस पर हालांकि संशय बना हुआ है। कर्नाटक के लिए करुण नायर की वापसी अहम है। केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल और मयंक अग्रवाल के साथ उनका बल्लेबाजी क्रम मजबूत दिखता है। अन्य क्वॉर्टर फाइनल में झारखंड का सामना उत्तराखंड से होगा। बंगाल-आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश-जम्मू कश्मीर भी सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए भिड़ेंगे।

रणजी का रण

खिताबी 'सिक्स' पर यंग इंडिया की नज़र

■ **एजेंसियां, हरारे:** रेकॉर्ड छठा खिताब जीतने के इरादे से उतरी भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम शुक्रवार को ICC अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगी। इंग्लैंड सिर्फ तीसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में उतरेगी और उसके फैंस को दूसरा खिताब जीतने की उम्मीद होगी। इंग्लैंड ने आखिरी बार इस टूर्नामेंट को 1998 में जीता था, जिसके बाद वो 2022 में फाइनल में पहुंचने में सफल रही थी।

टीम का संतुलित प्रदर्शन: भारतीय टीम की सबसे बड़ी ताकत इस टूर्नामेंट में उनका संतुलित टीम कॉम्बिनेशन रहा है। भारत अभी तक टूर्नामेंट में अजेय है और बल्ले व बॉल दोनों से मैच जीतता हुआ आ रहा है। सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अब तक तीन अर्धशतक जड़ चुके हैं। उनसे फाइनल में बड़ी पारी की उम्मीद होगी। मध्यक्रम में विहान मल्होत्रा की निरंतरता और विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू के दो अर्धशतक भारत को संतुलन देते हैं। गेंदबाजी में दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल और आरएस अंबरीश ने प्रभाव छोड़ा है, जबकि स्पिनर कनिष्क चौहान और खिलन पटेल की भूमिका पिच के मिजाज के अनुसार अहम हो सकती है।

दूसरी ओर, इंग्लैंड भी अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंचा है। टूर्नामेंट टीम की ताकत बल्लेबाजी रही है। बेन मायस (399) और थॉमस रियू (299) इस बल्लेबाजी की धुरी के रूप में उभरे हैं।

भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे

Social Media

आमना-सामना



संभावित प्लेइंग XI

भारत: आरोन जॉर्ज, वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, हेनिल पटेल, दीपेश देवेंद्रन

इंग्लैंड: बेन डॉकिंस, जोसेफ मूर्स, बेन मायस, थॉमस रियू (कप्तान, विकेटकीपर), कैलेब फैल्कनर, राल्फी एल्बर्ट, फरहान अहमद, सेबस्टियन मॉर्गन, जेम्स मिंटो, मैनी लम्सडेन, एलेक्स फ्रेंच

टेलिकास्ट: दोपहर 1 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

आयुष शामिल होंगे एलीट क्लब में!

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

भारत के लिए अभी तक पांच कप्तानों ने अंडर-19 का वर्ल्ड कप जीता है। इस सूची में मोहम्मद कैफ (2000 में), विराट कोहली (2008 में), उन्मुक्त चंद (2012 में), पृथ्वी साव (2018 में) और यश ढुल (2022 में) का नाम शामिल है। अगर भारत आज इंग्लैंड को हरा देता है तो आयुष यह टूर्नामेंट जीतने वाले छठे भारतीय कप्तान बन जाएंगे।

फटाफट खबरें

अनुराग को राहत

■ **नई दिल्ली:** बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष अनुराग ठाकुर को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अपने जनवरी 2017 के आदेश में संशोधन किया और कहा कि वह नियमों के अनुसार क्रिकेट बोर्ड के कार्यों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र होंगे। जनवरी 2017 में शीर्ष अदालत ने अनुराग ठाकुर को बीसीसीआई के कार्यों से जुड़े रहने से "रोकने" और उससे दूर रहने का निर्देश दिया था।

भारत ने जीता तीसरा मैच

■ **नई दिल्ली:** भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम ने तुर्किये दौरे में अपना तीसरा फ्रेंडली मैच जीत लिया। भारत ने रूस की जेनन्दा-2005 पर्म को 2-0 से हराया। अंजू तमांग ने नौवें मिनट में बढ़त दिलाई जबकि लिंडा कोम सर्तो ने 89वें मिनट में गोल किया।

PSL में खेलेंगे रहमान

लाहौर: लाहौर कलंदर्स ने बताया कि IPL फ्रेंचाइजी KKR द्वारा रिलीज किए गए बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) के लिए उन्होंने अनुबंधित किया है।

पूजा हुई निलंबित

■ **नई दिल्ली:** भारत की लॉन्ग डिस्टेंस रनर पूजा आत्माराम को डोप टेस्ट से बचने के कारण ऐथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने अस्थाई निलंबित कर दिया है।

पैट, जोश की नहीं खलेगी कमी: मार्श

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने गुरुवार को अपनी टीम की गहराई पर भरोसा जताया कि वे शनिवार से शुरू हो रहे आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के दौरान चोटिल तेज गेंदबाज पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की कमी नहीं खलने देंगे। वर्ल्ड कप से पहले यहां कप्तानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मार्श ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमने कई पहलुओं को कवर किया है। पैट और जोश के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि वे तीनों फॉर्मेट के खिलाड़ी हैं जिससे हम अपनी टीम में काफी गहराई बना पाए हैं और जो खिलाड़ी आए हैं, उन्होंने हमारे लिए काफी क्रिकेट खेला है।'

अपने स्पिनरों पर जताया भरोसा: मार्श को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर श्रीलंकाई पिचों पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे जो आमतौर पर धीमी गति के गेंदबाजों के लिए बेहतरीन होती हैं। उन्होंने कहा, 'हमें उन पर पूरा भरोसा है कि वे मैदान पर जाकर जरूरत पड़ने पर काम करेंगे और फिर हम परिस्थितियों के आधार पर टीम चुनेंगे। हमारे पास एडम जांपा भी है और हमारे पास कुछ स्पिन ऑलराउंडर भी हैं जैसा कि ज्यादातर टीमों के पास होंगे।'

कैप्टंस टॉक

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श

"स्पिन फ्रेंडली कंडिशंस का फायदा तो निश्चित रूप से है, लेकिन सभी टीमों के मुख्य खिलाड़ी यहां लंबे समय से आईपीएल खेलते आ रहे हैं और वे यहां की परिस्थितियों के अभ्यस्त हैं। मुझे नहीं लगता कि अफगानिस्तान को ज्यादा फायदा है और बाकी टीमों को नहीं है। - राशिद खान, कप्तान, अफगानिस्तान

कोच विक्रम राठौड़ की शनाका ने की तारीफ

श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने टी20 विश्व कप से पहले बैटिंग कंसल्टेंट विक्रम राठौड़ के टीम से जुड़ने की तारीफ करते हुए कहा कि उनके आक्रामक रवैया अपनाने पर जोर देने से बल्लेबाजी को ज्यादा स्वच्छंदता से खेलने में मदद मिली है। राठौड़ ने भारत के साथ अपने पांच साल के कार्यकाल के दौरान टीम को 2024 टी20 विश्व कप जीतने में मदद की थी। उन्हें पिछले महीने आईसीसी टूर्नामेंट के लिए श्रीलंका का बैटिंग कंसल्टेंट नियुक्त किया गया। शनाका ने कहा, 'विक्रम राठौड़ का हमारी टीम से जुड़ना अच्छा है। उनका ज्ञान और उनका स्वभाव इस तरह का है, वह हमेशा चाहते थे कि हम आक्रामक होकर खेलें जिससे ज्यादातर खिलाड़ियों को खुद को स्वच्छंद बल्लेबाजी करने का मौका मिलता है जो मुझे सच में पसंद है।'

इन टीमों के सामने खुद को साबित करने की है चुनौती

■ **एजेंसियां, मुंबई:** शनिवार से शुरू हो रहे टी20 वर्ल्ड कप के मंच पर असोसिएट देशों के लिए यह सिर्फ भागीदारी नहीं, बल्कि खुद को साबित करने का बड़ा मौका है। नेपाल के अलावा आखिरी समय में टूर्नामेंट में शामिल हुए स्कॉटलैंड और पहली बार वर्ल्ड कप खेल रहा इटली, तीनों टीमें सीमित संसाधनों और अलग-अलग परिस्थितियों के बावजूद इस वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ने के इरादे से उतरेंगी।

इन टीमों का यहां तक का सफर अलग रहा है। नेपाल लगातार दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप खेल रहा है और पिछले कुछ वर्षों में उसने अपनी आक्रामक शैली से सबका ध्यान खींचा है। दूसरी ओर, स्कॉटलैंड को आखिरी क्षणों में मौका मिला। इटली की मौजूदगी यूरोप में क्रिकेट के बढ़ते दायरे और नए बाजारों के उभरने का संकेत मानी जा रही है।

इटली के कप्तान वेन मैडसेन ने इसे देश के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा, 'इटली में मुख्य खेल फुटबॉल है, लेकिन टी20 वर्ल्ड कप खेलना इटली को क्रिकेट के नक्शे पर लाने की बात है।' नेपाल के कप्तान रोहित पौडेल के लिए यह टूर्नामेंट भावनात्मक भी है। रोहित शर्मा के प्रशंसक पौडेल मुंबई में खेलने को लेकर उत्साहित हैं। इसी तरह भारत में जन्मे अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल ने कहा, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारत में वर्ल्ड कप खेलूंगा और अमेरिका का प्रतिनिधित्व करूंगा।'

छोटी टीमें, बड़ा चैलेंज

इटली के कप्तान मैडसेन (बाएं) और अमेरिका के कप्तान मोनांक

Social Media

सम्राट-सुरुचि के हाथ आया सिल्वर

एजेंसियां, नई दिल्ली: भारत की उभरती हुई शूटर सुरुचि सिंह और वर्ल्ड चैंपियन सम्राट राणा को गुरुवार को यहां एशियन चैंपियनशिप के 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में सिल्वर से संतोष करना पड़ा। बुधवार को ईशा सिंह के महिलाओं के एयर पिस्टल इवेंट में गोल्ड जीतने के बाद भारत के लिए दिन अच्छा रहा लेकिन सीनियर वर्ग में कोई गोल्ड मेडल नहीं मिला। सुरुचि और राणा की जोड़ी ने 479.6 अंक जुटाए जो एक नया वर्ल्ड और एशियन जूनियर रेकॉर्ड है। उज्बेकिस्तान की जोड़ी ने 481.3 अंक के वर्ल्ड रेकॉर्ड के साथ गोल्ड पर कब्जा किया।

भारतीय जोड़ी ने पहली सीरीज में 100.5 के स्कोर से चार टीम के फाइनल में बढ़त बनाई, लेकिन निगीना सैदकुलोवा और मुखम्मद कमालोव की उज्बेकिस्तान की जोड़ी ने तीसरी सीरीज तक बढ़त बना ली और 'एलिमिनेशन' चरण तक बढ़त बनाए रखी और गोल्ड जीता। चीनी ताइपे की जोड़ी 412.2 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रही। मनु भाकर और श्रवण कुमार की दूसरी भारतीय जोड़ी 571 अंक के साथ नौवें स्थान पर रही।

एशियन शूटिंग चैंपियनशिप

सुरुचि (बाएं)-सम्राट सिल्वर मेडल के साथ

Social Media

सीनियर वर्ग में 4 मेडल

भारत के सीनियर वर्ग में अब तक चार मेडल हो गए हैं जिसमें दो गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल शामिल है। जूनियर वर्ग में पिछले साल की जूनियर वर्ल्ड कप और एशियन चैंपियनशिप विजेता रश्मिका सहगल ने एक और गोल्ड जीता। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में 237.9 अंक हासिल किए। उनकी हमवतन वंशिका चौधरी ने 236.7 अंक के साथ सिल्वर जीता।

हार के बावजूद भारतीय टीमें क्वॉर्टर फाइनल में

■ **एजेंसियां, क्विंगदाओ (चीन):** बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में गुरुवार को भारत की पुरुष और महिला टीमों को अपने-अपने मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम को थाईलैंड ने 2-3 से हराया, जबकि पुरुष टीम ने भी इसी अंतर से जापान के खिलाफ मैच गंवाया। इस हार के बावजूद दोनों ही भारतीय टीमें क्वॉर्टर फाइनल में स्थान सुनिश्चित करने में सफल रहीं। भारतीय महिला टीम क्वॉर्टर फाइनल में चीन से भिड़ेगी।

तन्वी लय में: युवा तन्वी शर्मा शानदार ने विमिंस में विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज बुसानन ओंगबामरुंगफान को हराकर भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। इसके बाद गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली की जोड़ी ने विमिंस डबल्स में जीत दर्ज की। हालांकि रक्षिता रामराज, मालविका बंसोड़ और डबल्स में तनीषा क्रास्टो-श्रुति मिश्रा को हार का सामना करना पड़ा। पुरुषों के मैच में आयुष शेट्टी और चिराग शेट्टी व सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी की जीत के बाद अन्य खिलाड़ियों ने अपने मैच गंवा दिए।

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप



भारतीय शटलर तन्वी शर्मा

Social Media

बॉक्सम एलीट इंटरनैशनल टूर्नामेंट

लवलीना की दमदार शुरुआत, हितेश जीते

■ **एजेंसियां, अलीकांटे (स्पेन):** ओलिंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन ने बॉक्सम एलीट इंटरनैशनल टूर्नामेंट-2026 में यूक्रेन की ओल्हा पिलिपचुक को 5-0 से हराकर अभियान का शानदार आगाज किया। पुरुषों के 70 किलोग्राम वर्ग में हितेश गुलिया ने कनाडा के विन्सेंट सांता ऑसिएलो को 5-0 से मात दी। अन्य मैच में मंजू रानी (48 किग्रा) ने फ्रांस की ग्लोरिया डिअलेमेडा को 5-0 से हराया, जबकि नीतू (51 किग्रा) ने स्पेन की लौरा काल्डेरोन को पहले राउंड में ही RSC (रेफरी स्टॉप्ड कॉन्टेस्ट) से शिकस्त दी। कुसुम (51 किग्रा) ने स्पेन की क्लॉडिया अल्कानिज को 4-1 से मात दी।

लवलीना

FILE

भारत की 24 सदस्यों वाली मेंस हॉकी टीम हुई घोषित

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** हॉकी इंडिया ने राउरकेला में 10 से 15 फरवरी तक होने वाले FIH प्रो लीग के पहले राउंड के लिए 24 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। इस चरण में भारत के अलावा बेल्जियम और अर्जेंटीना भाग लेंगी। भारत पहला मैच 11 फरवरी को बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी जबकि 13 फरवरी को अर्जेंटीना से खेलना है। फिर 14 फरवरी को बेल्जियम से और 15 फरवरी को अर्जेंटीना से मैच होगा। इसके बाद भारत होबार्ट जाएगा जहां 21 और 24 फरवरी को स्पेन से और 22 तथा 25 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से खेलना है। लीग का यूरोपीय राउंड जून में होगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के हेड कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है।'

FIH प्रो-लीग

FILE

भारतीय टीम- गोलकीपर: सूरज करकेरा, पवन। **डिफेंडर:** अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, नीलम संजीप सेस, अमनदीप लाकड़ा। **मिडफील्डर:** राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, हार्दिक सिंह, एम रबिचंद्र सिंह, नीलकांता शर्मा, रोशन कुजूर। **फॉरवर्ड:** अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सेल्वम कार्ति, मनदीप सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, आदित्य।

Enterटेनमेंट masalamix

मनोज बाजपेयी की फिल्म को लीगल नोटिस

मनोज बाजपेयी की फिल्म घुसखोर पंडत के टाइटल को लेकर मुंबई के एक वकील ने लीगल नोटिस भेजा है, जिसमें इसे अपमानजनक बताते हुए तुरंत हटाने की मांग की गई है। वहीं दिल्ली हाई कोर्ट में भी एक याचिका में फिल्म की रिलीज को रोकने की मांग की गई है।

'अच्छा इंसान मिल जाए तो झटपट शादी कर लूं'

'मुझे अब तक शिद्दत वाला, मर-मिटने वाला प्यार नहीं हुआ, मैं बस उसी प्यार की तलाश में हूं, जब भी वो मुंबई आना चाहे, मुझसे मिल सकते हैं और मैं उस पागलों वाले प्यार में पड़ने के लिए तैयार हूं। मैं लाल जोड़े में दुल्हन बनने के लिए रेडी हूं। मेरे माता-पिता भी अब अपने नाती-नातिन के लिए तैयार हैं।'

मृणाल ठाकुर

छोटे पर्दे से अपने करियर की शुरुआत करने वाली मृणाल ठाकुर ने अपने छोटे से करियर में लंबा सफर तय किया है। मराठी फिल्म में काम कर चुकी मृणाल हिंदी फिल्म जगत के अलावा तेलुगू इंडस्ट्री में भी काफी एक्टिव है। इन दिनों वह चर्चा में है अपनी नई फिल्म दो दीवाने शहर में से। इस खास मुलाकात में मृणाल प्यार-मोहब्बत, शादी और जीवनसाथी पर खुलकर बात करती है।

Rekha.Khan@timesofindia.com

पहली बार स्कूल में क्लासमेट के प्रति आकर्षित हुई मृणाल कहती हैं, 'दूसरी से लेकर सातवीं कक्षा तक एक लड़का मुझे पसंद था, मगर मैं इतनी शर्मीली थी कि कभी कुछ कह ही न नहीं पाई। मेरी हिम्मत नहीं हुई कि मैं अपनी भावनाओं का इजहार कर पाती और उसके बाद मेरे पापा का ट्रांसफर हो गया और मैं दूसरे शहर चली गई, तो वो किस्सा एक कसक बन कर रह गया। उसके बाद तो हमारे लिए हमारे आकर्षण फिल्मी हीरो ही रहे।'

रितिक, शाहिद, जॉन को लेकर थी पागल

बचपन और टीनेज इयर्स के आकर्षण के बारे में वे कहती हैं, 'वो इनफैचुएशन नहीं बल्कि ऑब्सेशन था और वो था तीन हीरोज के प्रति। मेरी किताबों में इन हीरोज के कटआउट्स हुआ करते थे। उन फोटो के कटआउट्स को मैं छिपा-छिपा कर रखती थी और वो हीरो थे, रितिक रोशन, शाहिद कपूर और जॉन अब्राहम। आपको हंसी आएगी सुनकर, मगर जो साड़ी के बॉक्स आते थे, उस पर मैं और मेरी बहन इन हीरोज के फोटो काट कर चिपका देते और उन्हें बुकमार्क के रूप में संजो कर रखते थे। पापा को पता चला तो बहुत डांट पड़ती थी कि हम पढ़ाई के बजाय ये क्या कर रहे हैं? तकदीर देखिए, इन तीनों हीरोज के साथ मुझे काम करने का मौका मिला। रितिक के साथ मैंने सुपर 30 की, शाहिद कपूर के साथ जर्सी तो जॉन अब्राहम संग बाटला हाउस। मैं और मेरी बहन कई बार एक-दूसरे को देखकर बातें करते, हम लोग कहां से आए और आज कहां पहुंच गए। सच में रितिक, जॉन और शाहिद के साथ काम करते हुए कई बार मंत्रमुग्ध भी हुई हूं। जॉन को हम जेनेमन बुलाते हैं। वो अक्सर मेरी बहन का हाल-चाल पूछने के लिए कॉल करते हैं। शाहिद को मैं एक्टर के रूप में बहुत पसंद करती हूं, कई बार मैं इतनी खो जाती कि डायलॉग्स भूल जाया करती थी। शाहिद के साथ शूटिंग के पहले ही दिन मुझे थप्पड़ मारना था, मैं बहुत नर्वस थी। वाकई बहुत ही अविश्वसनीय है ये जर्नी। मेरी बहन मेरा मेकअप भी करती है, तो आज ही सुबह वो रो पड़ी थी, ये सोचकर कि हम जिस इंडस्ट्री में हैं, हमने उसके बारे में सोचा ही नहीं था।'

भयंकर झगड़े के बाद भी वो मुझे गले लगाए

अपने भावी साथी के बारे में वे कहती हैं, 'मुझे एक अच्छा इंसान मिल जाए, जिससे मेरा दिल भी मिले, हमारे बीच कंपेटिबिलिटी हो और मुझे सारी चीजें आसान लगें, तो मैं बेशक झटपट कर लूंगी शादी। आज कल डिवोर्स रेट बढ़ गए हैं और शादियां करने से लोग कतराते हैं। मुझे बेमेल शादी करके गलती नहीं करनी। मेरा बचपन से ख्वाब रहा है शादी करने का। मुझे लाल जोड़ा और लाल चूड़ियां पहनकर दुल्हन बनना है। मैं सिंदूर से अपनी मांग भरूं और मंगलसूत्र पहनूं। मगर बस जरूरत होती है ऐसे इंसान की, जिसे देखकर लगे हां, यही है वो। मैं जीवनसाथी के रूप में ऐसा लड़का चाहती हूं, जो मेरे मामले में हार न माने। मैं जानती हूं कि कई बार मैं जरूरत से ज्यादा इमोशनल हो जाती हूं। हर किसी में नेगेटिव ट्रेट्स होते हैं, मगर मुझे लगता है कि एक ऐसा इंसान हो जो भयंकर झगड़े के बावजूद मुझे गले लगाए। मृणाल रिलेशनशिप की अहमियत को समझाते हुए कहती हैं, 'मेरे लिए तो रिलेशनशिप में सबसे अच्छी बड़ी बात ये है कि मैं जैसी हूं, वैसा स्वीकार करें और तुम जैसे हो, मेरे लिए काफी हो। रिलेशनशिप में एक-दूसरे का उत्थान करके अगर हम बेहतर इंसान बन पाएं, प्रोग्रेस और ग्रो करें।' अपने पहले किस के बारे में वे कहती हैं, 'यह मुझे काफी पर्सनल लगता है, मगर इतना बता सकती हूं कि उस वक्त मैं कॉलेज में थी, जब ये हुआ था।'

सही समय पर शादी होना जरूरी है, ये अब समझने लगी हूं

मुझे लगता है कि शादी समय पर होनी जरूरी है। मैं पहले नहीं समझती थी, मगर अब समझती हूं। जैसे हमारी हथेली की पांचों उंगलियां एक जैसी नहीं हो सकती, वैसे ही जिंदगी में सब कुछ एक समान नहीं हो सकता। पहले सोचती थी कि करियर सेटल कर लूं तब शादी करूं, मगर अब ऐसा नहीं सोचती। हमारी इंडस्ट्री में कई हीरोइन ऐसी हैं, जिनकी शादी भी हो गई, करियर भी अच्छा चल रहा है और बच्चे भी हो गए हैं, क्योंकि आप अभी नहीं करेंगी, तो कब शादी करेंगी? साफ बात है कि शादी का प्रेशर मुझ पर था। मगर मैंने अपने माता-पिता को एक बात समझाई कि मुझे करने के लिए नहीं करनी शादी।'

मालती के लिए अस्पताल में 12-12 घंटे तक रुकते थे निक और प्रियंका

@nickjonas

अपनी बेटी के साथ निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा अक्सर फोटोज साझा करते हैं। अब एक बातचीत में निक ने उन मुश्किल दिनों की बात की है जब मालती पैदा हुई थी। जन्म के बाद मालती मैरी को लंबा समय NICU में बिताना पड़ा था। निक ने बताया कि उस दौरान प्रियंका और वह महीनों तक अस्पताल में 12-12 घंटे शिफ्ट में रुका करते थे और छह ब्लड ट्रांसफ्यूजन के बाद मालती ठीक हो सकी।

बकौल निक, 'मालती गंभीर परिस्थितियों में दुनिया में आई, जिसके बारे में मैंने पहले कभी वास्तव में बात नहीं की। हम उम्मीद कर रहे थे कि वह अप्रैल में आएगी, लेकिन फिर हमें एक कॉल आया कि वह जल्दी होने वाली है। हम अस्पताल पहुंचे और जब वह पैदा हुई तो उसका वजन कम था। उसका वजन 1 पाउंड 11 औंस (765 ग्राम) था और रंग लगभग बैंगनी था।' निक ने आगे बताया, 'वह कोविड का समय था इसलिए मेरी पत्नी और मैं साढ़े तीन महीने तक अस्पताल में करीब 12-12 घंटे की शिफ्ट में रुका करते थे। मुझे आज भी वहां का अनुभव याद है। हर दिन वहां रहना और दूसरे परिवारों को भी वैसी ही स्थिति से गुजरते देखना सुकून देने वाला भी था और डरावना भी।'

राजकुमार संग काम करेंगी आलिया

आलिया भट्ट इन दिनों अपनी फिल्म अल्फा और लव एंड वॉर की शूटिंग में व्यस्त हैं। मगर जल्द ही उनके ये दो प्रोजेक्ट पूरे हो जाएंगे। अब इन फिल्मों के पूरा होने से पहले ही आलिया के हाथ अगला प्रोजेक्ट भी लग गया है।

खबर है कि आलिया दृश्यम फेम डायरेक्टर अभिषेक पाठक की फिल्म हाउसवाइफ में नजर आएंगी। फिल्म एक रिलेशनशिप ड्रामा होगी। यह फिल्म एक मैरिड कपल पर आधारित होगी जिसमें आलिया भट्ट हाउसवाइफ के किरदार में नजर आएंगी। बात करें लीड ऐक्टर की, तो मेकर्स इसको लेकर राजकुमार राव के साथ संपर्क में हैं। सूत्र बताते हैं कि राजकुमार राव से अभी बातचीत का दौर जारी है। हालांकि उन्होंने फिल्म को लेकर दिलचस्पी जाहिर की है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो यह पहला मौका होगा जब आलिया और राजकुमार दोनों बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक अगस्त-सितंबर में इसकी शूटिंग शुरू हो सकती है।

थिएटर पर आएगी अल्फा!

बीते कुछ समय से चर्चा थी कि आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की फिल्म अल्फा अब सीधे OTT पर रिलीज होगी। मगर ताजा खबरों के मुताबिक यह फिल्म ओटीटी पर नहीं बल्कि थिएटर में ही रिलीज होगी। आदित्य चोपड़ा के स्पाई यूनिवर्स की इस फिल्म में बॉबी देओल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

देश

वोटर्स को 'मुफ्त की रेवड़ी' के खिलाफ SC करेगा सुनवाई

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट राजनीतिक दलों के चुनावी 'फ्रीबीज' के वादों के खिलाफ याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। गुरुवार को कोर्ट ने उस जनहित याचिका (PIL) को मार्च में सुनवाई के लिए लिस्ट करने पर सहमति जताई, जिसमें अतार्किक फ्रीबीज (मुफ्त उपहार) का वादा करने, उन्हें वितरित करने वाले दलों का चुनाव चिह्न जब्त करने या रजिस्ट्रेशन रद्द करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

जनहित याचिका पर मार्च में सुनवाई के लिए लिस्ट करने पर जताई सहमति।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच के सामने याचिकाकर्ता वकील अश्विनी उपाध्याय ने यह मामला उठाया। बेंच को बताया कि उनकी याचिका पर केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को 2022 में ही नोटिस जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने मामले को जल्द सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। एडवोकेट ने कहा कि सूरज और चांद को छोड़कर, चुनावों के दौरान राजनीतिक दल मतदाताओं से सब कुछ देने का वादा करते हैं और यह भ्रष्ट आचरण की श्रेणी में आता है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण मुद्दा है। आप कृपया इसका उल्लेख कर हमें याद दिलाइए। हम इसे मार्च में सूचीबद्ध करेंगे।'



25 जनवरी 2022 को तत्कालीन चीफ जस्टिस एन.वी. रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव से पहले इस जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा था।

महिलाओं और युवाओं के लिए ममता बनर्जी ने खोला खज़ाना

■ **भाषा, कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 4.06 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट पेश किया। इसमें सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं, युवाओं और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के लिए खजाना खोला है। महिलाओं के लिए फरवरी से 'लक्ष्मी भंडार' योजना के तहत मासिक अनुदान में 500 रुपये की बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। अब महिलाओं को एक हजार की जगह हर महीने डेढ़ हजार रुपये मिलेंगे।

राज्य की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए 'बंगला युवा साथी' योजना शुरू करने की घोषणा की। इसके तहत 21-40 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिलने तक या अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के लिए डेढ़ हजार रुपये का मासिक भत्ता दिया जाएगा।

अगर टीएमसी सत्ता में वापसी करती है तो यह योजना 15 अगस्त से शुरू की जाएगी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकों के भत्ते में एक हजार रुपये की वृद्धि की गई है। उनकी मृत्यु होने पर परिजनों को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का प्रस्ताव भी है। नागरिक स्वयंसेवकों और 'ग्रीन पुलिस' कर्मचारियों के लिए एक हजार रुपये की मासिक वेतन वृद्धि की घोषणा की गई।

'बाढ़ के लिए भूमि देने में आपत्ति नहीं'

■ **भाषा, कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की CM ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार को सीमा पर बाड़ लगाने के लिए भूमि देने में आपत्ति नहीं है। लेकिन, केंद्र सरकार को पहले राज्य में बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र को 15 किमी से बढ़ाकर 50 किमी करने के फैसले को रद्द करना होगा।

SIR के खिलाफ चर्चा की अनुमति नही

■ **भाषा, कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में SIR पर प्रस्तावित चर्चा को लेकर गुरुवार को खींचतान देखने को मिली। विधानसभा अध्यक्ष ने मामला SC में लंबित रहने के कारण इस मुद्दे पर चर्चा की अनुमति नहीं दी।

मेघालय की कोयला खदान में धमाका, 18 मौतें

■ **पीटीआई, शिलांग:** मेघालय में एक कथित अवैध कोयला खदान में विस्फोट से 18 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य के फंसे होने की आशंका है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हादसा थांगस्कू क्षेत्र में हुआ और अब तक 18 शव निकाले जा चुके हैं। बचाव दल तलाश अभियान में जुटे हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में संकेत मिलता है कि यह कोयला खदान अवैध रूप से चल रही थी। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं ताकि विस्फोट के सही कारण का पता लगाया जा सके और अवैध खदान चलाने वालों की पहचान हो सके।



पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में तीनों बहनों की मौत ब्रेन हैमरेज से

■ **NBT रिपोर्ट, टीएचए:** कोरियन जुनून में गाजियाबाद की तीन बहनों के आत्महत्या के मामले में पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिए। बुधवार शाम दिल्ली में अंतिम संस्कार हुआ। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार, ऊंचाई से गिरने से खून अधिक बह गया, ब्रेन हैमरेज होने से मौत हुई। परिजन खजूरी स्थित गांव गए, लेकिन तड़के फिर गाजियाबाद के फ्लैट लौट आए। इस बीच पिता ने करोड़ों के कर्ज की बात से इनकार किया और कहा कि मुझ पर 30 लाख का कर्ज है, जिसे चुका रहा हूं।

कोरियन जुनून



इनामी नक्सली उधम सिंह ढेर

■ **पीटीआई, बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 8 लाख रुपये के इनामी टॉप नक्सली मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि उसकी पहचान उधम सिंह के रूप में हुई, जो प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के दक्षिण बस्तर डिवीजन का डिविजनल कमिटी सदस्य था। बीजापुर जिले में गुरुवार को 12 नक्सलियों ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया।

नक्सली उधम सिंह पर 8 लाख रुपये का इनाम था।

ऑनलाइन कैब सर्विस में अब भारत टैक्सी भी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को देश की पहली सहकारिता आधारित टैक्सी सर्विस 'भारत टैक्सी' की शुरुआत की। अमित शाह ने कहा कि इस ऑनलाइन टैक्सी सेवा मंच से होने वाला लाभ इससे जुड़े ड्राइवरों को मिलेगा। यह सर्विस मौजूदा अन्य कैब सर्विस की तरह ऑनलाइन होगी। इस टैक्सी सेवा के तहत कस्टमर ना केवल कार, बल्कि ऑटो और टू-व्हीलर की भी बुकिंग कर सकेंगे। इसमें सर्ज प्राइज नहीं होगा। महिलाओं के लिए महिला ड्राइवर मिलेंगी। सुरक्षा की दृष्टि से भी यह औरों से बेहतर होगी। 5 लाख तक का सरकारी सुरक्षा योजना का लाभ भी मिलेगा। इमरजेंसी के लिए इसमें एसओएस बटन भी होगा। दिल्ली-एनसीआर में 8 हेल्पलाइन सेंटर भी बनाए गए हैं। इसमें कोई हिडन चार्ज यानी छिपी हुई कॉस्ट कस्टमर से नहीं ली जाएगी। आने वाले समय में इससे और भी कई सारी सर्विस जोड़ी जाएंगी। इस सर्विस से अब तक करीब ढाई लाख ड्राइवर और साढ़े आठ लाख लोग जुड़ चुके हैं।

श्री अमित शाह

■ अमित शाह ने कहा कि फिलहाल यह टैक्सी दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में शुरू की गई है।
■ अगले तीन साल में भारत टैक्सी सेवा को कश्मीर से कन्याकुमारी और द्वारका से कामाख्या तक पूरे देश में चालू कर दिया जाएगा।

इस अवसर पर दिल्ली मेट्रो, नागर विमानन मंत्रालय, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, जीएमआर और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया समेत कई स्टेक होल्डर के साथ एमओयू भी साइन किए गए। इस मंच से जुड़े ड्राइवरों को 'सारथी' कहा जा रहा है। यह उनके लिए स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, सेवानिवृत्ति बचत और समर्पित सहायता प्रणाली जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं को भी प्राथमिकता देता है।

भारत टैक्सी के बारे में अधिकारियों ने बताया कि यह सर्विस भी अन्य ऑनलाइन कैब सर्विस जैसी होगी। फिलहाल देश के ऑनलाइन टैक्सी बाजार पर उबर, ओला और रैपिडो जैसी कुछ चुनिंदा कंपनियों का वर्चस्व है। बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत भारत टैक्सी मंच की स्थापना छह जून, 2025 को की गई थी। इस मंच पर न तो किसी कमिशन का प्रावधान है और न ही व्यस्त समय में किसी तरह की किराया बढ़ोतरी का प्रावधान होगा। इसमें मुनाफे का सीधा वितरण ड्राइवरों के बीच किया जाता है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMIND User: cci Time: 02-05-2026 22:59 Color:

NBT AI टाइम मशीन

जब एस्ट्रोनॉट ने चांद पर खेला गोल्फ

आज ही के दिन 1971 में अपोलो 14 मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्री एलन शेफर्ड (Alan Shepard) ने चांद पर गोल्फ खेलकर इतिहास रचा था। उन्होंने गोल्फ क्लब के हेड को सैंपल कलेक्ट करने वाले टूल से जोड़कर एक गोल्फ स्टिक तैयार की थी। कम ग्रैविटी की वजह से उन्होंने जब बॉल को हिट किया, तो वह मीलों दूर जाकर गिरी। शेफर्ड द्वारा मारी गई दो गेंदें आज भी चांद की सतह पर मौजूद हैं।

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। मुंबई

शुक्रवार, 6 फरवरी 2026, पेज 12

चांद होगा नए खेलों का नया प्लेग्राउंड

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में चांद पर जाना उतना ही आसान हो होगा, जितना आज प्लेन से लंबी यात्रा करना। इसी वजह से वहां कई तरह के खेल भी संभव होंगे। कम ग्रैविटी में क्रिकेट और गोल्फ बिल्कुल अलग नजर आएंगे। गेंद देर तक हवा में तैरती रहेगी और एक शॉट बहुत दूर जाकर गिरेगा। ट्रांसपेरेंट डोम में धरती जैसा माहौल होगा। खिलाड़ी हल्के स्पोर्ट सूट पहनेंगे, AI अंपायर होंगे और रोबोटिक कोच मदद करेंगे। चांद नए खेलों का नया प्लेग्राउंड होगा।



AI Images

NTA ने UGC-NET रिजल्ट किया जारी

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : NTA ने UGC-NET दिसंबर 2025 का रिजल्ट जारी कर दिया है। इसके लिए 9.93 लाख रजिस्ट्रेशन हुए थे। 7.35 लाख स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी। एनटीए ने सब्जेक्ट और कैटिगरी के हिसाब से कटऑफ मार्क्स भी जारी किए हैं। जेआरएफ और असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए 5108 कैंडिडेट्स क्वॉलिफाई हुए हैं। पीएचडी में एडमिशन और असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति के लिए तय की गई कैटिगरी में 54713 कैंडिडेट्स क्वॉलिफाई हुए हैं। तीसरी कैटिगरी में 117058 कैंडिडेट्स ने एग्जाम क्लियर किया है।

आर्मी ने कई सड़कों, इमारतों के नाम बदले

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : इंडियन आर्मी कई सड़कों, इमारतों के नाम बदल रही है। औपनिवेशिक दौर के नामों की जगह अब वीरता पुरस्कार विजेताओं, युद्ध नायकों के नाम पर जगहों के नाम रखे गए हैं। एक अधिकारी ने कहा कि अपनी सैन्य विरासत को मजबूत पहचान देने और अंग्रेजों के समय के प्रतीकों से दूरी बनाने के लिए यह पहल की गई है। भारतीय सेना ने 246 सड़कों, इमारतों और अन्य सुविधाओं के नाम बदले हैं। वीरता पुरस्कार विजेताओं, युद्ध नायकों और प्रमुख सैन्य नेताओं के योगदान को सम्मान देते हुए नए नाम उनके नाम पर रखे गए हैं।

IAS-IPS जैसे ग्रुप-A अफसरों को शर्तों के साथ अब सिर्फ एक मौका

रैंक को सुधारने पर UPSC नियम बदले



■ NBT रिपोर्ट: संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) ने सिविल सर्विसेज एग्जाम 2026 में ऑथेंटिकेशन, एप्लीकेशन और आरक्षण से जुड़े बड़े बदलाव किए हैं। TOI के अनुसार जारी नोटिफिकेशन में योग्यता, परीक्षा के चरण, आवेदन की तारीखें और कुल 933 पदों की जानकारी दी गई है। जिन्हें ग्रुप-ए पोस्ट मिली, उन्हें दोबारा परीक्षा देने से रोक की बात है।

1 ग्रुप-A अफसरों को सिर्फ एक मौका जो उम्मीदवार ग्रुप-A सेवा में चुने जा चुके हैं, वे दोबारा परीक्षा नहीं दे सकेंगे। अब अगर ग्रुप-A या IPS मिलती है, तो उसे सिर्फ एक बार यानी 2027 में रैंक सुधारने का मौका मिलेगा वो भी तब जब उसे ट्रेनिंग जॉइन न करने की एक बार की तय छूट मिले। 2028 में परीक्षा के लिए इस्तीफा देना अनिवार्य होगा।

2 भाषा परीक्षा से छूट
नॉर्थ ईस्ट के उम्मीदवारों को अनिवार्य भारतीय भाषा पेपर (पेपर-A) से पहले की तरह छूट मिलेगी। यह नियम CSE नियम 2025 के अनुसार लागू रहेगा।

3 चार स्टेज में एप्लीकेशन
डिजिटल एप्लीकेशन चार चरणों में होगा। एक लाइफटाइम यूनिवर्सल रजिस्ट्रेशन नंबर मिलेगा, जो आगे सभी परीक्षाओं के लिए होगा।

4 लाइव फोटो, चेहरा सत्यापन जरूरी
नकल और फर्जीवाड़ा रोकने के लिए आवेदन के समय लाइव फोटो लेना और परीक्षा केंद्र पर फेस ऑथेंटिकेशन अनिवार्य कर दिया गया है।

5 करेक्शन का दूसरा मौका नहीं
सबसे सख्त नियम यह है कि एक बार आवेदन जमा हो जाने के बाद उसमें कोई भी बदलाव या वापसी नहीं हो सकेगी। इसका मतलब है कि आवेदन भरते समय पूरी सावधानी जरूरी होगी।

6 पहचान के लिए आधार को प्राथमिकता
हालांकि पहचान के लिए दूसरे दस्तावेज भी मान्य रहेंगे, लेकिन यूपीएससी ने तेज जांच के लिए आधार कार्ड इस्तेमाल करने की सलाह दी है। इससे प्रक्रिया आसान और तेज होगी।

7 आरक्षण के नियम भी सख्त
अब OBC (नॉन-क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों को चार वित्तीय वर्षों की आय के आधार पर सर्टिफिकेट देना होगा। वहीं EWS सर्टिफिकेट वित्त वर्ष 2024-25 से जुड़ा होना चाहिए और तय समय में जारी होना जरूरी है।

8 Pre और Mains के बाद लॉगिन जरूरी
पहली बार यह नियम लाया गया है कि प्रीलिम्स और मेंस के नतीजे आने के बाद उम्मीदवारों को तय समय में लॉगिन करना होगा। ऐसा न करने पर अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

9 ऑब्जेक्शन का समय कम
अब प्रश्नपत्र पर आपत्ति दर्ज करने के लिए सात की जगह सिर्फ पांच दिन मिलेंगे। इससे परीक्षा प्रक्रिया जल्दी आगे बढ़ सकेगी।

DGP नियुक्ति में देरी हो तो UPSC देखे: SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : DGP की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजने में बहुत देरी पर संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) को कई अधिकार दिए। कुछ राज्यों में कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त करने के चलन को भी गलत ठहराया। कोर्ट ने यूपीएससी को यह भी हक दिया कि वह डीजीपी नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजने के लिए राज्यों को रिमाइंडर भेज सके। अगर राज्य चूक करते हैं तो यूपीएससी को अवमानना कार्यवाही शुरू करने की स्वतंत्रता होगी। प्रकाश सिंह मामले में 2006 के निर्देशों के अनुसार, राज्य का डीजीपी राज्य सरकार द्वारा विभाग के तीन सबसे सीनियर अफसरों में से चुना जाना चाहिए, जिन्हें उस पद के लिए प्रमोशन के लिए यूपीएससी द्वारा पैनल में शामिल किया गया हो। 2018 के निर्देशों के अनुसार, राज्य सरकारों को मौजूदा डीजीपी की रिटायरमेंट से तीन महीने पहले अपने प्रस्ताव भेजने होते हैं, जिसके बाद यूपीएससी नामों का एक पैनल तैयार करती है, और उसी पैनल में से राज्य सरकार को नियुक्ति करनी होती है।

कोर्ट ने UPSC को ऐसे मामलों को अपने संज्ञान में लाने का अधिकार दिया

भारत टैक्सी सेवा का उद्घाटन!

आज ओमान में ईरान-US की परमाणु पर बातचीत

FILE

■ एपी, दुबई (UAE) : ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता ओमान में होगी। ईरान के विदेश मंत्री की बुधवार को की गई इस घोषणा से पहले ऐसे संकेत मिल रहे थे कि बातचीत के फॉर्मेट में बदलाव के कारण बातचीत में बाधा आ रही है। वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बातचीत से पहले ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को कड़ी चेतावनी दी।

ट्रंप ने एक इंटरव्यू में खामेनेई के बारे में कहा, मुझे लगता है कि उन्हें बेहद चिंतित होना चाहिए।

सी-प्लेन के लिए 3500 करोड़ का ऑर्डर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : देश में बढ़ते एविएशन सेक्टर में गुरुवार को दो और प्लेयर्स ने हाथ मिलाया। आर्मी और सिविल दोनों के लिए एंफीबियन यानी सी-प्लेन की डिमांड को पूरा करेंगे। दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में एक रणनीतिक साझेदारी के रूप में अपोजी एयरोस्पेस (Apogee Aerospace) ने ऑस्ट्रेलिया की एंफीबियन एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (AAI) को 15 एंफीबियन विमानों के लिए 3,500 करोड़ रुपये का ऑर्डर दिया।

इसके अलावा यह भारतीय कंपनी भारत में टेल-सेक्शन (विमान का पिछला हिस्सा) को बनाने, इनकी मेंटेनेंस और ओवरहॉल (MRO) सर्विस देने के लिए भी देश में इन्हें स्थापित करेगी।

एयरफोर्स इसी महीने पाकिस्तान बॉर्डर पर करेगी बड़ा युद्धाभ्यास

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : इंडियन एयरफोर्स इसी महीने पाकिस्तान बॉर्डर के पास जैसलमेर में 27 फरवरी को वायु शक्ति नाम से बड़ा युद्धाभ्यास करने जा रही है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद होने वाली इस बड़ी एक्सरसाइज में विदेशी मेहमान भी ये देख पाएंगे कि किस तरह ऑपरेशन सिंदूर में इंडियन एयरफोर्स ने पाकिस्तान के विरुद्ध चक्रव्यूह रचा था।



एक्सरसाइज वायुशक्ति में एयरफोर्स के वेस्टर्न और साउथ वेस्टर्न कमांड के एयरबेस पूरी तरह सक्रिय रहेंगे। एयरफोर्स के 100 से भी ज्यादा एयरक्राफ्ट शामिल होंगे। ये फाइटर जेट और दूसरे एयरक्राफ्ट भी इस एक्सरसाइज का हिस्सा होंगे जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाई थी। पहले भी वायुशक्ति एक्सरसाइज होती रही है। तब इस एक्सरसाइज में जो किया गया, वह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जीवंत होता दिखा दिल्ली स्थित मित्र देशों के दूतावासों से करीब 40 अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रह सकते हैं।

एक्सरसाइज में फाइटर जेट राफेल, सुखोई-30, तेजस, मिग-29, जगुआर, मिराज-2000 दिखेंगे। अटैक हेलिकॉप्टर प्रचंड भी हिस्सा होंगे। ऑपरेशन सिंदूर में लॉइटरिंग एम्युनिशन का इस्तेमाल किया गया था। वायुशक्ति में लॉइटरिंग एम्युनिशन से भी युद्धाभ्यास होगा।

US के क्रिटिकल मिनरल्स ब्लॉक को समर्थन: जयशंकर

■ भाषा, न्यू यॉर्क (US): विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि अहम खनिजों की सप्लाई कुछ ही देशों या इलाकों तक सीमित होने से कई तरह की दिक्कतें पैदा होती हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग बहुत जरूरी है। वॉशिंगटन में 'क्रिटिकल मिनरल्स मिनिस्टीरियल' सम्मेलन में उन्होंने क्रिटिकल मिनरल्स ब्लॉक का समर्थन किया।

उन्होंने कहा, भारत-अमेरिका के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौता अंतिम चरण में है और इसके विवरण को बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

असली आवाज़ का अहसास... अपनी भाषा में देख सकेंगे YouTube विडियो

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

YouTube पर अब विडियो अपनी पसंद की भाषा में देख सकेंगे। हिंदी, अंग्रेजी समेत 27 भाषाओं में देखने का विकल्प मिलेगा। कंपनी की प्रोडक्ट मैनेजर चंद्रलेखा मोताती (Chandralekha Motati) ने गुरुवार को बताया कि YouTube पर ऑटो डबिंग फीचर उपलब्ध है।

इस बार फोकस सिर्फ शब्दों पर नहीं, बल्कि भावनाओं पर भी है। YouTube ने एक्सप्रेसिव स्पीच नाम का फीचर लॉन्च किया है, जो फिलहाल हिंदी समेत 8 भाषाओं में है। इससे क्रिएटर की आवाज का उतार-चढ़ाव, जोश और इमोशन भी काफी हद तक महसूस होंगे। YouTube का स्मार्ट फिल्टर खुद पहचान लेगा कि कौन सा विडियो डब नहीं होना चाहिए, जैसे म्यूजिक विडियो या साइलेंट व्लॉग।

AI Image

मिलेगा पूरा कंट्रोल

नए अपडेट में दर्शक अपनी पसंदीदा भाषा सेट कर सकते हैं। अगर किसी विडियो को उसकी मूल भाषा में ही देखना चाहते हैं, तो यह भी संभव है। YouTube एक कदम और आगे बढ़ते हुए लिप सिंक टेक्नॉलजी भी टेस्ट कर रहा है। इसमें विडियो में बोलने वाले व्यक्ति के होंठ, डब की गई भाषा से मेल खाते हुए दिखेंगे, जिससे विडियो और ज्यादा नेचुरल लगेगा।

The loyalty reward scheme is subject to terms and conditions. For more details visit authorised dealership. The offers are valid only on Grand Vitara (up to ₹30 000) and Invicto (up to ₹50 000).

मुंबई महानगर

किले पाले स्थित बीएमसी के कूपर अस्पताल व मेडिकल में बेसिक गॉल ब्लैडर स्टोन (पित्ताशय की पथरी) रिमूवल सर्जरी ठप पड़ी है। -p3

HC ने मौजूदा, पूर्व सांसदों, विधायकों के खिलाफ पेंडिंग मुकदमों को लेकर राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। -p4

173
रहा मुंबई का AQI गुरुवार को, जो अनहेल्दी है।

35.1
अधिकतम तापमान दर्ज किया गया गुरुवार को। दिन में उमस महसूस की गई।

www.mumbai.nbt.in



BMC ने अब तक जारी किए 1,205 वर्क स्टॉप नोटिस

'डस्ट' से AQI ख़राब, बढ़ रहा कंस्ट्रक्शन से प्रदूषण

Neeraj.Tiwari@Timesofindia.com

■ मुंबई : मुंबई की हवा जहरीली होती जा रही है और इसके पीछे सबसे बड़ी वजह बनकर सामने आई है धूल (डस्ट)। बीएमसी की ओर से बॉम्बे हाई कोर्ट में पेश किए गए आंकड़े बताते हैं कि शहर की खराब AQI के पीछे सड़क और कंस्ट्रक्शन साइट की धूल की बड़ी भूमिका है। बीएमसी के अनुसार, सिर्फ रोड डस्ट से 30% और कंस्ट्रक्शन साइट के डस्ट से 9% मुंबई की हवा खराब हो रही है। बीएमसी प्रशासन लगातार यह दावा करता रहा है कि कंस्ट्रक्शन साइट्स पर AQI से जुड़े 30 नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है, लेकिन इन दावों की जमीनी हकीकत जानने के लिए नवभारत टाइम्स ने पड़ताल की, जिसमें कई जगहों पर नियमों की खुली अनदेखी सामने आई है:

Kaushik Naik

मुंबई में कंस्ट्रक्शन साइट्स पर बड़े पैमाने पर नियमों का उल्लंघन

गुरुनानक रोड, बांद्रा वेस्ट
वर्क स्टॉप नोटिस से काम बंद

गुरुनानक रोड, बांद्रा वेस्ट के कंस्ट्रक्शन साइट में काम पूरी तरह बंद है। BMC ने नियम का पालन न करने की वजह से कंस्ट्रक्शन साइट को वर्क स्टॉप नोटिस दिए जाने की जानकारी दी है।

कबूतरखाना, दादर वेस्ट:
बैरिकेडिंग : एक तरफ नहीं, AQI सेंसर : पाया गया



दादर वेस्ट के कबूतरखाना के पास कंस्ट्रक्शन साइट में सेंसर लगा पाया गया, लेकिन बैरिकेडिंग एक तरफ नहीं है। वहीं, कंस्ट्रक्शन साइट के पास सड़क साफ मिली, जबकि जाली केवल नाम मात्र की ही दिखाई दी।

मुंबई में 2,224 कंस्ट्रक्शन साइट

BMC के अनुसार, मुंबई में कुल 2,224 कंस्ट्रक्शन साइट हैं, इनमें से 2021 कंस्ट्रक्शन साइट पर AQI सेंसर लगाए गए हैं। 1454 कंस्ट्रक्शन साइट को सेंट्रल डैशबोर्ड से जोड़ा गया है, 1215 कंस्ट्रक्शन साइट का डाटा डैशबोर्ड में दिखाना शुरू कर दिया गया है। नियमों का पालन न करने की वजह से 31 जनवरी तक कुल 1206 वर्क स्टॉप नोटिस BMC द्वारा जारी कर काम बंद करवा गया है।

ख़राब AQI के प्रमुख कारण

बीएमसी के आंकड़ों के मुताबिक, 30% प्रदूषण सड़क की धूल (रोड डस्ट) से होता है, वहीं, 9% योगदान कंस्ट्रक्शन डस्ट का है। इसके अलावा, इंडस्ट्री और नॉन-क्लीन फ्यूल से 20%, समुद्र और मरीन गतिविधियों से 18%, नॉन-क्लीन फ्यूल से चलने वाले वाहनों से 14% प्रदूषण होता है। मुंबई की खराब हवा के पांच कारण हैं।

BMC का ऐक्शन प्लान

मुंबई की एयर क्वालिटी को ठीक करने के लिए BMC प्रशासन ने कुल 30 नियम कंस्ट्रक्शन साइट के लिए बनाए हैं। इसके अलावा 94 स्क्वाड की रचना की है, जो नियमों के पालन की जांच करेंगे। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर ऐक्शन लेंगे। BMC ने पानी छिड़क कर रास्तों की धूल कम करने के लिए डीप क्लीन ड्राइव शुरू की है।

कृष्णा जी वामन चिथले रोड
सीमेंट की बोरियां ढकी नहीं थी

कृष्णा जी वामन चिथले रोड पर स्थित मंदिर के पास वाले कंस्ट्रक्शन साइट पर AQI सेंसर लगा था। यहां जाली नाम मात्र की है। निर्माणाधीन बिल्डिंग के अंदर सीमेंट की बोरियां और कंस्ट्रक्शन का कचरा ढका हुआ नहीं था।

भवानी शंकर रोड, दादर वेस्ट
बैरिकेडिंग : देखी गई, AQI सेंसर : पाया गया



दादर वेस्ट में ही भवानी शंकर रोड के पास हो रहे निर्माण कार्य में सभी प्रकार के नियमों का पालन हो रहा था। इसमें सेंसर लगे थे, रास्ते साफ थे। जाली और बैरीकेडिंग भी थी। ध्वनि प्रदूषण की मॉनिटरिंग हो रही थी।

टर्नर रोड, बांद्रा वेस्ट
AQI सेंसर-नहीं, जाली-फटी हुई



बांद्रा वेस्ट के टर्नर रोड पर जारी कंस्ट्रक्शन साइट में AQI सेंसर नहीं था। यहां चारों तरफ जाली लगाई गई है, लेकिन जाली पूरी तरह फट चुकी है। इस कंस्ट्रक्शन साइट के पास की सड़क साफ थी।

"कंस्ट्रक्शन साइट्स पर नियमों के पालन के संबंध में वॉर्ड ऑफिसरों तक को नोटिस जारी कर उन्हें अलर्ट किया गया है। अगर उनके स्तर पर भी ढिलाई पाई गई, तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। मुंबई की एयर क्वालिटी सुधारने के लिए सभी को बीएमसी का साथ देना होगा।
-अविनाश ढाकणे, अडिशनल कमिश्नर, BMC

ऐसे करें शिकायत
BMC हेल्पलाइन 1916,8169681697 पर WhatsApp

तुरंत कार्रवाई के लिए क्या करें
सबसे पहले धूल या प्रदूषण की साफ फोटो लें। इसे MyBMC ऐप या बीएमसी के WhatsApp नंबर पर भेजें। यदि कार्रवाई नहीं होती है तो MPCB, फिर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) और अंत में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) में Nyaaya+1 के जरिए शिकायत की जा सकती है।

एक्सप्रेस वे के विस्तार को मंज़ूरी का इंतज़ार

Pankaj.Pandey@Timesofindia.com

AI image



■ मुंबई : एक गैस टैंकर के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे 30 घंटे तक बाधित रहा था। हाइवे के अचानक बंद होने से सैकड़ों गाड़ियां करीब 14 घंटे तक एक ही स्थान खड़ी रहीं। राज्य का अहम हाइवे होने के बावजूद पिछले 4 महीने से हाइवे के विस्तार के प्रस्ताव पर सरकार कोई निर्णय नहीं ले पा रही है।

> 4 महीने से मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे के विस्तार का प्रस्ताव लंबित

महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास महामंडल ने नवंबर में हाइवे का विस्तार प्रस्ताव सरकार के पास भेजा था। इसके तहत 6 लेन के हाइवे को 10 लेन के हाइवे बनाने का प्लान है। विस्तार पर 16 हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। एमएसआरडीसी के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश पाटिल के अनुसार, विस्तार के लिए करीब 16 हजार करोड़ रुपये का प्रस्ताव सरकार के पास भेजा है, लेकिन राज्य के अलग-अलग इलाकों में चल रहे चुनाव से लागू आचार संहिता से प्रस्ताव मंजूर नहीं हो पाया है। प्लान को जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

हाइवे से गुजरने वाले वाहनों की संख्या में इज़ाफ़ा

2002 में मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे खोला गया था। कुछ वर्षों तक यात्रियों का सफर बिना किसी परेशानी के होता रहा। बीते कुछ वर्षों में मुंबई, पुणे और उसके करीब के परिसर में आबादी बढ़ने व अन्य कारणों से यहां वाहनों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। वाहनों की संख्या बढ़ने से हाइवे पर आए दिन ट्रैफिक जाम होने लगा है। वहीं, छुट्टियों के दिन हाइवे पर कई किमी तक वाहनों की कतार लग जाती है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

जल्द निर्णय लेने की जरूरत

मंगलवार शाम गैस से भरे टैंकर के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक बार फिर हाइवे के विस्तार की जरूरत महसूस की गई। अगर हाइवे पर 10 लेन होते, तो पूरे हाइवे को 13 घंटे तक बंद नहीं करना पड़ता। कुछ लेन बंद कर ट्रैफिक का मूवमेंट शुरू करना संभव होता। मंगलवार शाम से हाइवे पर लगे ट्रैफिक जैम को क्लियर करने में प्रशासन को 35 घंटे से अधिक का समय लग गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाइवे विस्तार के प्लान पर जल्द निर्णय लेने की जरूरत है।

12वीं के इंग्लिश पेपर में सही रणनीति है जरूरी

10 फरवरी को पेपर, अब तैयारी नहीं, बल्कि सही फैसले है जरूरी

Navin.Pandey@Timesofindia.com

■ मुंबई: बारहवीं बोर्ड परीक्षा की घड़ी अब टिक-टिक नहीं, सीधे अलार्म बजा रही है। 10 फरवरी को इंग्लिश का पेपर है। यानी छात्रों के पास पूरे सिलेबस को फिर से पढ़ने का वक्त नहीं, बल्कि जो पढ़ा है उसे सही तरीके से इस्तेमाल करने का समय है। इंग्लिश ऐसा विषय है, जिसमें आखिरी कुछ दिनों की समझदारी भी स्कोर को ऊपर खींच सकती है-बस यह जानना जरूरी है कि क्या करना है और क्या बिल्कुल नहीं करना है।

पेपर पैटर्न समझना ही आधी तैयारी: इंग्लिश की परीक्षा 100 अंकों की होती है, जिसमें 80 अंक लिखित और 20 अंक ओरल के होते हैं। लिखित पेपर चार हिस्सों में बंटा रहता है-प्रोज, पोएट्री, राइटिंग स्किल्स और नॉवेल। पहले दो प्रश्न प्रोज सेक्शन से आते हैं, जिनमें सीन और अनसीन पैसेज शामिल रहते हैं। ये ऐसे सवाल होते हैं, जहां जवाब पहले से रटा हुआ नहीं, बल्कि दिए गए पैसेज से ही निकालना होता है। इसलिए इन दिनों नए चैप्टर शुरू करने के बजाय पैसेज पढ़कर सवाल हल करने की आदत ज्यादा फायदेमंद होती है। यही सेक्शन समरी, एरर, वोकेब्लरी और लैंग्वेज स्टडी के जरिए 34 अंक दिलाने की क्षमता रखता है।

AI image

नॉवेल: कम शब्द, सटीक जवाब

नॉवेल सेक्शन पूरी तरह याददाश्त और प्रेजेंटेशन का खेल है। चार उपप्रश्नों में कहीं मैचिंग, कहीं विकल्प और कहीं 50 शब्दों में उत्तर लिखना होता है। यहां लंबा लिखना नहीं, सही बिंदु उठाना अंक दिलाता है। मॉडल पेपर देखकर यह समझना जरूरी है कि सवाल किस तरह पूछे जाते हैं।

"सही प्रश्न चुनना, तय ढांचे में लिखना और समय पर पेपर पूरा करना-यही इंग्लिश में अच्छे अंक दिलाता है। छात्रों को कम से कम पांच मॉडल पेपर जरूर देख लेने चाहिए।
– निखिल पंड्या, वरिष्ठ शिक्षक, डी. एल. न्यू हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज

अब क्या करें?

- परीक्षा में प्रश्न-पत्र को पहले पढ़ें और शत-प्रतिशत हल करने की कोशिश करें।
- हर प्रश्न के लिए समय निर्धारित करें, जिससे सभी प्रश्न समय पर हल हो सकें।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें और सही प्रारूप का पालन करें।
- पिछले वर्षों के प्रश्न-पत्र जरूर हल करें।
- अनसीन पैसेज और राइटिंग स्किल्स में प्रैक्टिस करें और स्ट्रेटेजी पर ध्यान दें।
- स्पीच और लेटर राइटिंग पर ध्यान दें।

केवल 5 इलाकों में वायु गुणवत्ता ठीक

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: वायु गुणवत्ता के मद्देनजर फरवरी महीने की शुरुआत कुछ खास नहीं रही है। लगातार 5वें दिन भी एक्यूआई 100 के पार रहा, जिसे असंतोषजनक माना जाता है। शुक्रवार को केवल 5 इलाकों में ही वायु गुणवत्ता ठीक रही, यानी 100 एक्यूआई से कम दर्ज की गई। वायु प्रदूषण पर मॉनिटरिंग करनेवाली सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के ऐप समीर के रीडिंग के अनुसार शुक्रवार को मुंबई की औसत वायु गुणवत्ता 125 एक्यूआई थी। इनमें सायन में 83 एक्यूआई, पवई में 84, बोरीवली में 93, देवनार में 77 और मुलुंड में 94 एक्यूआई दर्ज की गई। वहीं सबसे ज्यादा एक्यूआई अंधेरी में 170, मालाड में 156, कोलाबा में 147 और भायखला में 140 एक्यूआई दर्ज की गई, जो स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है।

परीक्षा केंद्रों तक पहुंचीं उत्तर पुस्तिकाएं और बारकोड

Navin.Pandey@Timesofindia.com

■ मुंबई : महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं को लेकर अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह जानकारी बोर्ड अधिकारियों, केंद्र संचालकों, पर्यवेक्षकों और उड़न दस्ता (स्क्वॉड) की आयोजित बैठक में सामने आई। इस अवसर पर मुंबई विभाग के चेयरमैन राजेंद्र अहिरे, विभागीय सचिव ज्योत्सना शिंदे सहित अन्य मौजूद रहे। परीक्षा केंद्रों तक उत्तरपुस्तिकाएं पहुंचा दी गई थीं। बैठक के दौरान केंद्र संचालकों को बोर्ड की ओर से उत्तरपुस्तिकाएं और उन पर लगाए जाने वाले बारकोड सौंपे गए।

"बोर्ड ने परीक्षा की तैयारियों को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए हैं। उत्तरपुस्तिकाओं और बारकोड की समय पर उपलब्धता से परीक्षा प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और भरोसेमंद होगी।
- धर्मेंद्र वाघ, प्रिंसिपल, सर एली कदूरी स्कूल ऐंड जूनियर कॉलेज

AI image



बारकोड व्यवस्था पर विशेष जोर

बैठक में बारकोड प्रणाली के सही और समयबद्ध उपयोग को लेकर भी मार्गदर्शन किया गया। बोर्ड अधिकारियों ने बताया कि बारकोड के माध्यम से उत्तरपुस्तिकाओं की पहचान और मूल्यांकन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी है। केंद्र संचालकों को निर्देश दिए गए कि वे बारकोड से संबंधित सभी प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आर्थिक तौर पर देखें तो आज का दिन कष्टपूर्ण होगा। बेहतर होगा आज आप किसी भी व्यक्ति से जान सोच-समझकर ही लें। पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं अच्छे मित्र भी बढ़ेंगे। आज पत्नी पक्ष से उत्तम सहयोग प्राप्त हो सकता है। रात का समय परिजनों के साथ आमोद-प्रमोद में बीतेगा।

TAURUS 20 Apr - 19 May
आज का दिन बहुत व्यस्तता का होगा। दिनभर की भागदौड़ के बीच सावधानी बरतें। आपकी निर्णय लेने की क्षमताओं का आज आपको लाभ मिल सकता है। आज रुके हुए कार्यों की पूर्ति होगी। किसी काम में विनियोग करना पड़े तो दिल खोलकर करें, आगे चलकर उसका भरपूर लाभ मिलेगा।

GEMINI 21 May - 21 Jun
यदि आप किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो आज कष्ट की वृद्धि हो सकती है। आज आप जिस भी कार्य को करने की सोचेंगे, उसमें रुकावटों का सामना करेंगे। अचानक से कुछ लाभ होने से आपकी धर्म, अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ जाएगी। संतान पक्ष से भी शाम तक कोई हर्षदायक समाचार मिलेगा।

CANCER 22 Jun - 22 July
भाग्य की दृष्टि से आज का दिन उत्तम रहेगा। आपके परिश्रम का फल भी आपको आज के दिन मिल सकता है। संतान के प्रति अपना विश्वास रखें। आज ननिहाल पक्ष से प्रेम एवं विशेष सहयोग मिलने की संभावना है। हो सकता है आप आज के दिन फिजूल खर्च करें। हालांकि शाम तक आपको कोई विशेष सफलता मिलेगी, जिससे आपके शत्रु परेशान होंगे।

LEO 23 July - 22 Aug
आज का दिन मिश्रित फलदायक है। मानसिक अशांति, खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से दिन के उत्तरार्ध में राहत मिलेगी। ससुराल पक्ष से आज नाराजगी के संकेत मिलेंगे। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आज आपमें निर्भीकता का भाव रहेगा तथा साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। आपको अपने माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। कुछ भी कार्य करने से पहले उनकी सलाह जरूर लें। आप मन से दूसरों का भला करने की सोचेंगे, किंतु लोग इसको आपकी मजबूरी या स्वार्थ ही समझेंगे।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज का दिन आपके लिए शुभ है। जिस भी कार्य को करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। आपके अधिकार व संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों का भला सोचेंगे एवं उनकी मदद के लिए तैयार भी रहेंगे। नवम भाग्य भाव में बृहस्पति मिथुन राशि का होकर विराजमान है अतः आज आप अपने गुरु के प्रति पूर्ण भक्ति भाव व निष्ठा रखें।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आज आपका मन सुबह से ही किसी पुरानी बात को लेकर अशांत रहेगा। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। शाम तक आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। यदि कोई वाद-विवाद राज्य में लंबित है तो उसमें सफलता मिलने की पूर्ण संभावना है।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज आपके ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके अंदर दान-पुण्य एवं परोपकार की भावना भी विकसित होगी। आप धार्मिक अनुष्ठानों में रुचि लेकर पूर्ण सहयोग करेंगे। भाग्य की ओर से भी आपको आज पूर्ण सहयोग मिलेगा, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। शाम में अच्छे अवसर मिलेंगे।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ-साथ ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान-सम्मान मिलेगा। अपने व्यवसाय में भी आपका मन लगेगा एवं रुके हुए कार्य पूर्ण हो जाएंगे। किसी नए कार्य में इन्वेस्ट करना पड़े तो अवश्य करें।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
आज का दिन नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा। आप सीमित एवं आवश्यकतानुसार ही व्यय करें। आपको अपने परिजनों से विश्वासघात होने की संभावना है। सांसारिक सुख-भोग की वस्तुओं में आप धन खर्च कर सकते हैं। व्यवसाय में समीप की यात्रा भी हो सकती है।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज चतुर्थ भाव में मिथुन राशि का बृहस्पति होने के कारण बहुत समय से लटका हुआ पुत्र या पुत्री से संबंधित किसी विवाद का हल निकल आएगा। खुश मिजाज व्यक्तित्व होने के कारण अन्य व्यक्ति आपसे संबंध बनाने की चेष्टा करेंगे। सामाजिक सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। रात्रि में प्रियजनों के साथ कहीं घूमने जाएंगे।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

मंगल चंद्रमा और राहु वर्ष के स्वामी हैं। फरवरी के अंत के 10 दिनों में अच्छी नौकरी के योग हैं। यदि आप किसी पुराने विवाद, मुकदमे अथवा उलझन में व्यस्त हैं तो मार्च में इन सबसे छुटकारा मिल जाएगा। कुछेक जातक जिनके जन्म कालीन ग्रह पीड़ित हैं और वर्तमान में शनि राहु केतु की दशाओं से ग्रस्त हैं, उनके लिए आगामी अप्रैल महीने की शुरुआत से लेकर मई महीने के अंत तक विशेष परिश्रम के उपरांत संतोषजनक आर्थिक सफलता मिल जाएगी। जबकि व्यापारियों को प्रतिस्पर्धा और आर्थिक तेजी-मंदी का प्रकोप जून माह की शुरुआत से लेकर जुलाई महीने के अंत तक झेलना पड़ेगा। बेहतर होगा इस दौरान जल्दबाजी में कोई भी फैसला न लें, अन्यथा बाद में पछताना पड़ सकता है। कुछ लोगों को अगस्त से लेकर सितंबर और अक्टूबर महीने तक अपने वाहन मशीनरी आदि का लाभ होगा। नवंबर से लेकर दिसंबर महीने के अंत तक में पुनः व्यापार में शैथिल्य रहेगा। यह समय है व्यापार में नवीनता लाने का। जनवरी 2027 से फरवरी और मार्च महीने के अंत तक में व्यापार तेज होकर लाभ मिलेगा। महिलाओं की महत्वाकांक्षा पूर्ण होगी। विद्यार्थियों को सामान्य परिश्रम से ही अच्छी सफलता प्राप्त होगी। अच्छे परिणाम के लिए बुधवार को गाय को पालक खिलाते रहें।
-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(शनिवार, 7 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिती माघ 18, शक संवत 1947, फाल्गुनी कृष्ण षष्ठी, शनिवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 25, शाबान 18, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 7 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल प्रातः 9 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक। षष्ठी तिथि अर्धरात्रोत्तर 2 बजकर 29 मिनट तक उपरांत स्वाति नक्षत्र का आरंभ। शूल योग रात्रि 11 बजकर 41 मिनट तक उपरांत गण्ड योग का आरंभ। वव करण अपराह्न 2 बजकर 7 मिनट तक उपरांत विष्टि करण का आरंभ। चंद्रमा अपराह्न 1 बजकर 22 मिनट तक कन्या उपरांत तुला राशि पर संचार करेगा।

सुडोकू

		8	6		7	2		
	9	5				4	8	
	2		5		6		3	
6		3		1		8		4
	1		8		2		5	
	8	9				1	6	
		2	1		4	3		

TELEVISION



big magic

09:00	बबलू डबलू
10:00	संदूक बुक्कक
11:00	रुद्र के रक्षक
11:30	अलादीन
12:00	चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:30	भ से भाई
14:30	हम पांच
15:00	अजब देश की गजब कहानी
16:30	प्यार मोहब्बत हैपी लकी
19:30	रुद्र के रक्षक
21:00	पौरस

फटाफट खबरें

ऐक्टर गोविंदा को धमकी, जांच जारी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा को हाल ही में कुछ अज्ञात लोगों द्वारा जान से मारने की धमकियां मिली थीं। अभिनेता को मिली धमकियों ने मुंबई पुलिस की चिंता बढ़ा दी है। गोविंदा के मैनेजर ने मीडिया को बताया कि गोविंदा को कई बार जान से मारने की धमकी दी गई है। मुंबई स्थित उनके घर पर भी कुछ अज्ञात लोगों द्वारा उन्हें निशाना बनाने की कथित कोशिश की गई। हालांकि गोविंदा पूरी तरह सुरक्षित है। एहतियातन घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। धमकी किसने दी है, फिलहाल यह पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

400 मीटर की टैक्सी राइड में 200 डॉलर ठगे

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: सहार पुलिस ने एक अमेरिकी महिला से 400 मीटर की टैक्सी यात्रा के बदले 200 डॉलर (करीब 18 हजार रुपये) ठगने के मामले में दूसरे आरोपी तौफीक शेख (39) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, शेख ने टैक्सी चालक देशराज यादव के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। घटना के बाद शेख उत्तर प्रदेश फरार हो गया था, जिसे मुंबई लौटने पर गिरफ्तार किया गया। इससे पहले यादव को 28 जनवरी को पकड़ा गया था। शेख पर ऐसे तीन पुराने मामले दर्ज हैं। पीड़िता से औपचारिक शिकायत दर्ज कराने की कोशिश जारी है।

मालाड में युवती से छेड़छाड़, आरोपी अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मालाड पूर्व में सड़क पर युवती से छेड़छाड़ के मामले में दिंडोशी पुलिस ने 46 वर्षीय आरोपी संतोष शर्मा को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। घटना 31 जनवरी की शाम की है, जब 20 वर्षीय युवती काम से घर लौट रही थी। पीछे से आए आरोपी ने उसका मुंह दबाकर अश्लील हरकत की। युवती ने साहस दिखाते हुए आरोपी की हथेली काट ली और शोर मचाया, जिससे वह फरार हो गया। पुलिस ने 162 सीसीटीवी कैमरों की जांच कर आरोपी को पकड़ा। मेडिकल जांच में उसके हाथ पर दांतों के निशान मिले।

कूपर अस्पताल में नहीं हो रही गॉल ब्लैडर सर्जरी

महीनों से खराब पड़ा है लेप्रोस्कोपी इंस्ट्रूमेंट

Suraj.Pandey@timesofindia.com



AI Image

■ मुंबई: विले पार्ले स्थित बीएमसी के कूपर अस्पताल व मेडिकल में बेसिक गॉल ब्लैडर स्टोन (पित्ताशय की पथरी) रिमूवल सर्जरी ठप पड़ी है। कई महीनों से सर्जरी न होने के चलते मरीजों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सर्जरी के लिए लगने वाली लेप्रोस्कोपी इंस्ट्रूमेंट खराब होने के चलते यह समस्या हो रही है। अब अस्पताल राह देख रहा है कि कब उन्हें नया इंस्ट्रूमेंट मिले।

कूपर अस्पताल में लेप्रोस्कोपी इंस्ट्रूमेंट की मदद से महीने में 30 से अधिक गॉल ब्लैडर सर्जरी की जाती है, लेकिन करीब 6 महीने से डॉक्टर सर्जरी नहीं कर पा रहे हैं। उपनगर की निवासी सावित्री गिरी के अनुसार, नवंबर में पेट में तेज दर्द के बाद वे कूपर अस्पताल गई थीं, जहां जांच में गॉल ब्लैडर स्टोन की पुष्टि हुई। डॉक्टरों ने एक महीने बाद सर्जरी के लिए बुलाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर सिर्फ नंबर देकर भेज दिया गया। अब तक कॉल नहीं आया है।

कूपर अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि अस्पताल में मौजूद लेप्रोस्कोपी सिस्टम अब आउटडेटेड हो चुका है। वर्ष 2017 में दान से प्राप्त यह मशीन अपनी पूरी लाइफ साइकिल पूरी कर चुकी है। हाल ही में इसमें तकनीकी खराबी आई, लेकिन कंपनी ने साफ कर दिया कि यह मॉडल अब रिपेयर योग्य नहीं है। इस संदर्भ में कूपर अस्पताल के डीन और डेप्युटी म्युनिसिपल कमिश्नर शरद उघड़े से कॉल के माध्यम से संपर्क किया गया, लेकिन उनकी ओर से कॉल नहीं लिया गया।

HD की जगह 'पुराना टीवी' जैसा विजन

सूत्रों के अनुसार, कूपर में दो लेप्रोस्कोपी इंस्ट्रूमेंट थे। एक सिस्टम बेहतर विजन वाला था, जो अब मेंटेनेंस के बाद पूरी तरह अनुपयोगी हो गया है। दूसरा सिस्टम सिंगल-चिप तकनीक पर आधारित है, जिसका विजन कमजोर है। लेप्रोस्कोपी सर्जरी में साफ और हाई-डेफिनिशन विजन बेहद जरूरी होता है। कमजोर इमेज क्वालिटी में ऑपरेशन करने से मरीज के लिए जोखिम बढ़ सकता है।

> मरीजों को हो रही असुविधा के लिए अस्पताल प्रशासन और बीएमसी स्वास्थ्य विभाग के डेप्युटी म्युनिसिपल कमिश्नर से बात कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि मरीजों के लिए आवश्यक इंस्ट्रूमेंट जल्द से जल्द अस्पताल को उपलब्ध कराई जाए। मुंबईकरों के लिए बीएमसी प्रतिबद्ध है।
>
> *गणेश खणकर, ग्रुप लीडर, बीएमसी, बीजेपी*

मशीन खरीदने में इसलिए हो रही है देरी

NBT Lens — खबरों के अंदर की बात

अस्पताल ने नई लेप्रोस्कोपी मशीन के लिए बीएमसी प्रशासन के पास प्रस्ताव भेजा था। यह प्रस्ताव भेजे काफी समय बीत चुका है। किसी ने प्रशासन की उदासीनता बताई, तो किसी ने कहा कि प्रपोजल ठीक नहीं था। उसमें कुछ कमी थी, जिन्हें ठीक कर फिर से प्रस्ताव भेजा गया है। अब लेप्रोस्कोपी मशीन खरीदी की प्रक्रिया कब तक पूरी होगी, यह देखना होगा।

DHFL मनी लॉन्ड्रिंग केस से हुई बरी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: विशेष विशेष अदालत ने दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्प लिमिटेड (DHFL) को 5060 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग केस से बरी कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि इनसाल्वेंसी कानून के तहत डीएचएफएल कानून के तहत राहत पाने की हकदार है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि डीएचएफएल को एक कॉर्पोरेट इकाई के तौर पर आरोप मुक्त किया गया है। यह मामले में शामिल व्यक्तियों पर लागू नहीं होगा।

AESL ने की 1 करोड़ स्मार्ट मीटर की डिलिवरी



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (AESL) ने ऊर्जा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए डिस्कॉम्स को 1 करोड़ स्मार्ट मीटर की डिलिवरी पूरी कर ली है। कंपनी का दावा है कि यह उपलब्धि भारत ही नहीं, दुनिया में भी पहली बार किसी कंपनी ने हासिल की है। AESL को पांच राज्यों में करीब 2.5 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाने की जिम्मेदारी मिली है और फिलहाल रोजाना लगभग 25 हजार मीटर इंस्टॉल किए जा रहे हैं। कंपनी अगले एक साल में 1 करोड़ और स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी कर रही है।

कंपनी ने 31 मार्च 2026 तक 1 करोड़ मीटर लगाने का लक्ष्य तय किया था, जिसे तय समय से पहले पूरा कर लिया गया। स्मार्ट मीटरिंग से उपभोक्ताओं को रियल-टाइम बिजली खपत की जानकारी मिलती है, जिससे बिलिंग में पारदर्शिता बढ़ती है और बिजली वितरण प्रणाली अधिक कुशल बनती है। यह पहल केंद्र सरकार की रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (RDSS) के तहत डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को मजबूती देती है।

AESL के सीईओ कंदर्प पटेल ने कहा कि स्मार्ट मीटर ऊर्जा के बेहतर उपयोग, बिजली चोरी रोकने और नवीकरणीय ऊर्जा को ग्रिड से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

सीट को लेकर लोकल ट्रेन में झगड़ा, मारा पत्थर

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: लोकल ट्रेन में सीट को लेकर यात्रियों के बीच हुए झगड़े में एक 28 वर्षीय व्यक्ति घायल हो गया। इस मामले में बांद्रा जीआरपी ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित एक यात्री अंधेरी में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। वह रात 10:40 बजे की अंधेरी रेलवे स्टेशन से चर्चगेट जाने वाली फास्ट लोकल ट्रेन में चढ़ा था। उसके कोच में दो यात्रियों के बीच सीट को लेकर झगड़ा हो रहा था। रात 11 बजे ट्रेन बांद्रा पहुंची, तो झगड़ा कर रहे यात्रियों में से एक पटरी पर कूद गया और पत्थर उठाकर ट्रेन में फेंका। पत्थर यात्री की आंख के नीचे लगा। बांद्रा स्टेशन मास्टर ने जीआरपी की मदद से यात्री को भाभा हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां उसे आंखों के डॉक्टर के पास जाने की सलाह दी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

> हादसे में एक दूसरा यात्री हुआ घायल, बांद्रा जीआरपी कर रही आरोपी की तलाश

स्पोर्ट्स क्लब चुनाव में विनय जैन ग्रुप की जीत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: गोरेगांव स्पोर्ट्स क्लब की 2026-2028 द्विवार्षिक कार्यकारिणी समिति के चुनाव में विनय जैन ग्रुप ने 24 में से 16 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि डॉ श्याम अग्रवाल ग्रुप को 8 सीटें मिलीं। क्लब के 11 हजार सदस्यों में से 4665 ने मतदान किया। चुनाव में उतरी सभी पांच महिला उम्मीदवार विजयी रहीं।

विनय जैन ग्रुप से विनय जैन, प्रदीप जैन, संजय मालू, सुनील काबरा, विनोद पोद्दार, तन्वी राव, राखी सोनिगरा, भरत गाला, ललित जैन, डॉ महेंद्र अग्रवाल, डॉ आकाश सरावगी, डॉ मुकेश अग्रवाल, चंद्रकांत अग्रवाल, पूजा कटारा अग्रवाल और हर्ष चाडक जीते।

डॉ श्याम अग्रवाल ग्रुप से अमित नरोलिया, शिल्पा लाहोटी, ऋचा जाजू, अनिल अग्रवाल, विवेक नारसरिया, उदय जैन और मनन बंग विजयी रहे। विनय जैन ग्रुप ने क्लब को अधिक स्पोर्ट्स-फ्रेंडली बनाने वादा किया है।

Visit our showroom at - Sumit one, Near Raichura Circle, BORIVALI (W) ©84549 08085
Sector 17, VASHI ©8454911774 • Capital Mall, NALASOPARA ©7710903886

DOSTI
FRIENDS FOR LIFE

MahaRERA No. P51700054424.
https://maharera.maharashtra.gov.in

शानदार ज़िंदगी. बड़ी डील्स.

२०:८० पेमेंट प्लान
सिर्फ़ पहली ५० बुकिंग्स पर वैध

नो प्री-ईएमआय
१५ महीनों के लिए लाभ*.



शानदार जीवनशैली पाइए दोस्ती वेस्ट काउंटी में, जो १०५ एकड़ में फैला टाउनशिप है जहाँ पर भव्य क्लबहाउस, यूरोस्कूल और ईस्टर्न एक्सप्रेस हायवे, आगामी बालकुम मेट्रो स्टेशन और इस्कॉन मंदिर के साथ बेहतरीन कनेक्टिविटी की सुविधाएँ हैं.

ठाणे के मध्य में एक उत्कृष्ट जीवनशैली का आनंद लीजिए जो चारों तरफ से घिरा है नमो ग्रैंड सेंट्रल पार्क और रिटेल हब्स से. हमारे आसान २०:८० पेमेंट प्लान के साथ आज ही पहला कदम उठाइए सिर्फ़ पहली ५० बुकिंग्स के लिए. या चुनिए **नो प्री-ईएमआई लाभ १५ महीनों के लिए.***

DOSTI WESTCOUNTY THANE WEST

२ बीएचके: रु.१.४५ करोड़+ | ३ बीएचके: रु.२.२९ करोड़+
सिग्नेचर रेसिडेंसेस: रु.१.९१ करोड़+

सहयोग: Badminton Pros | Saurav Ghosal Squash | Ileseum Clubs | EuroSchool

साइट पता: दोस्ती वेस्ट काउंटी, दोस्ती वेस्ट काउंटी रोड, आगामी बालकुम मेट्रो स्टेशन के पास, ठाणे पश्चिम-४००६०८.

86577 03373

Maintenance and other charges extra. Limited period offer. *T&C apply.

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMSHIK User: kamlesh.mestry@timesofindia.co Time: 02-05-2026 21:27 Color:

सलेम को पैरोल पर UP जाने की अनुमति देने से HC का इनकार

■ सलेम पुलिस सुरक्षा शुल्क के रूप में 17 लाख 76 हजार रुपये देने को नहीं हुआ राजी
■ भाई के शोक में शामिल होने सलेम ने मांगी थी पैरोल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बॉम्बे हाई कोर्ट ने पुलिस सुरक्षा शुल्क के भुगतान पर गैंगस्टर अबू सलेम की बेरुखी को देखते हुए उसे पैरोल पर उत्तर प्रदेश जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। भाई के शोक में शामिल होने के लिए सलेम ने 14 दिन के आपात पैरोल की मांग को लेकर याचिका दायर की थी, ताकि वह उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जा सके। सलेम के भाई अबू हकीम अंसारी का 14 नवंबर 2025 को निधन हो गया था। सलेम मुंबई के 1993 ब्लास्ट केस में दोषी है। वह इस मामले में उम्र कैद की सजा भुगत रहा है।

गुरुवार को जस्टिस अजय गडकरी और जस्टिस श्याम चांडक की बेंच के सामने सलेम की याचिका पर सुनवाई हुई। सरकारी वकील ने कहा, सलेम को 4 दिन की पैरोल के लिए सुरक्षा शुल्क के रूप में 17 लाख 76 रुपये का भुगतान करना होगा। इस पर सलेम के वकील फरहान शाह ने कहा, उनके मुवक्किल सुरक्षा शुल्क के लिए सिर्फ एक लाख रुपये का भुगतान कर सकते हैं। वह भी किसी से कर्ज लेकर। सलेम 23 साल से जेल में बंद है। वह सुरक्षा शुल्क के रूप में निर्धारित रकम का भुगतान करने में असमर्थ है। अतीत में सलेम को मां के निधन पर 2 बार जेल से रिहा किया गया है, इसलिए सलेम के फरार होने की आशंका निराधार है। उनके मुवक्किल याचिका वापस लेने के इच्छुक नहीं है।

1993 धमाके के बाद फरार हो गया था सलेम

वहीं, सरकारी वकील ने कहा, सलेम की 4 दिन की पुलिस सुरक्षा में करीब 41 पुलिस कर्मी तैनात होंगे। सलेम 1993 धमाके के बाद फरार हो गया था। उसे पुर्तगाल से प्रत्यर्पण कर लाया गया था। बिना पुलिस सुरक्षा के पैरोल नहीं दी जा सकती। जेल अथॉरिटी का सलेम को पैरोल न देने का आदेश सही है। इन दलीलों के मद्देनजर बेंच ने जेल अथॉरिटी के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और उसे उत्तर प्रदेश जाने की अनुमति देने से मना कर दिया। पिछली सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील ने कहा था कि सलेम को जिस इलाके में जाना है वह सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र है। इसलिए सलेम को पैरोल पर रिहा करने से वहां की शांति भंग हो सकती है। इसके लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस की एक रिपोर्ट का भी हवाला दिया था।

MP और MLA के केसों की HC ने मंगाई 'स्टेटस रिपोर्ट'

कोर्ट ने कहा कि सरकार मुकदमों की जानकारी के लिए ऐप या सिस्टम विकसित करने पर करे विचार | 467 केस पेंडिंग होने का खुलासा, कोर्ट ने कहा कि कागज के बजाय ऑनलाइन उपलब्ध हो जानकारी

Krishna.Shukla@timesofindia.com

■ मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने मौजूदा और पूर्व सांसदों एवं विधायकों के खिलाफ पेंडिंग मुकदमों को लेकर राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। रिपोर्ट में यह खुलासा करने को कहा गया है कि MP और MLA के केस किस पड़ाव पर हैं। कितने केसों में आरोप तय हुए हैं। केसों की सुनवाई क्यों आगे नहीं बढ़ रही है। चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर और जस्टिस एमजे जमादार की बेंच ने कहा कि हमें महसूस होता है कि मुकदमों की सुनवाई में प्रगति नहीं हो रही है। राज्य के महाधिवक्ता मिलिंद साठे द्वारा मुकदमों की जानकारी से संबंधित दस्तावेज देने पर बेंच ने कहा कि केसों की सूचना के लिए ऐप विकसित करने की संभावना पर विचार किया जाए। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग से इस संबंध में परामर्श लिया जाए। ऐप को लगातार अपडेट करने से केसों की स्थिति की निगरानी सरल और प्रभावी हो जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के तहत बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस मुद्दे का स्वतः संज्ञान लिया है। साल 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी हाई कोर्ट्स को इस मुद्दे की निगरानी करने और यह सुनिश्चित करने को कहा है कि निर्वाचित प्रतिनिधियों के खिलाफ लंबित मामलों का शीघ्रता से निपटारा हो। पिछले साल पेश एक रिपोर्ट में मौजूदा और पूर्व MP और MLA के खिलाफ 467 मुकदमों के पेंडिंग होने का खुलासा हुआ था। यह केस मुंबई, औरंगाबाद, नागपुर सहित 35 जिलों के अलावा गोवा और केंद्र शासित प्रदेश दादरा नगर-हवेली और सिलवासा की निचली अदालतों में पेंडिंग है। इससे पहले राज्य के महाधिवक्ता साठे ने कहा कि सरकार इस मामले में सिस्टम विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाएगी। अभी नाम से यह पता नहीं चलता है कि केस से जुड़ा व्यक्ति मौजूदा या पूर्व सांसद अथवा विधायक है।



पुलिस स्टेशन और जेलों के एकीकरण का काम पूरा

महाधिवक्ता ने बेंच को बताया कि प्रदेश के सभी पुलिस स्टेशनों को एक-दूसरे से जोड़ने (इंटीग्रेट) का काम पूरा हो गया है। महाराष्ट्र की सभी जेलों को एकीकृत किया गया है। इस पर बेंच ने कहा कि इंटीग्रेशन से जुड़े पोर्टल को विधि सेवा प्राधिकरण की पहुंच के भीतर रखा जाए, ताकि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों से जुड़े केसों की जानकारी प्राधिकरण तक पहुंच सके और जरूरतमंदों को उपयुक्त सहायता दी जा सके। बेंच ने कहा कि नियमानुसार जेल में कौन आरोपी कितने समय से बंद है। इसकी जानकारी भी ऑनलाइन होनी चाहिए। कमिटी की बैठक नियमित की जाए, यदि कोई जुर्माने की रकम न भर पाने के चलते जेल में बंद है, तो सरकार रकम के संबंध में सहायता देने के लिए शासनादेश जारी करे। चार हफ्ते बाद याचिका पर अगली सुनवाई होगी।

कांग्रेस ने रची प्रधानमंत्री पर हमला करने की साजिश

संजय निरुपम ने साधा निशाना

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शिंदे सेना के नेता व पूर्व सांसद संजय निरुपम ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मुहब्बत की दुकान पर ताला लगा दिया है। संविधान की लाल किताब लेकर घूमने वाले कांग्रेसी नेता लोकसभा में प्रधानमंत्री पर हमला करने की साजिश रचते हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है और इसकी जितनी आलोचना की जाए, वह कम है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता से दूर जाने पर कांग्रेस नेता पूरी तरह से कुंठित हो गए हैं।

गुरुवार को निरुपम ने कहा कि यह सुनकर ही उनका खून खौल गया कि कांग्रेस लोकसभा के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपने सांसदों से हमला करवाने की साजिश रच रही है। निरुपम ने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता कांग्रेस नेताओं को इतनी खटक रही है कि वे सभ्यता का तकाजा भूल गए। क्या कांग्रेस की साजिशों के कारण अब देश के प्रधानमंत्री और मंत्री भी सुरक्षित नहीं रहे। निरुपम ने कहा कि आतंकवादियों के हमले में शहीद हुए पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह बिट्टू को विरोधी पक्ष नेता राहुल गांधी 'गद्दार' बोल रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि अगर कोई व्यक्ति पार्टी की गलत नीतियों और विचारधारा से असहमति जताकर अलग रास्ता चुनता है तो क्या वह गद्दार हो जाता है। निरुपम ने मांग की कि राहुल को बिट्टू से माफी मांगनी चाहिए।

लोकल ट्रेन में महिला को देखकर कर रहा था अश्लील इशारे, आरोपी अरेस्ट

कुर्ला जीआरपी ने आरोपी बुजुर्ग को नोटिस देकर छोड़ा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मध्य रेलवे की लोकल ट्रेन में यात्रा कर रही एक महिला यात्री के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित महिला ठाणे जाने वाली लोकल ट्रेन के लेडीज डिब्बे में दादर से सवार हुई थी। लेडीज डिब्बे से सटे दिव्यांग डिब्बे में एक 68 वर्षीय बुजुर्ग यात्री भी मौजूद था। महिला का आरोप है कि यात्रा के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते समय उसकी नजर मुलुंड स्टेशन से कुछ दूरी पहले उस बुजुर्ग पर पड़ी, जिसने उसकी ओर गंदे और आपत्तिजनक इशारे किए। महिला ने जब मुलुंड स्टेशन पर उतरकर आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, तब तक वह मौके से फरार हो गया। इसके बाद पीड़िता ठाणे रेलवे स्टेशन पहुंची पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया।

चूंकि यह घटना दादर और मुलुंड स्टेशनों के बीच हुई थी, इसलिए मामले की जांच कुर्ला रेलवे पुलिस को सौंपी गई। कुर्ला जीआरपी के इंस्पेक्टर संभाजी यादव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमने आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखी। जैसे ही उसने बुधवार रात को लोकल ट्रेन में यात्रा करने की कोशिश की, उसे मुलुंड स्टेशन पर ही गिरफ्तार करने के बाद नोटिस देकर छोड़ दिया। आरोपी के बेटे ने पुलिस को बताया है कि पिता को त्वचा की बीमारी है और वे 2 बार किसी को बिना बताए घर से गायब भी हो चुके हैं।

निकाय चुनाव जीतने वालों को कांग्रेस देगी प्रशिक्षण

तीन दिवसीय शिविर को संबोधित करेंगे प्रदेश अध्यक्ष

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: हाल ही में संपन्न हुए नगर पालिका और नगर पंचायत चुनावों में कांग्रेस के सभी उम्मीदवारों के लिए आवासीय प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया है। इसका पहला चरण 27, 28 फरवरी और 1 मार्च को चिपलून में आयोजित होगा, जिसमें कोंकण विभाग के उम्मीदवार भाग लेंगे। शिविर में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल सहित पार्टी के प्रमुख नेता उपस्थित रहेंगे। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता और संबंधित विषयों के विशेषज्ञ उम्मीदवारों का मार्गदर्शन करेंगे।

कांग्रेस के प्रशिक्षण विभाग के अध्यक्ष आशुतोष शिर्के और उनकी टीम प्रशिक्षण देगी। इसमें छोटे शहरों और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की नागरिक समस्याएं, नागरिकों को होने वाली कठिनाइयां, उनके समाधान, विकास कार्यों की गुणवत्ता तथा नागरिक मुद्दों के समाधान के लिए प्रशासन के समक्ष प्रभावी रूप से फॉलो-अप कैसे किया जाए, इन सभी विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया जाएगा।

मूक-बधिर युवती से दुष्कर्म, पिता गिरफ्तार

युवती के गर्भवती होने के बाद खुला मामला

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: कफ परेड इलाके में एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई है। 20 वर्षीय मूक-बधिर युवती से दुष्कर्म के मामले में उसका सगा पिता ही आरोपी पाया गया है। युवती के गर्भवती होने के बाद अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू की। डॉक्टरों की जांच में पांच माह के गर्भ की पुष्टि हुई थी।

पुलिस के अनुसार, शुरुआत में युवती संवाद करने की स्थिति में नहीं थी, जिससे जांच में दिक्कत आई। बाद में काउंसलिंग के जरिए उसका बयान दर्ज किया गया। संदेह के आधार पर 17 लोगों के डीएनए सैंपल लिए गए। रिपोर्ट में गर्भस्थ शिशु का डीएनए पिता से मेल खा गया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने कबूल किया कि बेटी की दिव्यांगता का फायदा उठाकर उसने वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs. To book your ad Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) Scan QR Code

प्रॉपर्टी

मुंबई प्रॉपर्टीज

नवी मुंबई

2 BHK ready to move flat (1st fl.-approx. 1055 sq.ft.- with 4 balconies and 4 wheeler parking space) at Ulwe, Navi Mumbai is available for sale at 1.35 Cr. Contact: 9619137666

पवई

651SQ.FT Carpet/ 2BHK/Pool & Garden Facing/ Balcony/Parking/L&T Powai/2.59 Cr /M-9322671469

गोरेगांव पूर्व

GOREGAON East for sale Aary view 3 BHK - 1067 carpet fully furnished 2 parkings higher floor in Yash Orion Sunil 8080261111

खार

KHAR West 5th road New Building with two lifts 2 bhk area 660 carpet with one car parking for sale price 3.50 contact Mr Kamal..9920086541

पुणे प्रॉपर्टीज

लोनावला

SALE: Lonavala 6BHK premium villa, plot size 2180 Sq.yds, 10000+ sqft constructed, Lake view, huge terrace, swim pool, veranda, rental income. Price Rs 20 Cr. Call 9819333311.

FOR SALE — Grand 10,000 sq.ft. Villa with a Spanish Touch in LONAVALA
- Spacious 4BHK with a breathtaking view
- Private pool, garden & security
- Prestigious Tungarli area
- Ready to move in with OC

Don't miss out on this dream home. Call now at: 09136606115 / 022-66240000

प्रॉपर्टी ऐन्सलेरीज

वाणिज्यिक परिसर (अचल संपत्ति)

AVAILABLE Prime Restaurant & Bar for Sale at CBD Belapur. Chargeable Area 3,000 sft for Rs. 10 Cr. Owner: 98210 16312

SALE Ready Office 525 buildup,S'cruz(W), Juhu Tara Rd, Grnd Flr Fully Furnished, A/c & Washroom inside, Owner- 9860159936 / 7045359936

NAVI Mumbai Juinagar on the Highway shops Showrooms offices for sale/ lease Hilton RealtorsNM - 8976489111/ 8900261111

DADAR-(WEST) Opp Station Available 833 sft Office on Sale for Rs. 3.50 Cr. Contact Owner: 98210 16312

Commercial SHOP For Lease / Sale — Very Prime Location in GHATKOPAR (E/W) — Ideal For Jewellery / Electronic Showroom, Bank and Cafe — Area: 1450 to 13000 Sq. Ft. Ready possession with OC — 9819744474 9833547448

PROPERTY WANTED

REQUIRE Upto 100 Sqf Office Space In Cst & Fort Area For Pvt Ltd Company On Long Lease M.93718 10625

बिजनेस

BUSINESS OFFERS

"ALL types of Title Clear Property Buy & Sale, Flat/ Shop Rental, Document Search, Fencing Survey, NA Work, and Legal Assistance - All Services Under One Roof, at Your Doorstep!" Mumbai Panvel Thane Igatpuri, Vadhvan port VISHAL Estate 7770005618 / 7770009608

भर्ती

रिक्त पद

REQUIRED experienced production,RND,safety chemists,executives,managers, Admin HR executive, accounts executive and freshers as trainees. Mail to apitaloja@gmail.com

DYES/PIGMENT Factory needs Plant Operators for Production activities at Dombivli & Taloja, Min 3 yrs exp. in similar capacity. Email CV to hrpigment@gmail.com

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

लेखा

सी.ए./आई.सी.डब्ल्यू.ए./ सी.एस.

CA firm requires Exp. practising CA as full time paid partner (Max-Age-40 yrs-Exp-Min-3 yrs.) with expert knowledge of Finalisation of Accounts, Income Tax,GST,TDS, ROC, Company Law etc. vinayak030167@gmail.com

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

लेखा और वित्त

CA firm requires (1) Ex-bankers (full time) for all types of bank audit (Max-62 yrs with min 2 yrs exp. of handling the assignment independently and must have expert knowledge of Finacle) (2) Exp./Rtd. Persons (full time) for independently handling Internal Audit of NBFCs (Max-Age-62 yrs- Exp - Min-2 yrs. vinayak030167@gmail.com

प्रशासन

कार्यकारी अधिकारी

REQUIRED Female Tele Marketing Executive knowledge in Engineering Field Experience 2 TO 3 Years for Packaging Machine Manufacturing Co. at Bhandup West, Mumbai. Salary:15000/- to 20000/- mail - paras.l@magicspm.com ; mangesh.r@magicspm.com

प्रबंधक

ASST.-PROPERTY Manager reqd. to Manage daily Property Operations & Maintenance Min 2 yrs exp. Good communication & Computer skills Age limit- 45 yrs Location: Colaba, Mumbai. Industry - Real Estate. Raja Dhanrajgir Estate. Email CV to: rdestate01@gmail.com Contact - 9820326771

विपणन, विज्ञापन और बिक्री

विपणन (मार्केटिंग)

SALES-&-MARKETING Executive for Real Estate. candidates can share CV on WhatsApp to 7045103443, Salary based experience & efficiency.

अन्य रिक्तियां

एकाधिक रिक्तियां

RENOWNED social & spiritual Org. req. staff for their Mumbai office peon. Graphic Designer, Marketing & sales (commission basis). Rtd. person for social works. call : 7304878100 / gitarevolutionforyouth@gmail.com

सेवानिवृत्त व्यक्ति

CAREER-OPPORTUNITY in Govt. Regd. Co. for Retired, VRS,H'wives.Good Package + Rewards.Age:40+.Ltd.Seats. Call now 9833772725/8369629607

GRAB-AN-OPPORTUNITY Vacancy for Retirees/ VRS/ Pensioners/Professionals.Good Salary+ Incentives in Flexible time. : 73048 29097 / 90047 90989

सुरक्षा

Security Guards और Supervisor तुरन्त चाहिए। ड्यूटी 8 घंटा, आकर्षक पगार, PF+ESIC. लोकेशन : पलावा सिटी, डोंबिवली ईस्ट. इच्छुक उम्मीदवार तुरन्त संपर्क करें। WhatsApp : 9004764233 / Contact: 8655972189

सेवाएं

ज्योतिष

मित्र चाहने जाने वाले सभी समस्याओं का हल, प्रेमविवाह, विदेशयोग, गृहक्लेश, उधारी पैसा का गारंटेड समाधान लोक चाहते हैं हम करके दिखाते। 9993724796 / 8839934766

फिल्म से संबंधित

MFI Film & TV Studio — MFI Bollywood audition & training web series Stop Crime Strangers. Freshers Actor, Singer welcome 9136034519, 9324754587

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

BHAKTIVEDANTA HOSPITAL & RESEARCH INSTITUTE — सार्वजनिक सूचना — निर्धारित मानदंडो और नीतियों के अनुसार हम १ एप्रिल २०२१ से ३१ मार्च २०२२ तक के मेडिकल रेकॉर्ड नष्ट कर रहे है। इच्छुक व्यक्ति/पार्टियां १० मार्च २०२६ तक आकर अपना रेकॉर्ड प्राप्त कर सकते हैं।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया — प्रापण विभाग, यूनियन बैंक भवन, पहली मंजिल, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021 — उच्च स्तरीय सर्वर, स्टोरेज, नेटवर्किंग उपकरण, डेस्कटॉप, प्रिंटर, स्कैनर एवं अन्य आईटी परिसंपत्तियों को कवर करने वाली इलेक्ट्रॉनिक और उपकरण पॉलिसी के नवीनीकरण (वित्त वर्ष 2026-27 हेतु) के लिए आरएफपी — यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने जीईएम पोर्टल (जीईएम बोली संख्या-जीईएम/2026/बी/7193200 दिनांक: 04.02.2026) के माध्यम से उच्च स्तरीय सर्वर, स्टोरेज, नेटवर्किंग उपकरण, डेस्कटॉप, प्रिंटर, स्कैनर एवं अन्य आईटी परिसंपत्तियों को कवर करने वाली इलेक्ट्रॉनिक और उपकरण पॉलिसी के नवीनीकरण (वित्त वर्ष 2026-27 हेतु) के लिए दो बोली प्रणाली में प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। अतिरिक्त विवरण बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in, www.eprocure.gov.in और GeM पोर्टल पर उपलब्ध हैं। निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि 02.03.2026 अपराह्न 03.00 बजे तक है। बैंक कोई भी / सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर सकता है। सहायक महाप्रबंधक

निविदाएं (टेंडर्स)

ऑलकार्गो टर्मिनल्स लि. — बिरोडा - खोपटा, तालुका - उरण जि. रायगड - ४१०२१२. फोन: ०२२-६२६७२१०० — ई-टेंडर कम ऑनलाइन नीलामी के लिए — भारत सरकारी सुवधजनित अनुवास (सी कस्टम्स एक्ट १९६२ की कलमें ४८ के तहत) मेसर्स एमएसटीसी लि. द्वारा मेसर्स ऑलकार्गो टर्मिनल्स लि. (सीएफएस मुंबई) की ओरसे भिन्न भिन्न प्रकारके आयातीकार्गो / आयातकेल आयात किये गये सामानका ई - निविदा सह ई-नीलामी इन्टरनेट द्वारा ऑक्शनिंग कर रहे हैं। जिनमें रसायन, विनिर्देश स्टील कोकोनट फैटी एसिड, मेकेड स्टील रील और अन्य सामान / विविध आईटमों का समावेश है। इन आईटमोंकी बिक्री जैसे है जहाँ है आधार पर केटालॉग में दिये गये निवारी एवं शर्तों पर होगी। जो इच्छुक टेन्डर सह ऑक्शनीयर मेसर्स एमएसटीसी लि. के पास उपलब्ध होंगे।

ऑक्शन ता. 26 फरवरी 2026 — इन्स्पेक्शन ता. 23, 24 और 25 फरवरी 2026
ऑक्शन ता. 26 मार्च 2026 — इन्स्पेक्शन ता. 23, 24 और 25 मार्च 2026
ऑक्शन ता. 23 अप्रैल 2026 — इन्स्पेक्शन ता. 20, 21 और 22 अप्रैल 2026

इच्छुक खरीदार मेसर्स ऑलकार्गो टर्मिनल्स लिमिटेड की लोकेशन पर सुबह 11.00 बजे से शाम 4 बजे के बीच कार्गो को इंस्पेक्ट कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मेसर्स एमएसटीसी लि. टेली फैक्स: ०२२ २२८८४२६१, ई-मेल: mstcwro@mstcindia.co.in अथवा विजिट करें ऑक्शन वेबसाइट : www.mstcecommerce.com एसबी/- उपमहा-सीएफएस

THE TIMES OF INDIA — Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Shri Lata Wife of Nagaraju r/o Vill - Vengalaipalle, Po - Pangal, Dist - Mehbubnagar, State -Telangana, Pin -509120 have changed my name from Shri Lata to Dasarajula Srilatha vide aff. 59AB895040 dt. 05/02/2026 at Nashik

I, Harjit Kour Wife of Sukhjinder Singh r/o Issapur, Bhudan, Dhuri, Sangrur, Punjab- 148023 have changed my name from Harjit Kour to Harjeet Kaur vide aff. 59AB893183 dt. 05/02/2026 at Nashik

I, Makvana Chhatrasinh Father of Makvana Sametsinh r/o Keshapur, Modasa, Sabarkantha, Gujarat - 383317 have changed my name from Makvana Chhatrasinh to Makavana Chhatrasinh vide aff. 59AB895049 dt. 05/02/2026 at Nashik

I, Suneeta Chande Wife of Harish Madhav Chande (Retd) r/o 68 Somdutt, Someshwar-Satpur Link Road, Gangapur Road, Nashik, M.H-422222 have changed my name from Suneeta Chande to Suneeta Harish Chande vide aff. 60AB325877 dt. 02/02/2026 at Nashik

I, H M Chande (Retd) r/o 68 Somdutt, Someshwar- Satpur Link Road, Gangapur Road, Nashik, M.H-422222 have changed my name from H M Chande to Harish Madhav Chande vide aff. 60AB325876 dt. 02/02/2026 at Nashik

I, Jasmeet Singh S/O Kuldeep Singh Apartment, Flat. B-801, 8 Floor, Shreeram Arcade, Plot No 30,31,32 Sector-20 Kamothe, Raigad 410209 Maharashtra, Have Changed My Name To Jasmeet Singh Dinghra Permanently.



HEALTH & WELLNESS

NBT स्मृति यादों के चिराग

स्मृति सन्देश

सप्तम पुण्य स्मृति

श्रीमती संतोषदेवी किशनलाल चंगोईवाला

स्वर्गवास 06.02.2019

आपका सरल स्वभाव उदारता व अतिथि देवो भव की नीति हमारे लिये प्रेरणा स्त्रोत रहेगी। हम आपका उपकार कभी ना भूलेंगे। आपकी पुण्यतिथि पर शत-शत नमन।

शोकाकुल परिवार: पुत्र-पुत्रवधु: अरुणकुमार-रमा, योगेशकुमार-स्वाति, पुत्री-दामाद: मंजू-डा. रुपेन्द्र बंसल, पौत्र-पौत्रवधु: सागर-पायल, विशाल, पौत्री: स्वाति एवं समस्त चंगोईवाला (राजगढ़िया) परिवार, पीहर पक्ष: माखरिया परिवार, फर्म: के. अरुणकुमार एंड कं. सन्तोष इन्टरप्राइजेज हॉस्पीटैक इंडिया Ph 9869413250, 9833484621, 98213 76202

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

BOOK OBITUARY ADS — To book an Obituary Ad Please contact: Jitendra Baricha 9820 137 295 | Jitesh Dominic 9867 407 521, Asif Faridi 9594 343 468. TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com — EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE — SCAN TO BOOK

TRAVEL TIMES

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMDEVI User: cci Time: 02-05-2026 22:50 Color:

IIT हॉस्टल के टैरेस पर नहीं लगा था ताला

...तो बचाई जा सकती थी इंजिनियरिंग छात्र की जान!

Akhilesh.Tiwari@Timesofindia.com

■ **मुंबई:** पवई स्थित आईआईटी बॉम्बे के हॉस्टल-4 में भारी लापरवाही सामने आई है। यदि हॉस्टल के टैरेस फ्लोर पर ताला लगा होता, तो सिविल इंजिनियरिंग के छात्र नमन अग्रवाल की जान शायद बचाई जा सकती थी। कैंपस में तैनात एक सुरक्षा गार्ड ने बताया कि वह नया हॉस्टल है, जहां करीब एक सप्ताह पहले ही स्टुडेंट्स को शिफ्ट किया गया था।

> स्टुडेंट नमन अग्रवाल ने हॉस्टल 4 के टैरेस से कूदकर दी थी जान

गार्ड के अनुसार, आईआईटी परिसर में कई नौ मंजिला नई इमारतें बनाई गई हैं, जिनमें हाल ही में हजारों स्टुडेंट्स को स्थानांतरित किया गया है। इससे पहले कैंपस में अधिकतर ग्रुप्ड प्लस दो मंजिला हॉस्टल हुआ करते थे। नमन अग्रवाल हॉस्टल-3 में रहता था, लेकिन उसे यह जानकारी थी कि नए हॉस्टल के टैरेस तक जाने का रास्ता खुला है। वहां न तो ताला लगा है और न ही पर्याप्त सुरक्षा गार्ड तैनात हैं। इसी का फायदा उठाकर वह मंगलवार रात करीब एक बजे टैरेस पर पहुंचा और वहां से छलांग लगा दी। देर रात तक पढ़ाई कर रहे कुछ छात्रों और एक सुरक्षा गार्ड ने जोरदार आवाज सुनी। जब मौके पर पहुंचे तो नमन जमीन पर पड़ा मिला। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

आईआईटी बॉम्बे का हॉस्टल नंबर 4, जिसकी छत से कूदकर नमन अग्रवाल ने खुदकुशी की। यह हॉस्टल एक सप्ताह पहले ही बनकर तैयार हुआ है। हॉस्टल की यह तस्वीर सिर्फ नवभारत टाइम्स के पास है।

हादसे के बाद परिसर की बढ़ाई सुरक्षा: घटना के बाद आईआईटी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। एक सुरक्षा गार्ड ने बताया कि पहले हॉस्टल के बाहर गार्ड तैनात नहीं रहते थे, लेकिन अब तीन गार्डों की ड्यूटी लगाई गई है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी कैंपस में सोलंकी नामक छात्र द्वारा आत्महत्या की घटना सामने आ चुकी है।

नमन का शव उसके चाचा राजस्थान ले गए हैं। आत्महत्या के पीछे के कारणों की जांच जारी है। पुलिस ने छात्र के कमरे का पंचनामा किया है। जांच के दौरान उसकी डायरी में अंग्रेजी में लिखा एक पन्ना मिला है, जिसमें उसकी मानसिक स्थिति से जुड़ी बातें हैं। पुलिस का कहना है कि नमन को यदि किसी भी प्रकार की कोई तकलीफ थी और उसने यदि पुलिस को बताया होता तो निश्चित ही पुलिस ने उसकी मदद की होती।

कैब और रिक्शा ड्राइवर कल हड़ताल पर रहेंगे

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** ओला, उबर और रैपिडो से जुड़े कैब और ऑटो रिक्शा ड्राइवर 7 फरवरी को एक दिन की हड़ताल पर रहेंगे। यह हड़ताल राष्ट्रव्यापी होगी। राज्य में चल रही कथित गैर-कानूनी बाइक टैक्सी सेवाओं और ऐप आधारित कंपनियों द्वारा लागू की जा रही मनमानी किराया वसूली नीतियों के विरोध में हड़ताल की जा रही है। ड्राइवर संगठनों का कहना है कि सरकार उनकी सुन नहीं रही है।

> मनमाने किराए को लेकर असंतोष, देशभर में होगा आंदोलन



AI image

पैनिक बटन को लेकर नाराजगी

पैनिक बटन उपकरण को लेकर भी ड्राइवरों में नाराजगी है। केंद्र सरकार द्वारा मंजूर लगभग 140 कंपनियों में से राज्य सरकार ने करीब 70 प्रतिशत उपकरणों को अमान्य घोषित कर दिया है, जिसके कारण कई ड्राइवरों को पुराने उपकरण हटाकर नए लगाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इससे उन्हें करीब 12 हजार रुपये तक का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है।

झूठे केस की धमकी देकर लूट

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** अंधेरी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में ऑपरेशन चक्रे सुरक्षा के तहत आरपीएफ ने यात्रियों से लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर अंधेरी जीआरपी के हवाले किया है। आरोपी यात्रियों को गांजा सप्लाई के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर चाकू दिखाते और मोबाइल व नकदी लूट लेते थे।

शिकायतकर्ता मोहम्मद सिराज अंसारी (22) ने बताया कि 30 जनवरी को वह अपने दोस्तों के साथ अंधेरी के पूर्वी रेलवे ब्रिज पर थे। इसी दौरान तीन युवकों ने उन्हें रोककर गांजा सप्लाई का झूठा आरोप लगाया। एक आरोपी ने चाकू दिखाकर धमकाया और उनका मोबाइल फोन (कीमत 16,499) तथा एक निजी बैंक का एटीएम कार्ड छीन लिया। इसके बाद एटीएम पिन पूछकर खाते से 10,500 रुपये निकाल लिए गए।

सूचना पर आरपीएफ ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें तीन संदिग्ध नजर आए। 3 फरवरी को गश्त के दौरान CPDS टीम ने दो संदिग्धों अरबाज इस्माइल शेख (19) और अभिषेक बबलू केवट (19) को अरेस्ट किया।



'विमान क्रैश में जान गंवाने वाली पिंकी को मिले न्याय'

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बारामती विमान हादसे में जान गंवाने वाली केबिन क्रू सदस्य पिंकी माली के परिवार के लिए न्याय की मांग करते शिवसेना यूबीटी सांसद अरविंद सावंत ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राममोहन नायडू को पत्र लिखा है। इस मामले को सावंत ने संसद में भी उठाया। हादसे में उप मुख्यमंत्री अजित पवार सहित पांच लोगों की मौत हो गई थी। पिंकी माली वर्ली के साई सुंदर नगर में रहती थी और एक निजी एविएशन कंपनी में केबिन क्रू के रूप में काम करती थी। सावंत ने पत्र में लिखा है कि ड्यूटी के दौरान हुए इस दुखद हादसे के बाद पिंकी माली के परिवार से तुरंत संपर्क किया जाना चाहिए और उन्हें हर संभव मदद पहुंचाई जानी चाहिए।

> शिवसेना यूबीटी सांसद ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को लिखा पत्र

'मेडिकल टूरिज्म में राज्य को 'महाराष्ट्र ब्रांड' बनाएं'

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** मेडिकल वेलनेस पर्यटन के क्षेत्र में महाराष्ट्र ब्रांड तैयार करने का निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिया है। उन्होंने कहा, पारंपरिक महंगे इलाज की बजाय लोग अब वेलनेस आधारित उपचारों की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। इस क्षेत्र में महाराष्ट्र में व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने आयुष उपचार पद्धतियों को वेलनेस से जोड़ने के निर्देश दिए।

> चिकित्सा परिषद 'पल्स' सम्मेलन को लेकर हुई बैठक



क्या है मेडिकल और वेलनेस टूरिज्म

स्वास्थ्य, चिकित्सा उपचार और विश्राम के लिए किसी दूसरे स्थान या देश की यात्रा करने की प्रक्रिया है। यह चिकित्सा (सर्जरी, इलाज) और वेलनेस (योग, स्पा, आयुर्वेद) को जोड़ता है, जिसका उद्देश्य कम लागत या बेहतर गुणवत्ता वाली चिकित्सा के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुधारना है।

गुरुवार को वर्षा निवास पर प्रतिष्ठित चिकित्सा परिषद 'पल्स' सम्मेलन की बैठक हुई। यह आयोजन 27 और 28 मार्च 2026 को बीकेसी के जियो वर्ल्ड सेंटर में होगा। इस सम्मेलन में देश-विदेश से 2,900 से अधिक चिकित्सा विशेषज्ञ, शोधकर्ता सहित अन्य लोग भाग लेंगे। बैठक में सीएम फडणवीस ने कहा, आज मेडिकल जगत में अनेक स्टार्टअप शुरू किए गए हैं। अधिक से अधिक स्टार्टअप को सम्मेलन में शामिल करें, ताकि नवीनतम शोध पर आधारित चर्चाओं के माध्यम से कैंसर जैसी बीमारियों के लिए सरल, सुलभ और किफायती उपचार पद्धतियां विकसित करने में उन्हें मदद मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि वैश्विक स्वास्थ्य निवेशकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, जिससे राज्य में विकसित हो रहे बल्क ड्रग पार्क में निवेश आकर्षित हो सके।

रेल टिकटः लंबी कतार से यात्रियों को राहत

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** CSMT पर टिकट खिड़कियों पर लगने वाली लंबी लाइनों की तकलीफ को मध्य रेलवे की एम-यूटीएस सहायक ने काफी हद तक कम कर दिया है। डिजिटल टिकटिंग की इस पहल से सिर्फ तीन महीनों में करीब 1.97 लाख यात्रियों को बिना कतार लगाए आरक्षित टिकट मिला है।

> CSMT पर M-UTS सहायक से लाखों लोगों ने लिए टिकट

मध्य रेलवे ने 31 अक्टूबर 2025 को CSMT पर मोबाइल अनारक्षित टिकटिंग सिस्टम (एम-यूटीएस) सहायक योजना शुरू की थी। इसके तहत प्रशिक्षित सहायक मोबाइल और ब्लूटूथ प्रिंटर के जरिए स्टेशन पर ही टिकट जारी कर रहे हैं। टिकट काउंटर के पास और पैसेंजर सर्कुलेशन एरिया में मौजूद ये सहायक यात्रियों को सीधे टिकट देकर उनका समय बचा रहे हैं। 1 नवंबर 2025 से CSMT पर तीन सहायक तैनात हैं। नवंबर में 37,267 टिकट जारी हुए, जिससे 54,169 यात्रियों को फायदा हुआ। दिसंबर में यह संख्या बढ़कर 49,167 टिकट और 70,462 यात्री हो गई। जनवरी 2026 में 50,306 टिकट जारी हुए, जिससे 72,569 यात्रियों को राहत मिली।

248 मशीनें मुंबई डिवीजन में

मुंबई डिवीजन के 88 स्टेशनों पर 803 एटीवीएम पहले से मौजूद हैं। अब 332 नई एटीवीएम खरीदी गई हैं, जिनमें से 248 मशीनें मुंबई डिवीजन में लगाई जाएंगी।

रोहित शेट्टी फायरिंग मामले में 5वां आरोपी किया गया गिरफ्तार

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग मामले में क्राइम ब्रांच ने गुरुवार को एक और आरोपी को अरेस्ट किया है, जिसके साथ ही गिरफ्तार लोगों की संख्या 5 हो गई है।

> अब तक अरेस्ट किए गए पांचों आरोपी 11 फरवरी तक पुलिस हिरासत में

पांचों आरोपियों को किला कोर्ट में पेश किया। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी आरोपियों को 11 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

कोर्ट में पुलिस ने दलील दी कि 5वें आरोपी आसाराम फासले ने वारदात के लिए हथियार मुहैया कराए थे, लेकिन अब तक सर्च ऑपरेशन के दौरान केवल एक हथियार ही बरामद हो सका है। बाकी अन्य हथियारों की बरामदगी और उनकी लोकेशन का पता लगाने के लिए आरोपियों की पुलिस हिरासत जरूरी है।

वहीं, एक महिला वकील ने अपने 19 वर्षीय मुवक्किल की ओर से दलील दी कि फायरिंग के वक्त वह घटनास्थल पर मौजूद नहीं था, इसलिए उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जाना चाहिए। अदालत ने सभी दलीलों को खारिज कर आरोपियों को 6 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। मामले में 2 और संदिग्धों की भूमिका सामने आई है, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने कोर्ट को यह भी बताया कि मामले का मुख्य आरोपी वही है, जिसे बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में भी मुख्य आरोपी बताया जा रहा है। आरोपी आपस में गुप्त रूप से संपर्क

वाहन चोरी करने वाला गैंग बेनकाब

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** अंबोली पुलिस ने वाहनों के शीशे तोड़कर चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुनसान जगहों पर खड़ी कारों को निशाना बनाकर शीशा तोड़ते और अंदर रखा कीमती सामान चोरी कर फरार हो जाते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान महेश उर्फ गौतम व्यंकटेश नायडू, जयकुमार विल्सनी और सद्दा विरमणी नायडू के रूप में हुई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को ठाणे और आसपास के इलाकों से पकड़ा। पूछताछ में मुंबई और आसपास के जिलों में दर्ज 18 से अधिक चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

फटाफट खबरें

मंदिर से मुकुट चोरी मामले में दो गिरफ्तार

■ **NBT न्यूज, नवी मुंबई :** नेरुल स्थित सारसोले इलाके में देवी मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी होने की घटना सामने आई है। यह चोरी मंदिर में भंडारे की तैयारियों के दौरान हुई। पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। मंदिर प्रशासन की सूचना पर क्राइम ब्रांच के सीनियर पीआई सुनील शिंदे के नेतृत्व में सतीश भोसले और राहुल वाघ की टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ कर पुलिस चांदी का मुकुट बरामद करने में जुटी है।

युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

■ **NBT न्यूज, नालासोपारा :** संतोष भुवन इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार संतोष भुवन स्थित साई सागर चैंपियन नगर निवासी विनय अशोक यादव (22) अपने परिवार के साथ रहते थे। मंगलवार देर रात उन्होंने अज्ञात कारणों से घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। एडीआर दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है।

मोबाइल चोरी के लिए किया एसिड से हमला

■ **NBT न्यूज, नवी मुंबई :** बोनकोडे में एसिड अटैक कर एक व्यक्ति से लूटपाट का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार बोनकोडे गांव निवासी तैयब खान बुधवार रात करीब पौने 9 बजे पैदल जा रहे थे। नाले के पास सार्वजनिक शौचालय के सामने बाइक सवार दो युवकों ने उन पर कांच की बोतल से एसिड फेंका। उनके झुलसते ही आरोपी उनका मोबाइल, चार हजार रुपये नकद, आधार कार्ड छीनकर फरार हो गए। कोपरखैरणे पुलिस स्टेशन के सीनियर पीआई उमेश गवली मामले की जांच कर रहे हैं।

2027 की जनगणना की तैयारियां हुईं तेज

■ **NBT न्यूज, भिवंडी :** मनपा मुख्यालय में जनगणना के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस बार की जनगणना डिजिटल स्वरूप में होगी। जनगणना निदेशालय ने एक स्वतंत्र सीएमएमएस पोर्टल तैयार किया है। प्रवीण भगत एवं अरुण सालोखांकर को नियुक्त किए गए हैं। मनपा आयुक्त, उपायुक्त (प्रशासन) और प्रभाग अधिकारियों को 'घर सूची समूह' तैयार करने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।

ठाणे में हादसों का थर्स-डे

सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दो हुए जख्मी

■ **NBT न्यूज, ठाणे**

गुरुवार का दिन ठाणे के लिए हादसों भरा रहा। विभिन्न सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई और दो युवक जख्मी हुए। इसके अलावा एक टेंपो चालक का वाहन से नियंत्रण छूटा, तो टेंपो डिवाइडर पार कर सड़क के विपरीत लेन में जा पहुंचा। इस दौरान बड़ी घटना तो टल गई, लेकिन ठाणे-नासिक हाइवे तथा घोडबंदर रोड पर 2 से 3 घंटे तक लंबा ट्रैफिक जाम रहा।

कंटेनर की चपेट में आए युवक की मौत: ठाणे-नासिक हाइवे पर खारेगांव टोलनाका के पास कंटेनर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। ठाणे मनपा डिजास्टर सेल के मुताबिक दहिसर निवासी आकाश पुजारी (20) बाइक से नासिक के लिए घर से 4 बजे निकले थे। वह अपने दोस्तों के साथ नासिक स्थित त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन को जा रहे थे। करीब पौने 6 बजे वह खारेगांव टोल नाका के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान उनका अपनी बाइक से नियंत्रण हट गया और वह कंटेनर से जा टकराए। अचानक हुई इस घटना में आकाश नीचे गिरे और कंटेनर के पिछले टायर के नीचे कुचलने से उनकी मौत हो गई। घटना के चलते वहां एक घंटे से अधिक समय तक ट्रैफिक जाम रहा, जिसका असर घोडबंदर रोड के यातायात पर भी पड़ा।



ट्रक में लगी आग, 2 युवक गंभीर जख्मी

मुंब्रा हाइवे पर हुई सड़क दुर्घटना में एक ट्रक में आग लगने से ड्राइवर का वाहन से नियंत्रण छूट गया और ट्रक बगल से गुजर रही बाइक से जा टकराई। पुलिस के अनुसार नालासोपारा निवासी जेहन सिद्दीकी (27) अपने दोस्त सर्फराज शेख (32) के साथ मुंब्रा गणेश विसर्जन घाट के करीब से गुजर रहे थे। उसी समय करीब से गुजर रही एक ट्रक में आग लगी और चालक का वाहन से नियंत्रण छूटने से वह बाइक से जा टकराया। बाइक सवार दोनों युवक नीचे गिरकर जख्मी हो गए। दोनों को हाथ और पैर में चोट आई है। उनका निजी अस्पताल में इलाज जारी है।

डिवाइडर पार कर विपरीत लेन में पहुंचा टेंपो

एक अन्य घटना में ठाणे-नासिक हाइवे पर गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे माजीवाडा परिसर से गुजर रहे एक टेंपो पर से चालक का नियंत्रण छूटा और वह डिवाइडर पार कर हाइवे के विपरीत लेन में जा पहुंचा। टेंपो में माल लदा था और वह नासिक से मुंबई की तरफ जा रहा था। गनीमत रही कि ठाणे से नासिक की तरफ वाली लेन में उस समय कोई वाहन नहीं जा रहा था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, इस घटना के चलते ठाणे-नासिक हाइवे पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। घोडबंदर रोड पर भी माजीवाडा से मानपाडा तक वाहनों की लाइन लगी रही।

KDMC में अब फेरीवालों से टैक्स वसूलेंगे निजी ठेकेदार

3 साल की अवधि के लिए महानगरपालिका ने जारी की निविदा

■ **अरविंद त्रिपाठी, कल्याण**

कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्र में पानी, ट्रैफिक और अतिक्रमण की समस्या से जनता परेशान है। एक तरफ जहां प्रशासन पिछले 12 वर्षों से 'फेरीवाला नीति' को लागू करने में पूरी तरह विफल रहा है, वहीं दूसरी तरफ अब बाजार शुल्क वसूलने की जिम्मेदारी निजी ठेकेदारों को सौंपने की तैयारी हो रही है।

महानगरपालिका ने वर्ष 2026-27 से 2028-29 तक, यानी कुल 3 साल की अवधि के लिए निविदा जारी की है। इसके तहत निजी एजेंट शहर की मुख्य सड़कों, स्टेशन परिसर और फुटपाथों पर बैठने वाले फेरीवालों, हाथगाड़ी वालों और खुदरा विक्रेताओं से रोजाना शुल्क वसूलेंगे।

सड़कें जाम, फुटपाथ गायब, जनता बेहाल : शहर की स्थिति यह है कि मुख्य सड़कों और फुटपाथ पर अवैध साप्ताहिक बाजारों और फेरीवालों का कब्जा है। राहगीरों के लिए चलने की जगह नहीं बची है, जिससे वाहन चालक घंटों ट्रैफिक में फंसे रहते हैं। क्षेत्र की जनता का कहना है कि भ्रष्ट कर्मचारियों पर लगाम कसने में नाकाम रहा प्रशासन अब ठेकेदारी प्रथा के जरिए अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा है।

AI Image



12 साल से 'कचरे के डिब्बे' में नियम-कायदे

केंद्र सरकार ने वर्ष 2014 में 'द स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट' बनाया था, जिससे फेरीवालों का पंजीकरण हो और उनके लिए जोन निर्धारित किए जाएं। KDMC ने 12 साल बीत जाने के बाद भी इसे अमलीजामा नहीं पहनाया है। कानून लागू न होने से न केवल शहर की व्यवस्था बिगड़ रही है, बल्कि उन पुराने फेरीवालों के साथ भी अन्याय हो रहा है, जो नियमों के दायरे में रहकर व्यापार करना चाहते हैं।

प्रशासन की दरें निर्धारित

- फेरीवालों से : 50 रुपये प्रतिदिन
- टोकरी वालों से : 10 रुपये प्रतिदिन
- टेम्पो/ स्टॉल/ टपरी/ दुकान के सामने की जगह : 100 रुपये प्रतिदिन

शहापुर तालुका की भारंगी नदी दिखने लगी है स्वच्छ

■ **NBT न्यूज, भिवंडी :** शहापुर तालुका की भारंगी नदी क्षेत्र में युवा संकल्प सेना द्वारा चलाए गए सफाई अभियान के कारण नदी अब स्वच्छ दिखने लगी है। काफी दिनों से जमा कचरे के कारण प्रदूषित हो चुकी इस नदी को पुनर्जीवित होते देख नागरिकों, ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों ने युवा संकल्प सेना की जमकर सराहना की है।

लोगों ने कहा, प्रकृति के संरक्षण के लिए ऐसे निरंतर प्रयासों की अत्यंत आवश्यकता है। इस दौरान स्वयंसेवकों ने बड़े पैमाने पर प्लास्टिक, कागज, कांच और जैविक कचरा इकट्ठा किया। सुबह की सैर पर निकले वरिष्ठ नागरिकों ने इस कार्य का निरीक्षण किया और युवाओं की पीठ थपथपाते हुए कहा, उनका यह समाजोपयोगी कार्य अत्यंत प्रेरणादायी है। युवा संकल्प सेना के पदाधिकारियों ने बताया, इस अभियान में संतोष शिंदे, अर्जुन वंजारणी, मोहन काका, संतोष हरणे और मुरका काका का योगदान रहा।

कार्रवाई की ज़रूरत

नदी में कचरा फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई करना अब समय की मांग है। कुछ लापरवाह नागरिक और व्यवसायी नदी में प्लास्टिक और गंदा पानी डालकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने ग्राम पंचायत और नगर पंचायत प्रशासन से ऐसे लोगों पर भारी जुर्माना लगाने, निगरानी के लिए सीसीटीवी लगाने, गश्ती दल और शिकायत प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग की है।

नायगांव में 1,000 करोड़ रुपये का ज़मीन घोटाला, पुलिस ने दर्ज किया केस

डिवेलपर्स और सरकारी अधिकारी भी जांच के दायरे में

■ **NBT न्यूज, वसई :** नायगांव (ईस्ट) के टिवरी गांव में 1,000 करोड़ रुपये के जमीन घोटाले का खुलासा हुआ है। यह जमीन घोटाला नकली कागजात और अधिकारों का गलत इस्तेमाल करके किया गया है। इस मामले में नायगांव पुलिस स्टेशन में हेमंत पाटील, धर्मेश शाह और दो अन्य आरोपियों के साथ-साथ रेवेन्यू डिपार्टमेंट के अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

मुंबई की धनश्री डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर और जाने-माने कंस्ट्रक्शन प्रोफेशनल शंकरराव बोरकर (66) ने इस बारे में शिकायत दर्ज कराई है। उनकी शिकायत के मुताबिक, हेमंत पाटील और धर्मेश शाह 2008 से शंकरराव बोरकर के साथ काम कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बोरकर और उनके बेटे का भरोसा जीत लिया। हालांकि, इसके बाद भी शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि नायगांव पूर्व टिवरी गांव में 65.33 एकड़ जमीन को फर्जी डॉक्यूमेंट्स तैयार करके गैर-कानूनी तरीके से बेचा गया।

जमीन की 7/12 कॉपी, रजिस्टर्ड खरीद स्टोरेज एग्रीमेंट थे। शिकायतकर्ता ने शिकायत में कहा है कि एक्सपायर और कैंसल हो चुकी थी, पावर ऑफ अटॉर्नी और बिना रजिस्ट्रेशन वाले डॉक्यूमेंट्स के आधार पर कई सर्वे नंबर की जमीनें एक-दूसरे को बेची गई। साथ ही, बोरकर की सहमति के बिना, जमीन को **DDPL** ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड और यूनिवर्सल इंक. ऐंड एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों के नाम पर गलत तरीके से रजिस्टर्ड कर दिया गया। इस बड़े स्कैम के लिए सिर्फ प्राइवेट लोग ही नहीं, बल्कि सरकारी एजेंसियां भी जिम्मेदार हैं। शिकायत में गंभीर आरोप लगाए गए हैं कि वसई-2 रजिस्ट्रार ऑफिस के उस समय के अधिकारियों, तहसीलदारों, तलाठी अधिकारियों ने रेवेन्यू नियमों का उल्लंघन करके आरोपियों की मदद की।

इस संबंध में बुधवार को नायगांव पुलिस स्टेशन में हेमंत पाटील, धर्मेश शाह, दीपक खोचरे, मच्छिंद्र भोईर और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 318 (4), 316 (5), 316 (2), 336 (3) 338, 340 (1), 339 (5) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

क्रिकेट को लेकर विवाद, एक की हत्या

■ **NBT न्यूज, ठाणे :** क्रिकेट खेलने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की हत्या कर दी गई, जबकि दूसरा युवक जख्मी है। नौपाड़ा पुलिस ने हमलावर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बुधवार दोपहर नौपाड़ा के गांवदेवी मैदान में क्रिकेट खेलने को लेकर विवाद में विष्णु चव्हाण नामक युवक ने 14 वर्षीय एक नाबालिग को पीट दिया था। नाबालिग ने कुछ लोगों को वाकया बताया, फिर रोहन मोरे (26), अमित कौर (27) और दो अन्य लोग शाम 4 बजे गांवदेवी मैदान में विष्णु से पूछताछ करने पहुंचे। उसी समय विष्णु के दोस्त रोहित पटनेशा (25) ने स्टंप से उनकी पिटाई कर दी। इसी बीच विष्णु ने अमित पर चाकू से वार किया। रोहित ने रोहन को पकड़ा, तो विष्णु ने पर भी चाकू से वार किया। जख्मी दोनों को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां अधिक खून बहने की रोहन की मौत हो गई। अमित को स्थानीय प्राइवेट हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया है। चश्मदीद की शिकायत पर पुलिस ने विष्णु और रोहित के खिलाफ मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार किया।

एक अन्य युवक जख्मी, पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

नशे की गोलियां खाकर समुद्र में कूदा, मछुआरों ने बचाया

■ **NBT न्यूज, नवी मुंबई :** वाशी की समुद्री खाड़ी में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब भारत फूलमाली (38) नामक व्यक्ति ने अचानक समुद्र में छलांग लगा दी। घटना के वक्त खाड़ी में मछली पकड़ रहे कोली बंधुओं ने स्थिति की गंभीरता को तुरंत भांपते हुए बिना देर किए युवक का पीछा किया और साहस का परिचय देते हुए उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया।



मिली जानकारी के अनुसार भारत फूलमाली ने नशे की गोलियां खा रखी थीं, जिसके कारण उसकी मानसिक स्थिति असंतुलित हो गई थी। इसी हालत में उसने समुद्र में छलांग लगा दी। सौभाग्य से उस समय आसपास मछली पकड़ रहे कोली बंधुओं की नजर उस पर पड़ गई। उन्होंने तुरंत अपनी नाव से समुद्र में उतरकर युवक को बचाया और सुरक्षित किनारे पहुंचाया। घटना के समय युवक के दोनों भाई भी मौके पर मौजूद थे। युवक मजदूरी का काम करता है और नगर जिले का निवासी बताया जा रहा है।

स्टेट अपडेट

मुंबई-पुणे हाइवे : जाम में फंसने पर उद्योगपति ने मंगाया हैलिकॉप्टर

■ **भाषा, पुणे :** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर एक गैस टैंकर के पलटने से लगे भारी जाम में पुणे के उद्योगपति सुधीर मेहता भी फंस गए थे। 8 घंटे फंसे रहने के बाद वह हैलिकॉप्टर की मदद से पुणे पहुंचे। पिनेकल इंडस्ट्रीज एंड ईकेए मोबिलिटी के चेयरमैन सुधीर मेहता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ऐसी घटनाएं मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे जैसे हाई-स्पीड कॉरिडोर पर बेहतर आपातकालीन तैयारियों की आवश्यकता को उजागर करती हैं। ऐसी स्थितियों के लिए एक्सप्रेसवे पर विभिन्न स्थानों पर योजनाबद्ध निकास बिंदु होने चाहिए, जिन्हें वाहनों को वापस लौटने की अनुमति देने के लिए खोला जा सके।

DCM सुनेत्रा से मिले शरद पवार

■ **IANS, बारामती :** NCP (SP) के अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार को अपने भतीजे और दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गोविंद बाग से बारामती पहुंचने पर शरद पवार काफी विचलित नजर आए। शरद पवार ने शोक सभा के दौरान परिवार के साथ समय बिताया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार, पार्थ पवार, जय पवार, श्रीनिवास पवार, रोहित पवार सहित परिवार के करीबी और विस्तारित सदस्य मौजूद रहे।

काला जादू के आरोप में FIR

■ **भाषा, जालना :** जालना जिले में अज्ञात महिला के खिलाफ जानी-मानी हस्तियों और पुलिसकर्मियों को निशाना बनाकर कथित रूप से 'काला जादू' करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एक होटल मालिक की शिकायत के अनुसार, उन्हें 31 जनवरी को भोकरदन तहसील के जायखेड़ा बोरखेड़ गांव में अपने होटल के पास कुमकुम, हल्दी, नींबू और कुछ प्रमुख हस्तियों और पुलिसकर्मियों के नाम वाली कई पर्चियां मिलीं।

शहजाद पूनावाला की मां को टक्कर मारने वाला आरोपी ड्राइवर पुलिस हिरासत मे

■ **आईएएनएस, पुणे :** बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की मां को टक्कर मारने वाले आरोपी ड्राइवर को पुणे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आरोपी ड्राइवर घटना के समय से फरार था। भाजपा प्रवक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर जानकारी दी कि पुणे पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी ड्राइवर को हिरासत में लिया है। पूनावाला ने कहा, यह हमारे परिवार के लिए बहुत कठिन समय है। मैं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने तुरंत मामले का संज्ञान लिया। उन्होंने मीडिया से कहा, हादसे में उनकी मां को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है और बुधवार को उनकी सर्जरी होनी है।

पब्लिक टॉइलेट में बढ़ी वसूली, लोग हो रहे परेशान

हर घर से 100 रुपये या प्रति उपयोग 5 रुपये की हो रही वसूली

■ **NBT न्यूज, कल्याण:** कल्याण ईस्ट के सुचक नाका इलाके में KDMC के पब्लिक टॉयलेट में निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे वसूले जाने का मामला सामने आया है। इससे इलाके में रहने वाले नागरिकों की बुनियादी सुविधाओं को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

सुचक नाका स्थित रामनगर स्लम एरिया में नगर निगम द्वारा निर्मित इस पब्लिक टॉयलेट का संचालन और रखरखाव पिछले कुछ वर्षों से एक महिला सेल्फ-हेल्प ग्रुप के पास है। पहले टॉयलेट के उपयोग के लिए हर घर से मासिक 60 रुपये लिए जाते थे, लेकिन बीते कुछ महीनों से मासिक शुल्क बंद कर दिया गया है। अब हर घर से 100 रुपये या प्रत्येक उपयोग पर 5 रुपये वसूले जा रहे हैं।

इलाका पूरी तरह स्लम क्षेत्र होने के कारण यहां रहने वाले लोगों की आर्थिक स्थिति कमजोर बताई जा रही है। ऐसी स्थिति के कारण नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता मनोज वाघमारे के अनुसार, नगर निगम से मांग की गई है कि इस शौचालय को महिला स्वयं सहायता समूह से लेकर खुद संचालित किया जाए।

संजय गांधी नैशनल पार्क में छोड़ा गया तेंदुआ मिला मृत

- नागला बंदर एरिया में हुई मौत, वन विभाग की पुष्टि
- येऊर में छोड़ा गया था भाईंदर से रेस्क्यू तेंदुआ

■ **NBT न्यूज ,ठाणे :** पिछले दिनों भाईंदर इलाके से रेस्क्यू कर येऊर स्थित संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के पहाड़ी परिसर में छोड़े गए एक नर तेंदुए की मौत की बात गुरुवार को सामने आई है। वन विभाग ने इसकी पुष्टि करते हुए तेंदुए की मौत घोडबंदर रोड के नागला बंदर परिसर में होने की बात कही है।

वन विभाग के अनुसार तेंदुए पर लगे सैटेलाइट कॉलर सिस्टम से मौत का सिग्नल मिलने के बाद विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। तेंदुए को मृत पाए जाने पर उसका अटॉप्सी प्रोसेस पूरा किया गया। अधिकारियों ने बताया कि तेंदुए की मौत का सही कारण लैब रिपोर्ट आने के बाद साफ होगा। हालांकि, तेंदुए के पंजे, दांत और दूसरे जरूरी अंग सुरक्षित पाए गए हैं।

बता दें कि 19 दिसंबर, 2025 को वन विभाग ने तेंदुए को भाईंदर स्थित एक आवासीय परिसर से रेस्क्यू किया था। उसके बाद मेडिकल जांच कर तेंदुए को ऑब्जर्वेशन में बोरीवली के संजय गांधी नैशनल पार्क की फैसिलिटी में रखा गया था। 22 दिसंबर को तेंदुए को सैटेलाइट कॉलर लगाया गया था, फिर 25 दिसंबर की रात उसे येऊर के जंगल में छोड़ दिया गया था।

मनोरंजन

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
एलपीएससी, वलियमला, निर्माण व अनुरक्षण प्रभाग
फोन.: 0471-256 7445 / 7326 / 7577 ई-मेल: contracts_cmg@lpsc.gov.in

ई-निविदा आमंत्रित करने की संक्षिप्त सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा द्वारा मद-दर निविदाएं आमंत्रित हैं।

1. ई-एनआईटी सं. एलपीएससी-वी/सीएमडी/सीएस/03/7145/सी/टीई-105/2025-26 दिनांक 04.02.2026 एल पी एस सी, वलियमला में उद्यान/परिदृश्य क्षेत्रों का अनुरक्षण, क्रायो क्षेत्र के भवन परिसर एवं सड़क एवं एल पी एस सी मुख्य भवन एवं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल आवासों का अनुरक्षण। (निविदा में दी गई अनुमानित लागत: ₹93.89 लाख)
2. ई-एनआईटी सं. एलपीएससी-वी/सीएमडी/सीएस/03/7142/सी/टीई-106/2025-26 दिनांक 04.02.2026 एल पी एस सी, वलियमला में उद्यान/परिदृश्य क्षेत्रों का अनुरक्षण, मुख्य क्षेत्र के भवन परिसरों एवं सड़क का अनुरक्षण। (निविदा में दी गई अनुमानित लागत: ₹129.33 लाख)
3. ई-एनआईटी सं. एलपीएससी-वी/सीएमडी/सीएस/03/7143/सी/टीई-107/2025-26 दिनांक 04.02.2026 एल पी एस सी, वलियमला के सभी क्षेत्रों में (i) बढ़ईखानों एवं अन्य बढ़ईगीरी कार्यों का अनुरक्षण व मरम्मती कार्य (ii) राजगीरी/मरम्मती कार्य (iii) वेल्डिंग/संविरचन कार्य एवं (iv) जल उपचार संयंत्रों, मलजल उपचार संयंत्रों के संचालन तथा वितरण नेटवर्क के अनुरक्षण मरम्मती-कार्य। (निविदा में दी गई अनुमानित लागत: ₹71.63 लाख)
4. ई-एनआईटी सं. एलपीएससी-वी/सीएमडी/सीएस/03/7146/सी/टीई-108/2025-26 दिनांक 04.02.2026 एल पी एस सी, वलियमला में क्रायो क्षेत्र एवं के.ओ.यू.ब. क्वार्टरों में (i) विभिन्न भवनों के छतों, वर्षा जल-नालियों एवं पाइपों (ii) विभिन्न सड़कों के बरसाती जल-निकासों, वर्षा-जल निकास द्वारों तथा पारगामी जल निकासों के अनुरक्षण-कार्य (iii) मल-जल निकास लाइनों में अवरोध हटाने का कार्य (निविदा में दी गई अनुमानित लागत: ₹48.88 लाख)
5. ई-एनआईटी सं. एलपीएससी-वी/सीएमडी/सीएस/03/7141/सी/टीई-109/2025-26 दिनांक 04.02.2026 एल पी एस सी, वलियमला में एल सी एस डी, एल टी ई टी, ए टी एल, ए एस एम जी, ई आर एम एस, मुख्य क्षेत्र में (i) विभिन्न भवनों के छतों, वर्षा जल-नालियों एवं पाइपों (ii) विभिन्न सड़कों के बरसाती जल निकासों, वर्षा जल निकास द्वारों तथा पारगामी जल-निकासों के अनुरक्षण-कार्य (iii) मल-जल निकास लाइनों में अवरोध हटाने का कार्य। (निविदा में दी गई अनुमानित लागत: ₹55.40 लाख)
6. ई-एनआईटी सं. एलपीएससी-वी/सीएमडी/सीएस/03/7133/सी/टीई-111/2025-26 दिनांक 04.02.2026 एल पी एस सी, वलियमला के टी ओ एम डी में पुनःरंगाई का कार्य। (निविदा में दी गई अनुमानित लागत: ₹6.11 लाख)

अनुरोध करने की अवधि : 06.02.2026, 17:30 बजे से 14.02.2026, 23:30 बजे तक

इच्छुक निविदाकार पात्रता मानदंड एवं अन्य विवरण हेतु वेबसाइट https://www.isro.gov.in/Tenders.html, https://www.lpsc.gov.in/tender.html पर दिए गए विस्तृत हिंदी (हिंदी-अंग्रेजी) निविदा आमंत्रित करने हेतु सूचना (एन आई टी) का संदर्भ लें एवं वेबसाइट https://www.tenderwizard.com/isro पर निःशुल्क निविदा देखें।
एसडी/- प्रधान, सीएमडी/एलपीएससी (वी)

पश्चिम रेलवे
त्वरित जल प्रणाली का प्रावधान

वरिष्ठ डीईएन (समन्वय)/मुंबई सेंट्रल द्वारा निविदा सूचना संख्या: M-137-1-UDN-QWS-, दिनांक 29.01.2026 आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम: उधना - प्लेटफॉर्म संख्या 3, 4, 5 और TVRL2 पर त्वरित जल प्रणाली का प्रावधान। कार्य की अनुमानित लागत: ₹2,97,76,987.63 (सभी करों सहित)। ईएमडी: ₹2,99,900/-. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 27.02.2026 को 15:00 बजे। अधिक विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। मैनुअल प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। 1074
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
ई-निविदा सूचना

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से, क्षेत्रीय विद्युत अभियंता, केआरसीएल, रत्नागिरी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-ओपन टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। **कार्य का नाम** – कोंकण रेलवे के रत्नागिरी क्षेत्र के अंतर्गत राजापुर स्टेशन पर लिफ्ट के लिए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था एवं प्रकाश व्यवस्था प्रदान करने का कार्य। **टेंडर संख्या : केआर/आरएन/ईएल/टी/19/2025 तारीख 06/02/2026, अनुमानित लागत** – ₹ 16,36,362/- (जीएसटी छोड़कर), **टेंडर फॉर्म शुल्क** – नहीं, **ईएमडी** – ₹ 32,700/- (या आयआरईपीएस पोर्टल पर दर्शाए अनुसार), **टेंडर ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 27/02/2026 दोपहर 15:00 बजे तक, अधिक जानकारी के लिए क्षेत्रीय विद्युत अभियंता, MIDC क्षेत्र, मिरजोले, रत्नागिरी के कार्यालय से या रेलवे वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर संपर्क करें।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
एसएलआर में पट्टे की लीसिंग हेतु ई-नीलामी
अधिसूचना क्रमांक COM/R/Parcel Corres./25 दिनांक : 02.02.2026
रायपुर मंडल में एसएलआर को पट्टे पर देने के लिए निम्नलिखित स्थान उपलब्ध है

क्र	गाड़ी संख्या	से	तक	लीसिंग के लिए उपलब्ध एस एल आर	ई-नीलामी दिनांक	ई-नीलामी समय
1	12823	दुर्ग	निजामुद्दीन	1(F-1)	12.02.26	12:00 से 13:20
2	18426	दुर्ग	पुरी	1(F-1)		
3	11701	रायपुर	जबलपुर	1(F-1)		
4	12549	दुर्ग	एस वी डी के	1(F-1)		
5	12536	रायपुर	लखनऊ	1(F-1)		
6	12772	रायपुर	सिकंदराबाद	1(F-I)		

सभी ई नीलामी अधिसूचना का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है
सहायक वाणिज्य प्रबंधक (जी)
PR/R/Sr.DCM/AAA/314 सीनियर डीसीएम/एसीईआर/आर
South East Central Railway @secrail

मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड
मुख्यालय, भोपाल
क्रमांक/गु.नि./1083592/2026/452 भोपाल, दिनांक : 03.02.2026
निविदा आमंत्रण सूचना

कार्पोरेशन द्वारा उपार्जित खाद्यान्न के गुणवत्ता निरीक्षण हेतु Artificial Intelligence based automatic food grain analysers with integrated automatic moisture meter for quality assaying of food grains and other notified commodities के Rental Base पर आपूर्ति, स्थापना, मरम्मत आदि कार्य हेतु एजेंसी नियोजन के लिए

कार्पोरेशन द्वारा समर्थन मूल्य पर प्रदेश में गेंहू, धान एवं अन्य उपजों के गुणवत्ता निरीक्षण हेतु Artificial Intelligence based automatic food grain analysers with integrated automatic moisture meter for quality assaying of food grains and other notified commodities के Rental Base पर आपूर्ति, स्थापना, मरम्मत आदि कार्यों के निष्पादन के लिए एजेंसी की नियुक्ति हेतु पात्र निविदाकारों से ऑनलाइन ई-निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। इस हेतु पात्र सेवा प्रदाताओं से निर्धारित निविदा दस्तावेज जिसमें निविदा कार्यक्रम (समय-सीमा), निर्देशों, शर्तें, नियमों प्रावधान का विस्तृत उल्लेख है, अनुसार आमंत्रित है।

निविदा दस्तावेज, नियम एवं शर्तों आदि का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in एवं www.mpscsc.mp.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन भरने हेतु संबंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नंबर 0120-4001002, 0120-4001005, 0120-4200462 एवं 0120-6277787 पर संपर्क कर सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/124293/2026 महाप्रबंधक (गु.नि.)

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTM7 User: cci Time: 02-05-2026 22:52 Color:

सुजाता बनीं नवी मुंबई की महापौर, दशरथ उप-महापौर

नवी मुंबई में निर्विरोध हुआ महापौर व उप-महापौर का चुनाव

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई

नवी मुंबई महानगरपालिका के महापौर और उपमहापौर पद के लिए गुरुवार को हुई चुनावी प्रक्रिया में बीजेपी की सुजाता सूरज पाटील महापौर एवं दशरथ भगत निर्विरोध उपमहापौर चुन लिए गए। महापौर पद के लिए शिवसेना की तरफ से नॉमिनेशन करने वाली सरोज पाटील और उपमहापौर पद के उम्मीदवार आकाश बालकृष्ण मढवी ने चुनाव से पहले नाम वापस ले लिया, जिसके चलते मतदान नहीं करवाना पड़ा। महापौर और उपमहापौर पद की घोषणा के बाद दोनों लोगों ने पदग्रहण किया।

महापौर सुजाता पाटील ने कहा, वह स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और यातायात नियोजन के लिए प्राथमिकता के साथ काम करेंगी। वहीं, उपमहापौर दशरथ भगत ने नवी मुंबई के तेज और संतुलित विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया।

शिवसेना उम्मीदवारों ने वापस लिया नाम

महासभा की कार्रवाई शुरू होने के बाद शिवसेना की तरफ से महापौर पद के लिए नॉमिनेशन करने वाली सरोज पाटील ने नाम वापस ले लिया। हालांकि, उप-महापौर के चुनाव के समय शिवसेना ने करीब 10 मिनट तक इंतजार किया कि बीजेपी उन्हें उप-महापौर का पद देगी, लेकिन जब बीजेपी उम्मीदवार ने अपना नाम वापस नहीं लिया, तो शिवसेना नगरसेवक दल के नेता मनोज हलदणकर ने खड़े होकर कहा, बीजेपी ने महायुति का धर्म नहीं निभाया, इसलिए अब हम अपना नाम वापस ले रहे हैं। हमें उम्मीद थी कि बीजेपी बड़ा मन करेगी।

गणेश नाईक करेंगे CM से शिकायत

महापौर और उप-महापौर बनने के बाद दोनों लोग गणेश नाईक से मिलने व्हाइट हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने दोनों को बधाई दी। उन्होंने कहा, मैं जल्द ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात करूंगा और उन्हें अपने मन की बात बताऊंगा। उसके बाद पिछले 5 वर्षों का लेखा-जोखा निकालूंगा। नवी मुंबई का एफडी 3 हजार करोड़ से घटाकर 800 करोड़ कर दिया है। जिन लोगों ने शहर में गलतियां की हैं, अगर उन्हें सुधार लें, तो मैं कुछ नहीं करूंगा और अगर नहीं सुधारा, तो मैं उसकी जांच जरूर करवाऊंगा।

डोडा पाउडर जब्त, 3 आरोपी अरेस्ट

■ NBT न्यूज, पालघर : बुधवार की रात पालघर पुलिस ने मुंबई-अहमदाबाद हाइवे के पास स्थित सोमटा गांव में कार्रवाई करते हुए 21.5 लाख रुपये कीमत का डोडा पाउडर जब्त किया है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पालघर एसपी यतीश देशमुख के आदेश पर नशे के खिलाफ जारी मुहिम में कासा पुलिस व क्राइम ब्रांच ने टिप के आधार पर सोमटा गांव में एक घर पर छापा मारा। वहां 21.52 लाख रुपये का 143.51 किलो डोडा पाउडर जब्त किया गया।

9.70 करोड़ की ड्रग्स जब्त, 2 अरेस्ट

■ NBT न्यूज, नालासोपारा : बुधवार को नालासोपारा के प्रगति नगर इलाके में ड्रग्स पैडलर्स पर ऐक्शन के बाद देर शाम तुलिंज पुलिस ने मोरेगांव इलाके में लगभग 9 करोड़ 70 लाख रुपये की ड्रग्स के साथ दो नाइजीरियन महिलाओं को अरेस्ट किया है।

पुलिस के अनुसार प्रगति नगर एरिया में बीते दो दिनों से कॉम्बिंग ऑपरेशन जारी है। सौ से अधिक नाईजीरियंस पकड़े गए, जिनमें कई के वीजा, पासपोर्ट की अवधि पूरी हो चुकी थी। कॉम्बिंग ऑपरेशन के कुछ देर बाद शाम 6 बजे तुलिंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मोरेगांव तालाब के पास प्रियंका अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर-206 में छापा मारकर दो नाइजीरियन महिलाओं को पकड़ा। जांच के दौरान उनके पास से 10 किलो 327 ग्राम कोकीन व मेफेड्रोन ड्रग्स पाई गई, जिसकी कीमत 9 करोड़ 70 लाख रुपये है। आरोपी महिलाओं से पुलिस पूछताछ जारी है। पुलिस ने कहा है कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड
वॉक-इन इंटरव्यू
पद का नाम
सहायक प्रबंधक (सुरक्षा-स्वास्थ्य-पर्यावरण)
संविदात्मक आधार पर
दिनांक: 17.02.2026
रिपोर्टिंग समय: 10.00 बजे से 12.00 बजे तक
स्थान: मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, द्वितीय तल, चर्चगेट स्टेशन भवन, चर्चगेट, मुंबई – 400020
विस्तृत अधिसूचना के लिए वेबसाइट www.mrvc.indianrailways.gov.in पर लॉगिन करें।
नोट: इस भर्ती से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र अथवा अद्यतन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

100 दिन में बदला नजर आएगा उल्हासनगरः महापौर

अश्विनी कमलेश निकम ने पद संभालते ही दिखाए तेवर

■ अरविंद त्रिपाठी, उल्हासनगर : उल्हासनगर की नई नवेली महापौर ने पदभार संभालते ही अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को शहर के दौरे पर पैदल निकली महापौर अश्विनी कमलेश निकम ने दावा किया कि 100 दिनों में उल्हासनगर बदला हुआ नजर आएगा। उन्होंने कहा, 'मैं महिला हूं, इसीलिए शहर को बेहतर जानती हूं। यहां की सभी समस्याओं से अवगत हूं, क्योंकि मैं हमेशा सक्रिय रही हूं। पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, स्वास्थ्य विभाग पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है, क्योंकि यही लोगों की रोजमर्रा की समस्याएं हैं। यह सब सुधरते ही शहर भी एकदम स्वच्छ, साफ-सुथरा, निखरा दिखेगा।'

गुरुवार को महापौर ने उल्हासनगर-4 स्थित मेन बाजार का दौरा किया और व्यापारियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उनके साथ मनपा के कई अधिकारी भी थे। वहां हरेश कृष्णानी, डॉ. तुलसी करीरा आदि ने मनपा के पर्यावरण विभाग और क्षेत्र में असामाजिक तत्वों से बढ़ती परेशानियां गिनाईं। उनके मुताबिक उन्होंने ओमी कालानी को भी समस्या से अवगत कराया है। महापौर ने इस मसले पर कालानी से हुई चर्चा का जिक्र करते हुए अधिकारियों और व्यापारियों के बीच समन्वय की भूमिका निभाई।

महापौर निकम ने कहा कि केबिन में बैठने के बजाय लोगों के बीच जाकर काम करना मेरी प्राथमिकता होगी। इस शहर ने मुझे बनाया है, ऐसे में मेरी ड्यूटी है कि शहर वासियों की समस्याएं खत्म करूं। उन्होंने आने वाले दिनों में उल्हासनगर के 1 से 5 नंबर तक लगातार दौरा कर सभी की समस्याएं सुनने और समस्याओं को खत्म करने का संकल्प दोहराया। इस दौरान उन्होंने कल्याण-अंबरनाथ रोड पर पर व्यापारियों की समस्याएं दूर करने का आश्वासन दिया।



INNOVATION & EXPANSION

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

व्यापार और विकास के भविष्य को मिलेगी नई ऊर्जा व शक्ति

जैसे-जैसे भारत वैश्विक मंच पर बड़े लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, लॉजिस्टिक्स की दक्षता अब आर्थिक परिपक्वता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का एक अहम पैमाना बनता जा रहा है।

PIC: ISTOCK



Artha.Neog@timesofindia.com

अक्सर सुर्खियों से दूर रहने वाला लॉजिस्टिक्स रोजमर्रा के व्यापार की रीढ़ होता है। लेकिन 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर बढ़ते भारत में फैक्ट्रियों, गोदामों और बाजारों के बीच सामान की आवाजाही को संभालने वाली यह व्यवस्था अब एक रणनीतिक बदलाव से गुजर रही है। लॉजिस्टिक्स अब केवल परदे के पीछे चलने वाली गतिविधि नहीं रह गई है, बल्कि यह विनिर्माण प्रतिस्पर्धा, व्यापार दक्षता और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारत की गहरी भागीदारी को आकार देने वाला एक महत्वपूर्ण साधन बन चुकी है।

भारत में लॉजिस्टिक्स खर्च जीडीपी का लगभग 13 से 14 प्रतिशत आंका जाता है, जो वैश्विक मानकों से काफी अधिक है। इससे होने वाली अक्षमताएं सीधे तौर पर औद्योगिक उत्पादकता और निर्यात प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करती रही हैं। इसे समझते हुए सरकार ने सड़कों, बंदरगाहों, रेलवे और मल्टीमॉडल कॉरिडोर में बड़े पैमाने पर निवेश के साथ कई संरचनात्मक सुधार शुरू किए हैं।

> दक्षता आधारित लॉजिस्टिक्स मॉडल उत्पादकता-आधारित विकास को बढ़ावा देते हैं, बेहतर संचालन के माध्यम से पर्यावरण पर प्रभाव को कम करते हैं और भारत को एक भरोसेमंद वैश्विक विनिर्माण एवं लॉजिस्टिक्स हब के रूप में मजबूत करते हैं।

लेकिन परिवर्तन का अगला चरण अब केवल भौतिक अवसंरचना तक सीमित नहीं है। जैसे-जैसे हाइवे और फ्रेट कॉरिडोर का विस्तार हो रहा है, वैसे-वैसे ध्यान अब गोदामों, फैक्ट्रियों और वितरण केंद्रों के अंदर की प्रक्रियाओं पर केंद्रित हो रहा है, जहां दक्षता बढ़ाकर बड़े आर्थिक लाभ हासिल किए जा सकते हैं। यहीं से इंट्रालॉजिस्टिक्स, स्मार्ट वेयरहाउसिंग और उन्नत मटीरियल हैंडलिंग विकास की नई दिशा बनकर उभर रहे हैं।

इंट्रालॉजिस्टिक्स, जो गोदामों और उत्पादन इकाइयों के भीतर सामग्री के आंतरिक प्रवाह को बेहतर बनाने पर केंद्रित है, अब विनिर्माण, तकनीक और व्यापार के संगम पर खड़ा है।

इस बदलाव में ऑटोमेशन की भूमिका केंद्रीय है। ऑटोमेटेड स्टोरेज और रिट्रीवल सिस्टम, कन्वेयर, रोबोटिक्स, इंटेलिजेंट फोर्कलिफ्ट और डिजिटल रूप से एकीकृत वेयरहाउस मैनेजमेंट सिस्टम अब प्रयोग के स्तर से आगे बढ़कर परिचालन की अनिवार्यता बनते जा रहे हैं।

स्मार्ट वेयरहाउसिंग इन्वेंट्री प्रबंधन के तरीके को भी पूरी तरह बदल रही है। रियल-टाइम डेटा, प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स और कनेक्टेड सिस्टम सप्लाई चेन में बेहतर योजना और समन्वय संभव बना रहे हैं। यह खास तौर पर ई-कॉमर्स, एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल्स और कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों के लिए बेहद जरूरी है, जहां गति और भरोसेमंद डिलीवरी सीधे बाजार में प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करती है।

मटीरियल हैंडलिंग, जो अक्सर नजरअंदाज कर दी जाती है, इस पूरे बदलाव की रीढ़ बनी हुई है। उन्नत उपकरण और डिजिटल प्रक्रियाएं विभिन्न उद्योगों में परिचालन दक्षता बढ़ा रही हैं, लागत घटा रही हैं और व्यवधानों को कम कर रही हैं। वैश्विक वैल्यू चेन से जुड़े निर्यातकों और निर्माताओं के लिए इसका मतलब है, बेहतर डिलीवरी प्रतिबद्धता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत विश्वसनीयता।

SCAN TO REGISTER
To know more contact:
info@logimat.in

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMTEN User: cci Time: 02-05-2026 21:56 Color:

संसद की गरिमा इस पर निर्भर करती है कि शक्तियों का प्रयोग किस प्रकार किया जाता है - *थॉमस एस्क्वीन मे*

सार्थक बहस हो

संसदीय व्यवस्था में कई परंपराएं लिखित नियमों से भी ज्यादा अहम होती हैं। इसी में है राष्ट्रपति के अभिभाषण से जुड़े धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री का जवाब। लेकिन, सरकार और विपक्ष का रिश्ता इतना कटु हो चुका है कि लोकसभा में न तो विपक्ष के नेता अपनी बात ढंग से रख सके और न ही प्रधानमंत्री का भाषण हो सका। हालांकि पीएम नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में भाषण दिया, जिसमें अमेरिका, EU समेत हाल में दूसरे देशों के साथ हुई ट्रेड डील का जिक्र था। लेकिन, विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया।

संसद में गतिरोध जारी

चिंताजनक हालात । पीएम को बुधवार शाम लोकसभा में जवाब देना था, लेकिन हंगामे के चलते वह नहीं आए। गुरुवार को कार्यवाही शुरू हुई, तब भी हालात नहीं बदले। पीएम के जवाब देने के लिए नहीं आने के पीछे जो वजह अब बताई जा रही है, उसके लिए चिंताजनक शब्द कहना छोटा है। स्पीकर ओम बिरला के मुताबिक, पीएम के साथ विपक्षी सांसद अनुचित घटना कर सकते थे, जबकि कांग्रेस ने इसका जोरदार खंडन किया है।

भाषण की अहमियत । हंगामा, आरोप-प्रत्यारोप और तीखी बहस सदन की कार्यवाही का हिस्सा है, लेकिन केवल इन्हीं का कार्यवाही पर भारी पड़ना स्वीकार नहीं किया जा सकता। पीएम का भाषण सरकार की तरफ से वह आखिरी जवाब होता है, जिसमें विपक्ष के सवालों को संबोधित किया जाता है। ये सवाल विपक्ष के होते हैं, पर इंतजार इनका पूरा देश करता है।

दोनों की जिम्मेदारी । संसद के इस सत्र के आगे ऐसा गतिरोध है, जो सरकार और विपक्ष के आपस में बैठकर बातचीत किए बिना नहीं हटेगा। अभी मुश्किल लग रही है कि संवाद किसी की प्राथमिकता में नहीं दिख रहा। राहुल गांधी सदन में एक किताब के हवाले से बात रखना चाहते हैं और सरकार नियमों का हवाला दे रही है। दोनों पक्षों को सोचना चाहिए कि क्या कोई बीच का रास्ता निकल सकता है। सदन चलाने की जिम्मेदारी सरकार पर होती है, तो पहल उसी को करनी चाहिए।

बहस जरूरी । देश के बाहर और भीतर की परिस्थितियों को देखते हुए यह बजट सत्र महत्वपूर्ण है। विदेश नीति, अमेरिका के साथ डील, रूस संग रिश्ते, भारत की ऊर्जा सुरक्षा और बजट - इन सब मुद्दों पर चर्चा की दरकार है। सरकार ने समय-समय पर जवाब दिए हैं, लेकिन संसद में सार्थक बहस से विभिन्न दृष्टिकोण सामने आते हैं। सरकार को भी इससे संतुलित फैसले लेने और नीतियां बनाने में मदद मिलती है। बहस इस बात का सबूत है कि लोकतंत्र में असहमति और आलोचना की जगह बची हुई है।

तिराहा

अर्थ'व्यवस्था'

सुखनंदन स्टडी रूम में थे। किताबों से आलमारियां भरी पड़ी हैं। हर पुस्तक मेले में ठेला भर खरीदते हैं। मोहब्बत इतनी कि दूसरे तो दूर, खुद भी उनको हाथ नहीं लगाने कि मैली न हो जाएं। तस्वीर भी उनकी ओर पीठ करके खिंचवाते हैं जिससे नजर न लगे। इससे किताबें भी सुरक्षित रहती हैं और श्रोताओं में सुखनंदन की तार्किक गहराई का अहसास भी बना रहता है।

प्रेम शंकर मिश्र

स्टडी रूम में खटर-पटर की आवाज ने सुधर्मा को वहां पहुंचा दिया। देखा, तो फर्श पर किताबें, कागज, फाइलें उलटी-पलटी थीं, जैसे कमरे में तूफान आ गया हो। देखते ही सुखनंदन ने सवाल दागा, 'तुमने विमर्श-2024 वाली फाइल देखी है क्या? बजट का विश्लेषण करना है।' सुधर्मा चौंकी, 'बजट इस साल का, विमर्श दो साल पहले का? विमर्श-2025 का अंक तो मेज पर रखा है, उसे क्यों नहीं पलट लेते?' 'तब मैं विपक्ष में था', झल्लाते हुए जवाब आया। विमर्श के बीच सुखनंदन का फोन बजा। सुखनंदन कह रहे थे, 'प्रारंभिक तौर पर ऐतिहासिक बजट! बाकी विशेषताएं विस्तार से तलाश कर जल्द बताता हूं, धन्यवाद।'

फोन कटा नहीं कि सुधर्मा तोप बनीं, 'यह बजट हमेशा ऐतिहासिक ही क्यों होता है?' सुखनंदन मुस्कुराए, 'प्रिये! क्योंकि इतिहास सवाल नहीं करता। वर्तमान समाधान और भविष्य जवाबदेही मांगता है। जबकि, कुर्सी उस लकड़ी से बनती है जिसमें जवाबदेही का घुन न लगे।'



'तो फिर विपक्ष के लिए हमेशा हकीकत से परे और कोरी कल्पना क्यों होता है?' सुधर्मा की जिज्ञासा बजट के आकार की तरह ही बढ़ रही थी। 'वह इसलिए, क्योंकि हकीकत जानने के लिए उनको भी जनता से नाता रखना होगा। जब हकीकत से वास्ता ही नहीं तो उन्हें सब हकीकत से परे दिखेगा। कोरी कल्पना इसलिए, क्योंकि उनका समय दस्तावेजों की ओर से दिलाए जा रहे कुर्सी के काल्पनिक आनंद में में ही बीत रहा है।' 'तो अर्थव्यवस्था का क्या?' 'कौन-सी अर्थ व्यवस्था'? देश की या वोट की?' सुखनंदन को घूरते हुए सुधर्मा कुत्ते को खाना खिलाने चली गईं।

एकदा

संकलन : रेनू सैनी

'बिभा' एक तारा

यदि आप विज्ञान में भारतीय महिलाओं के योगदान को याद करना चाहते हैं, तो अपनी दूरबीन आकाश की ओर घुमाइए। एक ऐसे पीले तारे की तलाश कीजिए, जो सूर्य की तुलना में अधिक गर्म, बड़ा और अधिक पुराना दिखाई देता है। पृथ्वी से लगभग 340 प्रकाश-वर्ष दूर एक तारा 'बिभा' है। वर्ष 2019 में अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ ने भारतीय भौतिक विज्ञानी बिभा चौधरी के सम्मान में इस तारे का नाम रखा। सन 1913 में कोलकाता के एक शिक्षित परिवार में जन्मी बिभा की बचपन से ही विज्ञान में गहरी रुचि थी। 1936 में उन्होंने भौतिकी में एम.एससी. किया। फिजिक्स विभाग में वह अकेली छात्रा थीं। उन्होंने प्रसिद्ध वैज्ञानिक डी.एम. बोस के मार्गदर्शन में शोध कार्य शुरू किया। 1938 से 1942 के बीच उन्होंने दार्जिलिंग की ऊंची पहाड़ियों पर जाकर कॉस्मिक किरणों का अध्ययन किया। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने 'हाफटोन' फोटोग्राफिक प्लेटों के माध्यम से 'मेसॉन' नामक कण की पहचान की। स्वतंत्रता के बाद जब होमी जहांगीर भाभा ने टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च की स्थापना की, तो बिभा चौधरी वहां शामिल होने वाली पहली महिला वैज्ञानिक बनीं। वह जीवनभर एक शोधकर्ता के रूप में ही कार्य करती रहीं।

Subrata Dhar

चीनी राष्ट्रपति सेना पर पूरा नियंत्रण चाहते हैं, भारत के लिए बढ़त का मौक़ा

अपने जनरलों से डरते हैं शी

हर्ष वी. पंत

चीन ने पिछले दिनों अपनी सेना के दो बड़े अधिकारियों को हटा दिया। जनरल झांग यूशिया और जनरल ल्यू झेनली पर चेयरमैन रेस्पॉन्सिबिलिटी सिस्टम के उल्लंघन का आरोप है। इसका मतलब है कि उन्होंने राष्ट्रपति शी चिनफिंग के अधिकारों को सीधी चुनौती दी और पार्टी व पीपल्स लिबरेशन आर्मी (PLA) की युद्ध क्षमता को नुकसान पहुंचाया।

खतरनाक इरादे । जनरलों के खिलाफ कार्रवाई इतनी तेजी से हुई, जो चीन में स्वतंत्र सत्ता को खत्म करने के चिनफिंग के इरादे जाहिर करती है। इस कार्रवाई का मकसद अगले साल 21वीं पार्टी कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन से पहले PLA के शीर्ष अधिकारियों को काबू में करना है। बड़ा सवाल है कि चिनफिंग की इस कार्रवाई का चीन की रक्षा नीति और भारत की सुरक्षा, खासकर वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर क्या असर होगा।

तालमेल नहीं बैठा । पद से बेदखल किए गए जनरल झांग, चिनफिंग के बचपन के दोस्त रहे हैं। वह 2012 से चिनफिंग के करीबी सहयोगी थे। झांग की तरह ही जनरल ल्यू भी PLA के पुराने सैनिक थे। उन्होंने वियतनाम युद्ध से काफी कुछ सीखा। स्वाभाविक है कि वह ताइवान को लेकर शी चिनफिंग के साथ तालमेल नहीं बैठा पाए। जितनी तेजी से नेतृत्व उनसे तैयारी चाहता था, वैसा हुआ नहीं। पोलित ब्यूरो के सदस्य ली होंगझेंग के मुताबिक, चिनफिंग ने अपनी किताब में लिखा है- जो पूरी तरह वफादार नहीं, वह गद्दार है। और उन्होंने सेना के इन दोनों बड़े अधिकारियों को हटा दिया।

क्षमता पर असर । चिनफिंग की इस कार्रवाई से चीन की राजनीति खासकर PLA के भीतर कई बरसों तक उथल-पुथल होगी। खाली हो चुके सेंट्रल मिलिट्री कमिशन (CMC) को नए चेहरों के साथ दोबारा भरने में भी वक्त लगेगा। भले ही अगले साल पार्टी कांग्रेस में CMC को नए नेता मिल जाएं, लेकिन जांच सख्त होगी। भले ही चीन में हाल के बरसों में सेना के कई बड़े अफसरों को हटाया गया हो, लेकिन PLA में अब भी मेजर जनरल रैंक के हजारों बड़े अधिकारी हैं। इसलिए, चिनफिंग भरोसेमंद अधिकारियों को जुटाने तक प्रमोशन और छंटनी करते रहेंगे।

ताइवान को राहत । इस कार्रवाई से ताइवान को थोड़ी राहत जरूर है। भले ही चिनफिंग जल्दबाजी में दिख रहे हैं, लेकिन वह समझदार हैं। लगता है कि ताइवान को लेकर उन्हें PLA की क्षमता पर पूरा भरोसा नहीं।

LAC पर असर । हाल के महीनों में भारत और चीन ने सावधानी से दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। दोनों देशों ने आर्थिक संबंध सुधारे हैं और सरकारी, संस्थानों के बीच बातचीत आसान करने के लिए भी कदम उठाए हैं। लेकिन, इससे प्रतिस्पर्धा में कोई कमी नहीं आई है। LAC पर अब भी करीब 50,000 सैनिक हैं। हालांकि, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ चीन का करीबी सहयोग देखने को मिला था। हिंद महासागर में उसकी बढ़ती गतिविधियों से भी वह ज्यादा भरोसे के लायक नहीं है। ऐसे सफाई अभियान से भले ही PLA अपनी ताकत बढ़ा ले, मगर LAC पर शांति और यथास्थिति रह सकती है।

क्षमता बढ़ाए भारत । भारत लगातार चीन के साथ संबंधों को प्रभावित करने वाली संधि, समय और अस्पष्टता जैसी तीन रणनीतियों को लेकर गलत रहा है। भारत संधि को बाध्यकारी मानता है, जबकि चीन उन्हें विरोधी के व्यवहार को आकार देने का साधन। ऐसे में नई दिल्ली का संयम पेइचिंग का दुस्साहस बढ़ाता है। भारत के लिए द्विपक्षीय रिश्तों को समय देना स्थिरता का कारक है, जबकि चीन समय का उपयोग अपनी तैयारी को और मजबूत करने और धीरे-धीरे तथ्यों को बदलने के लिए करता है। वह कभी किसी अस्पष्टता को हल नहीं करता, बल्कि उसे अपनी ताकत बनाता है। इसलिए भारत को भी अपनी LAC नीति को प्रोएक्टिव बनाने पर ध्यान देना होगा। PLA के भीतर उथल-पुथल भारत के लिए क्षमता बढ़ाने और खुद को मजबूत करने का एक मौका है।

(लेखक इंग्लैंड के किंग्स कॉलेज में प्रफेसर हैं)

AI Image

PLA पर एक्शन

- चीन में स्वतंत्र सत्ता को खत्म करना चाहते हैं चिनफिंग
- चीनी सेना में अब लंबे समय तक रहेगी हलचल
- LAC पर आगे भी शांति और स्थिरता देखने को मिल सकती है

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें

www.speakingtree.nbt.in

बोलिए, लेकिन समय पर चुप रहना भी है ज़रूरी

संजय तेवतिया

हमारे जीवन में वाणी और मौन, दोनों महत्वपूर्ण हैं। आमतौर पर लोग बोलने को अपनी अभिव्यक्ति का सबसे बड़ा साधन मानते हैं, लेकिन मौन की गहराई को नजरअंदाज कर देते हैं। सच कहा जाए तो मौन एक गहन साधना है और सोच-समझकर बोलना उच्च कोटि की कला। इन दोनों का संतुलन ही व्यक्ति को परिपक्व, विवेकशील और प्रभावशाली बनाता है।

जब व्यक्ति मौन में रहता है, तब अपने भीतर झांकने का अवसर पाता है। ऋषि-मुनियों और संतों ने सदियों से मौन को साधना का महत्वपूर्ण अंग माना है। आज के भागदौड़ भरे जीवन में, जहां हर ओर शोर, तनाव और अव्यवस्था है, वहां मौन व्यक्ति को मानसिक शांति प्रदान करता है। मौन रहकर व्यक्ति न केवल स्वयं को, बल्कि दूसरों को भी बेहतर ढंग से समझने लगता है। मौन का एक बड़ा गुण है कि यह व्यक्ति को अनावश्यक विवादों से बचाता है। कई बार आवेश में आकर बोले गए शब्द रिश्तों में दरार डाल देते हैं। यदि ऐसे क्षणों में व्यक्ति मौन धारण कर ले, तो परिस्थितियों को बिगड़ने से रोका जा सकता है। मौन धैर्य सिखाता है और सहनशीलता को बढ़ाता है।



AI Image

दूसरी ओर, सोच-समझकर बोलना एक कला है, जो अभ्यास और विवेक से विकसित होती है। हर व्यक्ति बोल सकता है, लेकिन सही समय पर, सही शब्दों में और सही भाव के साथ बोलना सभी के वश की बात नहीं होती।

सोच-समझकर बोला गया एक वाक्य सामने वाले के मन को छू सकता है, जबकि बिना विचार के कही गई बात गहरा घाव भी दे सकती है। सोच-समझकर बोली गई बात विश्वास पैदा करती है और संबंधों को मजबूत बनाती है। इसके विपरीत कटु और असंतुलित वाणी व्यक्ति की छवि को नुकसान पहुंचाती है।

मौन और वाणी के बीच संतुलन अत्यंत आवश्यक है। हर परिस्थिति में न तो मौन उचित होता है और न ही हर समय बोलना। जहां अन्याय हो रहा हो, वहां मौन कायरता है और जहां शब्दों से स्थिति बिगड़ सकती हो, वहां मौन ही सबसे बड़ा उत्तर होता है। ऐसे में यह और भी आवश्यक हो जाता है कि व्यक्ति बोलने से पहले विचार करे और आवश्यकता पड़ने पर मौन को अपनाए।

सज़ा नहीं, इनाम देने से बचेगा पर्यावरण

इतिहास बताता है कि जब पर्यावरण बचाने की कोशिशें सिर्फ सजा और पाबंदी नहीं, आर्थिक प्रोत्साहन से जुड़ी होती हैं, तो नतीजे ज्यादा असरदार होते हैं। 1990 के दशक में अमेरिका ने 'कैप एंड ट्रेड' सिस्टम अपनाया। इसके जरिए फैक्ट्रियों को तय सीमा से अधिक प्रदूषण करने से रोका गया। साथ ही साफ तकनीक अपनाने वालों को आर्थिक फायदा भी मिला। नतीजा, एसिड रेन के लिए जिम्मेदार सल्फर डाइऑक्साइड का उत्सर्जन तेजी से घटा।

अविनाश चंद्र

कार्बन क्रेडिट । इसी तरह, लंदन की टेम्स नदी को 1950 के दशक में 'जैविक रूप से मृत' माना जाता था। सख्त प्रदूषण नियमों और पर्यावरण से जुड़े व्यापारिक उपायों की बदौलत आज वही नदी दुनिया की सबसे साफ महानगरीय नदियों में गिनी जाती है। दुनिया भर में आज इस सोच को अपनाया जा रहा है। वैश्विक कार्बन क्रेडिट बाजार 2025 तक लगभग $87 अरब डॉलर का हो चुका था और 2026 में इसके 1.2 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो जाने का अनुमान है। इस साल के बजट के जरिये भारत भी इसी तरह के बाजार आधारित समाधान को अपनाने की दिशा में बढ़ रहा है।

लाभदायक व्यवसाय । बजट में कार्बन क्रेडिट को धीरे-धीरे विकास का एक अनिवार्य हिस्सा बनाने की झलक दिखाई दी है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सरकार ने सजा देने वाली नीति की जगह प्रोत्साहन का रास्ता चुना है। कार्बन क्रेडिट इसी नीति का नतीजा है। इसमें प्रदूषण कम करना नैतिक जिम्मेदारी के साथ लाभदायक व्यवसाय भी बनता दिखाई दे रहा है।

तकनीक को बढ़ावा । बजट में सरकार ने उन उद्योगों के लिए 20,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जहां उत्सर्जन पूरी तरह रोक पाना संभव नहीं। इन्हें कार्बन कैप्चर, यूटिलाइजेशन और स्टोरेज (CCUS) तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यह तकनीक धुएं से कार्बन को सोखकर उसे ठोस कचरे या अन्य उत्पादों में बदल देती है। इससे कंपनियां 'कार्बन क्रेडिट' कमा सकती हैं।

किसानों के लिए मौका । बजट की सबसे बड़ी उपलब्धि 'ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम' को कृषि से और किसानों को कार्बन बाजार से जोड़ना है। किसानों को अब पेड़ लगाकर, प्राकृतिक खेती अपनाकर और मृदा स्वास्थ्य में सुधार करके कार्बन क्रेडिट अर्जित करने का अवसर दिया जाएगा। इन क्रेडिट्स को इंटरनैशनल एयरलाइंस या गूगल और एपल जैसी टेक कंपनियां खरीद सकेंगी। ये कंपनियां जो कार्बन पैदा करती हैं, उसकी भरपाई इन क्रेडिट्स से होगी, जबकि किसानों को अच्छी-खासी कमा करने का भी मौका मिलेगा।

बाजार की जरूरत । बजट में भारतीय कार्बन बाजार को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने की तैयारी दिखती है। भारी उत्सर्जन करने वाले उद्योगों के लिए विशिष्ट उत्सर्जन सीमा तय की गई है, नैशनल डिजिटल रजिस्ट्री का प्रावधान है। EU के कार्बन टैक्स से भारतीय निर्यातकों को बचाने के लिए देश का अपना मजबूत कार्बन बाजार होना जरूरी है।

(लेखक पब्लिक पॉलिसी के जानकार हैं)

कॉमन रूम



AI Image

कांटे की बात

मारियानो ने कैंसर को भी 'चूहा' बनाया

पैंक्रियाज कैंसर को दुनिया की सबसे खतरनाक और जानलेवा बीमारियों में माना जाता है। लेकिन, स्पेन के नैशनल कैंसर रिसर्च सेंटर (CNIO) के प्रमुख वैज्ञानिक मारियानो बारबासिड (Mariano Barbacid) ने उम्मीद जगाई है।

मैं और मेरे भाई, पिता इमरान खान से मिलना चाहते हैं। 914 दिनों से उन्हें अकेले जेल में रखा गया है, जबकि उनकी सेहत खराब हो रही है। सरकार हमें वीजा नहीं दे रही है। बच्चों को उनके पिता से मिलने का अधिकार न देना सामूहिक सजा है।

कासिम खान, इमरान खान के बेटे

सप्ताह की शख्सियत

पैंक्रियाज कैंसर ठीक किया

मारियानो 40 बरसों से कैंसर पर रिसर्च कर रहे हैं। उन्होंने हाल में चूहों में पैंक्रियाज कैंसर को पूरी तरह ठीक कर दिया। उन्होंने टीम के साथ मिलकर तीन दवाओं के कॉम्बिनेशन से ऐसा असरदार इलाज तैयार किया, जो कैंसर बढ़ाने वाले प्रोटीन को रोकता है। इसका साइड इफेक्ट भी कम रहा। मारियानो ने 1980 के दशक में यह पता लगाने में मदद की थी कि कैंसर जेनेटिक बीमारी भी है।

बीमारी को समझने में मदद

मारियानो ने RAS oncogene की खोज में अहम भूमिका निभाई। इसी जीन के खराब होने पर कोशिकाएं बिना कंट्रोल के बढ़ने लगती हैं और कैंसर बनता है। उन्होंने CNIO को स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाई, जो कैंसर पर काम करने वाले सबसे बड़े संस्थानों में है। रिसर्च से यह मदद मिली कि कैंसर को दवाओं के जरिये भी रोका जा सकता है। उनकी स्टडी के आधार पर कई दवाएं बनी हैं।

- अभिषेक मिश्र

जनता जंक्शन

इरफान

किताब छपी नहीं और सियासत गरमा गई

पूनम पाण्डे

एक किताब में लिखी बातों को लेकर हफ्ते की शुरुआत से लोकसभा में गतिरोध जारी है। भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की ऑटोबायोग्राफी के हवाले से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपनी बात रखना चाहते हैं। लेकिन, सरकार की दलील है कि किसी अप्रकाशित किताब के हवाले से कुछ नहीं कहा जाना चाहिए। विपक्ष को किताबी भाषा में ही जवाब देने के लिए BJP सांसद निशिकांत दुबे दर्जनों किताबों के साथ लोकसभा पहुंच गए। जनरल नरवणे की ऑटोबायोग्राफी 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' भले अभी रिलीज नहीं हुई, लेकिन इसने सरकार, विपक्ष, जनता, लेखक-प्रकाशक जैसे फोर स्टार्स ऑफ पॉलिटिक्स को जन्म दे दिया है।

मंजूरी का इंतजार

किताब का हवाला देते हुए विपक्ष को सरकार पर पुराने आरोप दोहराने का मौका मिल गया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब से अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर होने का ऐलान किया है, राहुल गांधी तब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 'सरेंडर' करने का हवाले से आरोप लगा रहे हैं। सदन में राहुल फिलहाल चीन का मसला उठा रहे हैं, लेकिन किताब में अग्निपथ पर जो लिखा है उस पर विपक्ष पहले भी सवाल उठा चुका है। राहुल गांधी जिस तरह आक्रामक दिख रहे, उससे लगता है कि यह मामला जल्दी शांत होने वाला नहीं है।

सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में कहा था कि अप्रकाशित किताब के हवाले से कोई भी दावा कैसे किया जा सकता है। हालांकि किताब क्यों नहीं छपी, इस पर सरकार चुप है। दिसंबर 2023 में ही पेंगुइन ने जनरल नरवणे की 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' का ऐलान किया था। तब इसका प्री-ऑर्डर भी लिया जा रहा था। किताब जनवरी 2024 में ही आनी थी, लेकिन इसकी रिलीज रोक दी गई। कहा गया कि रक्षा मंत्रालय से इसकी मंजूरी नहीं मिली है।

रक्षा मंत्रालय भी नहीं बता रहा है कि पूर्व सेना प्रमुख की इस किताब को क्लियरेंस कब मिलेगी और मिलेगी या नहीं। सवाल उठ रहे हैं कि रिव्यू के लिए कोई तय मियाद भी है क्या? अगर क्लियरेंस नहीं देनी है तो इसकी जानकारी लेखक और प्रकाशक को दी जाती है या नहीं, और क्या उन्हें इसकी वजह बताई जाती है?

राहुल को कैसे मिली किताब

संसद में यह मुद्दा उठने के बाद चर्चा तेज हो गई कि किताब कैसे मिलेगी? राहुल जब किताब लेकर सदन पहुंचे तो पूछा जाने लगा कि उन्हें यह कहां से मिल गई? राहुल ने कहा कि आप अंदाजा लगा सकते हैं। कहा जा रहा है कि प्री-ऑर्डर के लिए किताब की प्रिंटिंग हुई थी, लेकिन रिलीज पर रोक के बाद प्री-ऑर्डर कैंसल कर दिए गए। संसद में विवाद पर अब तक न तो लेखक और न प्रकाशक ने कुछ कहा है। ऐसे में सवाल है कि 432 पन्ने की यह किताब महज राजनीतिक विवाद बन कर रह जाएगी या लोगों के हाथ भी आएगी?

विशुद्ध राजनीति

कसौटी

रीडर्स मेल

www.edit.nbt.in

कितने भरोसे लायक ट्रंप?

सुबह का भूला अगर शाम को घर आ जाए, तो उसे भूला नहीं कहते। अगर अमेरिका ने हमारे देश के लिए टैरिफ 25% से घटाकर 18% कर दिया, तो यह उसकी समझदारी है। दरअसल, दुनिया में हमारा देश ही एकमात्र ऐसा देश है, जहां अमेरिका को व्यापार करने से फायदा है। हालांकि इस छूट में कृषि और डेयरी क्षेत्र को फिलहाल बाहर ही रखा गया है। वही, गिरगिट की तरह ट्रंप रंग बदलते रहे हैं। इससे उन पर दुनिया भरोसा करना छोड़ सकती है। भारत को भी सोच-समझकर भरोसा करने की जरूरत है।

-राजेश कुमार चौहान, ईमेल से

readersmail.nbt@gmail.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMARTH User: cci Time: 02-05-2026 22:20 Color:

फटाफट खबरें

बकाया मामले में Vi आगे : केंद्र

■ पीटीआई, नई दिल्ली: टेलिकॉम कंपनियों को वित्त वर्ष 2024-25 तक सरकार को AGR (एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू) के बकाये के रूप में कुल 1.77 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान करना है। संसद में पेश किए गए आंकड़ों के मुताबिक, कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया (Vi) पर सबसे ज्यादा 89,952 करोड़ रुपये की देनदारी है। भारती ग्रुप को 51,091 करोड़ रुपये, टाटा ग्रुप को 20,426 करोड़ रुपये, एमटीएनएल (MTNL) को 14,462 करोड़ रुपये और रिलायंस जियो इन्फोकॉम को 1,984 करोड़ रुपये चुकाने हैं।

GST ई-वे बिल में बदलाव की तैयारी

■ पीटीआई, नई दिल्ली: केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर ई-वे बिल (e-way bill) के सिस्टम को पूरी तरह बदलने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, इस मुद्दे पर अगली जीएसटी काउंसिल की बैठक में चर्चा की जाएगी।

REITs, InvITs के लिए नए प्रस्ताव

■ पीटीआई, नई दिल्ली: बाजार नियामक सेबी (Sebi) ने गुरुवार को एक नया प्रस्ताव रखा है। इसके तहत REITs और InvITs के लिए लिक्विड म्यूचुअल फंड स्कीमों में निवेश करने का दायरा बढ़ाया जाएगा। फिलहाल, ये संस्थान केवल उन्हीं लिक्विड स्कीमों में पैसा लगा सकते हैं जिनकी क्रेडिट रिस्क वैल्यू बहुत ज्यादा और रिस्क क्लास सबसे टॉप पर होती है।

सस्ते छातों के आयात पर रोक

■ पीटीआई, नई दिल्ली: सरकार ने गुरुवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए छातों के आयात पर 100 रुपये प्रति पीस का न्यूनतम आयात मूल्य (MIP) तय कर दिया है। अब 100 रुपये से कम दाम वाले छाते को विदेश से मंगाने की इजाजत नहीं होगी। इसका मकसद देश के कारोबार को मजबूत करना है।

अब खाड़ी के 6 देशों से FTA

भारत और GCC ने बातचीत शुरू करने के दस्तावेज पर दस्तखत किए

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : भारत और खाड़ी क्षेत्र के 6 देशों के समूह गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (GCC) ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की दिशा में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। दोनों पक्षों ने FTA पर बातचीत औपचारिक रूप से शुरू करने के लिए टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर दस्तखत किए। इस मौके पर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने कहा कि इस FTA से दोनों पक्षों के लिए ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।

गोयल ने कहा, 'दोनों पक्ष एक-दूसरे से करीब 5000 साल से ज्यादा समय से व्यापार कर रहे हैं। GCC के देशों में पहले ही भारत के करीब 1 करोड़ लोग रह रहे हैं, काम कर रहे हैं और वहां की आर्थिक समृद्धि में योगदान कर रहे हैं। इस समझौते से हमारे संबंध और मजबूत होंगे। इनवेस्टमेंट बढ़ाने में मदद मिलेगी। दोनों पक्षों के लिए एनर्जी और फूड सिक्योरिटी को मजबूती मिलेगी। हमारे किसानों को फायदा होगा।'

कौन-कौन देश शामिल हैं?

GCC में सऊदी अरब, UAE, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन सहित 6 देश हैं। UAE के साथ FTA 2022 में हो चुका है और ओमान के साथ कॉम्प्रिहेंसिव इकनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट पिछले साल हुआ था। हालांकि पूरे ब्लॉक के रूप में GCC से ऐसा करार नहीं है। गोयल ने कहा, 'इस ब्लॉक लेवल FTA से दोनों पक्षों के बिजनेस का तालमेल और बढ़ेगा। वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही ज्यादा आसानी से बढ़ेगी। पॉलिसी लेवल पर स्टेबिलिटी आएगी।'

टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर भारत के मुख्य वार्ताकार और अडिशनल कॉमर्स सेक्रेटरी अजय भादू और GCC के मुख्य वार्ताकार रजा अल मरजूकी ने दस्तखत किए। भारत और GCC के बीच FTA पर 2006 और 2008 में बातचीत हुई थी, लेकिन बाद में GCC ने सभी देशों से आर्थिक मामलों में बातचीत बंद कर दी थी।

नई दिल्ली में भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) के लिए नियम और शर्तों पर दस्तखत किए गए।

भारत का क्या कहना है?

गोयल ने कहा, 'हमारा द्विपक्षीय व्यापार अभी करीब 179 बिलियन डॉलर का है। मुझे विश्वास है कि GCC देशों को जिन उत्पादों और सेवाओं की जरूरत है, उन्हें हमारे युवा और टैलेंटेड भारतीय उपलब्ध करा सकते हैं, वहीं GCC देश हमें ऊर्जा स्रोतों का दायरा बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।'

इस समझौते से हमारे संबंध और मजबूत होंगे। इनवेस्टमेंट बढ़ाने में मदद मिलेगी। दोनों पक्षों के लिए एनर्जी और फूड सिक्योरिटी को मजबूती मिलेगी। हमारे किसानों को फायदा होगा।
-पीयूष गोयल, वाणिज्य-उद्योग मंत्री

इसलिए अहम है

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

रूस से क्रूड ऑयल की खरीद बंद करने के अमेरिकी दबाव के बीच भारत ने कई देशों से तेल खरीद शुरू की है। सऊदी अरब और कतर जैसे GCC के देशों से पहले से क्रूड ऑयल और LNG की बड़ी खरीद हो रही है। FTA के जरिए एनर्जी सिक्योरिटी बेहतर होगी। भारत के कुल वैश्विक व्यापार में GCC का हिस्सा 15.4% है। पिछले 5 वर्षों में इनसे द्विपक्षीय व्यापार सालाना 15.3% की दर से बढ़ा है।

5 वर्षों में US से कर सकते हैं 500 बिलियन डॉलर की खरीदारी: गोयल

तेज़ी से बढ़ते भारत की ज़रूरतों पर आधारित है अनुमान: मंत्री

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका से व्यापार समझौते के तहत वहां से 500 बिलियन डॉलर की खरीदारी करने की जो बात है, वह देश की बढ़ती जरूरतों के अनुमान पर आधारित है।

पीयूष गोयल

गोयल ने कहा, '2047 में विकसित भारत बनने के लिए जिस तेजी से हम बढ़ रहे हैं, उसे देखते हुए हमें बड़ी मात्रा में एनर्जी, बड़ी संख्या में डेटा सेंटर उपकरण और स्टील उत्पादन की ज्यादा क्षमता जैसी चीजों की जरूरत होगी। अगले कुछ वर्षों में हमारी स्टील उत्पादन क्षमता दोगुनी होकर 30 करोड़ टन होने जा रही है।'

उन्होंने कहा, 'इसे देखते हुए हमने अमेरिका से अपनी जरूरतों का जो आकलन किया, उसके मुताबिक अगले 5 वर्षों में हम कम से कम 500 बिलियन डॉलर की खरीद अमेरिका से कर सकते हैं। जो तमाम ऑर्डर दिए गए हैं, उसके हिसाब से हमारी एयरक्राफ्ट की मौजूदा डिमांड ही करीब 70-80 बिलियन डॉलर की है। इंजन और दूसरे पार्ट्स को जोड़ दें तो यह लगभग 100 बिलियन डॉलर हो जाएगी। डेटा सेंटर्स को बजट में बड़ी रियायत दी गई है। अगर हमें 100-150 बिलियन डॉलर का निवेश डेटा सेंटर में मिले, तो इनके उपकरणों की भी बड़ी जरूरत होगी।'

गोयल ने कहा, 'पिछले साल फरवरी में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर ले जाने की बात तय की थी। उसे हासिल करने के लिए हमें अमेरिका को काफी निर्यात करना होगा और वहां से काफी सोर्सिंग भी होगी।'

'हमारी सप्लाई चेन मजबूत होगी'

कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने कहा, 'अमेरिका से समझौते में हमने जो चीजें खरीदने का वादा किया है, दुनियाभर से उनकी हमारी मौजूदा खरीद 300 बिलियन डॉलर से ज्यादा की है। अगले 5 वर्षों यह खरीदारी 2 ट्रिलियन डॉलर तक हो जाने का अनुमान है। अगर हम अमेरिका से 500 बिलियन डॉलर की खरीदारी कर पाएंगे, तो डायवर्सिफिकेशन बढ़ाने में मदद मिलेगी और हमारी सप्लाई चेन मजबूत होगी। यह एक तरह से भारत के लिए फायदे की बात है।'

अब 200 करोड़ रु. वाली इकाइयां होंगी स्टार्टअप

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सरकार ने स्टार्टअप की परिभाषा का दायरा बढ़ा दिया है। डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड के नियमों के मुताबिक, 10 साल से कम समय की और 100 करोड़ रुपये तक सालाना टर्नओवर वाली इकाइयों को स्टार्टअप्स का दर्जा दिया जाता है। कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्ट्री ने गुरुवार को बताया कि अब 200 करोड़ रुपये तक टर्नओवर की नई इकाइयों को स्टार्टअप का दर्जा मिलेगा।

सरकार ने स्टार्टअप की परिभाषा का दायरा बढ़ाया

संशोधित परिभाषा के तहत डीप टेक स्टार्टअप्स की एक अलग कैटेगरी बनाई गई है। ऐसी इकाइयों के मामले में अब 20 साल तक की और पिछले वित्त वर्ष में 300 करोड़ रुपये तक टर्नओवर वाली इकाइयों को डीप टेक स्टार्टअप माना जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी स्टार्टअप्स का कारोबार मजबूत होने में लगने वाले ज्यादा समय, रिसर्च एंड डिवेलपमेंट की अधिक जरूरत और ज्यादा पैसे की आवश्यकता को देखते हुए इस कैटेगरी में स्टार्टअप्स माने जाने की पात्रता का दायरा बढ़ाया गया है और 10 के बजाय 20 साल तक पुरानी इकाइयों को डीप टेक स्टार्टअप कहा जाएगा। साथ ही, कृषि और संबंधित क्षेत्रों, ग्रामीण उद्योगों और समुद्राय आधारित उद्यमों में इनोवेशन आधारित ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए को-ऑपरेटिव सोसायटीज को भी परिभाषा में शामिल किया गया है।

RBI पॉलिसी से पहले निवेशक सहमे, सेंसेक्स 504 अंक टूटा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों से जारी बढ़त गुरुवार को थम गई। दुनिया भर के बाजारों में मंदी और देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच आरबीआई (RBI) के नीतिगत फैसले से पहले निवेशकों ने सावधानी बरती। इससे सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। मेटल, आईटी और कैपिटल गुड्स के शेयरों में हुई भारी बिकवाली ने भी बाजार का सेंटिमेंट बिगाड़ दिया। सेंसेक्स 503.76 अंक (0.60%) गिरकर 83,313.93 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 133.20 अंक (0.52%) गिरकर 25,642.80 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल, भारती एयरटेल, BEL, ITC, इंफोसिस, रिलायंस, ICICI बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। ट्रेंट, टाटा स्टील, SBI और बजाज फाइनैंस के शेयरों में बढ़त देखी गई।

चांदी 30,300 रु. सस्ती, सोना भी गिरा

दिल्ली में गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त गिरावट देखी गई। चांदी 10 प्रतिशत गिरकर 2.68 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। वहीं, सोना भी लुढ़ककर 1.6 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। ऑल इंडिया जूलर्स असोसिएशन के मुताबिक, चांदी के दाम में 30,300 रुपये (10.16%) की गिरावट आई। अब चांदी (टैक्स रहित) 2,68,000 रुपये प्रति किलो पर बिक रही है। बुधवार को यह 2,98,300 रुपये पर बंद हुई थी। सोने की कीमतों में भी बड़ी गिरावट रही। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 4,500 रुपये सस्ता होकर 1,60,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (टैक्स रहित) पर आ गया।

टाटा मोटर्स और एयरटेल पिछड़े, लाभ में रही LIC

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: टाटा मोटर्स ने गुरुवार को दिसंबर 2025 में खत्म हुई तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी को 3,483 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी ने 5,485 करोड़ का मुनाफा कमाया था।

■ एयरटेल का मुनाफा आधे से भी कम : टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल का मुनाफा तीसरी तिमाही में करीब 55 प्रतिशत गिरकर 6,630.5 करोड़ रुपये रह गया। पिछले साल कंपनी को 14,781.2 करोड़ रुपये का फायदा हुआ था। हालांकि, कंपनी की कुल कमाई (रेवेन्यू) 19.6 प्रतिशत बढ़कर 53,982 करोड़ रुपये पहुंच गई है।

■ LIC के मुनाफे में बढ़त : पब्लिक सेक्टर की बीमा कंपनी LIC का मुनाफा 17 प्रतिशत बढ़कर 12,958 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल यह 11,056 करोड़ रुपये था।

■ IOC का मुनाफा चार गुना बढ़ा : इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) का मुनाफा चार गुना से ज्यादा बढ़कर 12,125.86 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल इसी दौरान कंपनी ने 2,873.53 करोड़ रुपये कमाए थे।

■ फायदे में हिंदुस्तान कॉपर और पीएफसी: पब्लिक सेक्टर की कंपनी हिंदुस्तान कॉपर का मुनाफा दो गुना से ज्यादा बढ़कर 156.30 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, पावर फाइनैंस कॉरपोरेशन (PFC) का मुनाफा भी 6 प्रतिशत बढ़कर 8,211.90 करोड़ रुपये रहा।

मेरा गांव, मेरे पास

UP: बच्चों को वॉट्सऐप से होमवर्क देना बंद करें

गाजियाबाद की घटना के बाद महिला आयोग का निर्देश

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: गाजियाबाद में तीन सगे बहनों की आत्महत्या के बाद राज्य महिला आयोग ने स्कूलों में पांचवीं तक के बच्चों को वॉट्सऐप के जरिए होमवर्क या असाइनमेंट देने पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए आयोग अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने सभी जिलों के डीएम को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि गाजियाबाद की घटना पूरे समाज और शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी है। कोरोना काल में स्कूलों ने मजबूरी में ऑनलाइन पढ़ाई शुरू करवाई थी, लेकिन हालात सामान्य होने पर भी वॉट्सऐप ग्रुप पर होमवर्क और असाइनमेंट दिए जा रहे हैं। इससे बच्चों में मोबाइल की लत बढ़ रही है। आयोग अध्यक्ष ने पत्र में लिखा है कि शिक्षा के नाम पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं है और बच्चों, खासकर बालिकाओं को डिजिटल लत से बचाना समय की मांग है।

सभी डीएम को निर्देश

- अत्यंत विषम या अपरिहार्य परिस्थिति में ही मोबाइल के इस्तेमाल की अनुमति दी जाए।
- सभी शैक्षणिक कार्य क्लास में ही कराए जाएं। बेहद जरूरी हो तभी सीमित होमवर्क दिया जाए।

MP: ट्रेन से गिरे 2 युवकों की मौत

■ भाषा, ग्वालियर: मध्यप्रदेश के ग्वालियर में चलती ट्रेन से गिरकर उत्तर प्रदेश के दो युवकों की मौत हो गई। टबरा नौहटपी चौकी प्रभारी साहब सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान शाहजहांपुर निवासी मोहम्मद अयान (19 वर्ष) और अरबाज (23 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों युवक जोदी एक्सप्रेस में सवार थे और नागपुर से दिल्ली जा रहे थे। सिंह ने बताया कि इन युवकों के साथ तीन अन्य साथी भी थे, जिन्होंने पुलिस से संपर्क कर बताया कि वे दोनों ट्रेन के दरवाजे पर खड़े थे और संभवतः गिरने के कारण उनकी मौत हुई। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया और साथ ही उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

नागपुर से दिल्ली जा रहे थे

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
सरकार सेवा

निविदा सूचना

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, कारवार के क्षेत्रीय रेल प्रबंधक की ओर से वरिष्ठ क्षेत्रीय अभियंता/कारवार द्वारा ireps.gov.in पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। **कार्य का नाम:** के.आरसीएल के कारवार क्षेत्र में पुलों पर क्षतिग्रस्त बेलास्ट रिटेनरों की मरम्मत का कार्य। **निविदा क्रमांक: के-आर-केडब्लू-ओएल-डब्लू-2024-80-आरबी-आरटी3, कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹28,36,754.12/- **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 27.02.2026 को दोपहर 15:00 बजे तक, अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ क्षेत्रीय अभियंता, कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, कारवार के कार्यालय से संपर्क करें। अधिक विवरण के लिए देखें (https://www.ireps.gov.in)

चाइनीज मांझे से होने वाली मौतें हत्या जैसी : योगी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: सीएम योगी आदित्यनाथ ने पतंग में इस्तेमाल किए जा रहे चाइनीज मांझे से होने वाली जानलेवा दुर्घटनाओं पर गंभीर रुख अपनाया है। उन्होंने कहा है कि किसी व्यक्ति की चाइनीज मांझे की वजह से होने वाली मृत्यु हत्या की तरह है। इस तरह के मामलों में संबंधित के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चाइनीज मांझा पूरी तरह प्रतिबंधित है, इसके बावजूद इसकी उपलब्धता गंभीर चिंता का विषय है।

सीएम ने अभियान चला कानूनी कार्रवाई करने के दिए निर्देश

योगी ने शुक्रवार को पुलिस को प्रदेश भर में सघन छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस दौरान चाइनीज मांझे की बिक्री ही नहीं, बल्कि भंडारण और परिवहन पर भी कठोर नजर रखी जाए। अभियान चलाकर चाइनीज मांझे की खरीद-बिक्री से जुड़े नेटवर्क को पूरी तरह तोड़ा जाए। इस अभियान की प्रगति और कार्रवाई की उच्च स्तर पर निर्बाध समीक्षा करें, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि जनता की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। चाइनीज मांझा न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि एक आमजन, बच्चों और पशु-पक्षियों के लिए जानलेवा खतरा भी है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश को इस खतरनाक मांझे से पूरी तरह मुक्त किया जाए।

जिम कॉर्बेट पार्क में मोबाइल बैन

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून : कॉर्बेट पार्क प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद जिम कॉर्बेट पार्क के भीतर मोबाइल ले जाने बैन कर दिया है। इसके तहत मोबाइल फोन कोर जोन में नहीं ले जा सकेंगे। हालांकि, डीएसएलआर कैमरे पर्यटक ले जा सकेंगे पर उसके लिए शुल्क जमा करना होगा। कॉर्बेट पार्क प्रशासन ने सभी जोन में इस आदेश को लागू कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जंगल सफारी के दौरान स्मार्ट फोन का उपयोग नहीं किया जाएगा। वन्यजीवों और पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और जंगल क्षेत्र में शोर और डिजिटल हस्तक्षेप कम करने और प्राकृतिक वातावरण बनाने के लिए पार्क प्रबंधन ने सभी ट्रस्टिट, जो कॉर्बेट जा रहे हैं उनके फोन जमा करने के लिए लॉकर बनाये गये हैं। पार्क में एंट्री के दौरान मोबाइल जमा होंगे और वापसी में मिलेंगे।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद प्रशासन का फैसला

मिंडा कॉर्पोरेशन लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: A-15, अशोक विहार, फेज-I, दिल्ली-110052
सीआईएन: L74899DL1985PLC020401, टेलीफोन: +91-0120 - 4442500
कॉर्पोरेट कार्यालय: D-6-11, सेक्टर – 59, नोएडा – 201301, उत्तर प्रदेश,
ई-मेल: investor@mindacorporation.com, वेबसाइट: www.sparkminda.com

SPARK MINDA
Powered by Passion

31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए समेकित और एकल अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण

₹ (लाख में)

	विवरण	समेकित						एकल					
		तिमाही समाप्त			नौ महीने समाप्त		वर्ष समाप्त	तिमाही समाप्त			नौ महीने समाप्त		वर्ष समाप्त
		31-दिसंबर-25	30-सितंबर-25	31-दिसंबर-24	31-दिसंबर-25	31-दिसंबर-24	31-मार्च-25	31-दिसंबर-25	30-सितंबर-25	31-दिसंबर-24	31-दिसंबर-25	31-दिसंबर-24	31-मार्च-25
		अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अंकेक्षित
1.	परिचालन से कुल आय	1,56,366	1,53,831	1,26,165	4,49,114	3,76,404	5,08,863	1,29,254	1,25,288	1,04,708	3,68,992	3,09,337	4,18,209
2.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर और असाधारण मदों से पहले)	10,062	9,279	9,039	26,414	27,076	33,566	10,035	6,298	7,884	21,735	23,166	27,738
3.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ (असाधारण मदों के बाद कर से पहले)	9,652	9,279	9,039	26,004	27,076	33,566	9,743	6,298	7,884	21,443	23,166	27,738
4.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर के बाद)	8,427	8,464	6,480	23,422	20,334	25,537	7,940	4,699	5,785	16,822	17,212	20,590
5.	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लाभ (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) सहित)	8,552	8,780	6,082	23,887	20,396	25,425	7,946	4,778	5,785	16,907	17,248	20,592
6.	इक्विटी शेयर पूंजी	4,782	4,782	4,782	4,782	4,782	4,782	4,782	4,782	4,782	4,782	4,782	4,782
7.	अन्य इक्विटी	2,47,735	2,39,181	2,11,542	2,47,735	2,11,542	2,15,436	2,11,450	2,03,629	1,84,118	2,11,450	1,84,118	1,86,291
8.	निवल मूल्य	2,52,517	2,43,963	2,16,324	2,52,517	2,16,324	2,20,218	2,16,232	2,08,411	1,88,900	2,16,232	1,88,900	1,91,073
9.	प्रति शेयर आय (प्रत्येक 2/- का) (वार्षिक नहीं)												
	(ए) मूल (₹ में)	3.64	3.60	2.75	10.01	8.64	10.85	3.32	1.97	2.42	7.04	7.20	8.61
	(बी) मंदित (Diluted) (₹ में)	3.58	3.54	2.71	9.86	8.51	10.68	3.32	1.97	2.42	7.04	7.20	8.61
10.	ऋण इक्विटी अनुपात (गुना में)	0.51	0.53	0.39	0.51	0.39	0.61	0.62	0.64	0.44	0.62	0.44	0.73
11.	ऋण सेवा कवरेज अनुपात (गुना में)	0.82	0.85	1.17	1.91	3.07	2.73	0.76	0.63	1.04	1.55	2.63	2.27
12.	ब्याज सेवा कवरेज अनुपात (गुना में)	5.97	5.57	10.68	5.39	11.72	7.84	5.41	4.05	9.54	4.35	10.15	6.64
13.	पूंजी मोचन आरक्षित	1,920	1,920	1,920	1,920	1,920	1,920	1,920	1,920	1,920	1,920	1,920	1,920

टिप्पणियाँ:-

1. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखा परीक्षा समिति द्वारा 05 फरवरी, 2026 को की गई थी और निदेशक मंडल द्वारा उसी तिथि को आयोजित अपनी बैठक में अनुमोदित किए गए थे।
2. उपरोक्त परिणाम भारतीय लेखांकन मानकों (Ind AS) के मान्यता और मापन सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत अधिसूचित और कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 के नियम 3 के साथ पठित है।
3. कंपनी के निदेशक मंडल ने 05 फरवरी, 2026 को आयोजित अपनी बैठक में वर्ष 2025-2026 के लिए प्रति इक्विटी शेयर 0.60 रुपये (30%) (2 रुपये प्रति शेयर अंकित मूल्य) के अंतरिम लाभांश का प्रस्ताव किया है, जो कुल 1,434 लाख रुपये है।
4. उपरोक्त SEBI (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 और 52(4) के अनुसार स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दाखिल किए गए 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए विस्तृत वित्तीय परिणामों का एक उद्धरण है। एकल और समेकित परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट(ओं): www.nseindia.com, www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.sparkminda.com पर उपलब्ध है।"

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 05 फरवरी, 2026

विस्तृत वित्तीय परिणामों के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

निदेशक मंडल की ओर से और उसके लिए
हस्ताक्षर/-
अशोक मिंडा
अध्यक्ष एवं ग्रुप सीईओ

मिंडा कॉर्पोरेशन, स्पार्क मिंडा की एक प्रमुख कंपनी है, जो भारत में एक अग्रणी ऑटोमोटिव घटक निर्माता है और इसकी अखिल भारतीय उपस्थिति और महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय पदचिह्न हैं।

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in